




बालाघाट, सिवनी, गोंदिया एवं भंडारा जिले मे प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 15 जुलाई 2026 | दिन - बुधवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 169 | मूल्य - 5 रुपये














### 03 बुलेट समेत 07 मोटर साइकिल चोरी के मामले मे

# बालाघाट से गोंदिया आकर चोरी करने वाले 03 आरोपियों को गोंदिया पुलिस ने किया गिरफ्तार..

### 3 बुलेट समेत 7 चोरी की मोटरसाइकिल की बरामद..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया जिले की स्थानीय अपराध शाखा (एलसीबी) ने बुलेट मोटर साइकिल चोरी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने गिरोह के कब्जे से 3 रॉयल एनफील्ड बुलेट और 4 अन्य***

मोटर साइकिल सहित कुल 7 चोरी के वाहन, जिनकी अनुमानित कीमत 5 लाख 5 हजार रुपये है, बरामद किए हैं। मामले में मध्यप्रदेश के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक विधि संघर्षरत बालक को भी हिरासत में लिया गया है। पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे के अनुसार, 10 जुलाई 2026 को दासगांव निवासी मनोज दामोदर कटकवार ने रावणवाड़ी थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 9 जुलाई की रात उनके घर के आंगन से उनकी काले रंग की रॉयल एनफील्ड बुलेट चोरी हो गई। इस पर रावणवाड़ी थाने में अपराध क्रमांक 359/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) में मामला दर्ज किया गया।

इसी दिन बरबसपुरा निवासी जयेंद्र भोजराज नागपुरे ने गोंदिया ग्रामीण थाने में शिकायत दर्ज कराई कि 9 जुलाई की रात उनके घर के पोर्च से पीले-भूरे रंग की रॉयल एनफील्ड बुलेट चोरी कर ली गई। इस संबंध में अपराध क्रमांक 392/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 303 (2) में मामला दर्ज किया गया। लगातार हो रही बुलेट चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे के निर्देश तथा स्थानीय अपराध शाखा के पुलिस निरीक्षक रेवचंद सिंगनजुडे के मार्गदर्शन में विशेष जांच टीम गठित की गई। 13 जुलाई को गश्त और तकनीकी विश्लेषण के दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले के भेंडारा, शिवनघाट और फुटारा गांव के कुछ युवक गोंदिया जिले में मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। सूचना के आधार पर स्थानीय अपराध शाखा की टीम ने निखिल सुंदरलाल रहांगडाले (20 वर्ष), निवासी शिवनघाट, तहसील खैरलांजी, जिला बालाघाट (म.प्र.) को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में उसने अपने साथियों रोहित नरेंद्र माने (21 वर्ष), निवासी भेंडारा, वरुण जागेश खुळसाम (21 वर्ष), निवासी फुटारा, एक विधि संघर्षरत बालक, तथा नयन भानुप्रसाद ठाकरे (19 वर्ष), निवासी बल्लारपुर, तहसील लालबर्रा, जिला बालाघाट (म.प्र.) के साथ मिलकर गोंदिया जिले के दासगांव, बरबसपुरा, भोसा (आमगांव), बोरगांव (कवलेवाड़ा), एकोडी सहित अन्य स्थानों से कुल सात मोटरसाइकिल चोरी करने की बात स्वीकार की।

इसके बाद पुलिस ने रोहित नरेंद्र माने और विधि संघर्षरत बालक को डोंगरमाली गांव से हिरासत में लिया। वहीं नयन भानुप्रसाद ठाकरे को उसके गांव बल्लारपुर से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में नयन ने बताया कि उसने गिरोह के सदस्यों से चोरी की सातों मोटरसाइकिल खरीदी थीं। इनमें से चार मोटरसाइकिल उसके घर से तथा तीन मोटरसाइकिल मध्यप्रदेश के भटेरा गांव से बरामद की गईं।

पुलिस ने बताया कि मामले में रोहित नरेंद्र माने, निखिल सुंदरलाल रहांगडाले और नयन भानुप्रसाद ठाकरे को गिरफ्तार कर बरामद वाहनों सहित आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए गोंदिया ग्रामीण थाना पुलिस के हवाले कर दिया है। मामले में एक विधि संघर्षरत बालक के विरुद्ध भी किशोर न्याय अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### इनका रहा सराहनीय योगदान..

गौरतलब है कि गोंदिया जिले के पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे एवं अपर पुलिस अधीक्षक अभय डोंगरे तथा स्थानीय अपराध शाखा के पुलिस निरीक्षक रेवचंद सिंगनजुडे के मार्गदर्शन में की गई। कार्रवाई में सहायक पुलिस निरीक्षक अभिषेक जंगमवार, सहायक पुलिस निरीक्षक अमरदीप खाडे, प्रधान आरक्षक संजय चौहान, दिक्षीतकुमार दमाहे, सुबोधकुमार बिसेन, इंद्रजीत बिसेन, सोमेंद्रसिंह तुरकर, रियाज शेख, भोजराज बहेकार, राजकुमार खोटेले, सुजीत हलमारे, आरक्षक छगन विठ्ठले, राम खंदारे तथा विलेश ठाकरे सहित स्थानीय अपराध शाखा की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।






# निरंतर 65 वर्षो से महिलाओ की पहली पसंद, गोंदिया के लक्की अपैरल्स की मानसून सेल में उमड़ रही भारी भीड़..

### अत्याधुनिक कलेक्शन पर लक्की अपैरल्स में मिल रही 20 से 50 प्रतिशत छुट









जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया भले ही कभी तहसील मात्र के दर्जे में समाहित रहा हो, लेकिन गोंदिया ने व्यापार नगरी के रुप में संपूर्ण मध्यभारत में ख्याति अर्जीत की। विशेष रुप से गोंदिया में गोरेलाल चौक, मेन रोड स्थित 65 वर्ष पूरानी प्रतिष्ठित फर्म लक्की अपैरल्स ने कपड़ों की***

विभिन्न श्रेणियों में उच्च ब्रांड और अत्याधुनिक कलेक्शन की जो सौगातें न्यूनतम दरों पर ग्राहकों को दी, उसका परिणाम है कि गोंदिया के लक्की अपैरल्स में खरीदी के लिये ना सिर्फ गोंदिया शहर, अपितु संपूर्ण गोंदिया जिले के साथ ही बालाघाट, भंडारा, नागपुर, राजनांदगांव आदि अनेक जिलों के लोगों का भी शॉपिंग के लिये आना जाना लगा रहता है। कपड़ों की श्रेष्ठ क्वालिटी के साथ ही गुणवत्तापूर्ण अत्याधुनिक कलेक्शन को प्राथमिकता देने का सिलसिला जो लक्की अपैरल्स ने बरकरार रखा है, उसका परिणाम है कि प्रतिवर्ष बारह महीने लक्की अपैरल्स में ग्राहकों की भीड़ नजर आती है, तो वहीं जैसे ही लक्की अपैरल्स ने मानसुन सेल की घोषणा कर अत्याधुनिक स्टॉक पर 20 से 50 प्रतिशत की छुट की घोषणा की, विशेषकर महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ रही है।

### बोले विजय टहलयानी..

गोंदिया में मेन रोड गोरेलाल चौक पर स्थित लक्की अपैरल्स के संचालक विजय टहलयानी ने जगप्रेरणा को बताया कि प्रतिवर्ष वे मानसुन के अवसर पर ग्राहकों के लिये सेल भी लगाते हैं। इस सेल में साड़ी, घाघरा चुन्नी, लाचा, इंडो वेस्टर्न आदि परिधानों पर 20 से 50 प्रतिशत तक की छुट दी जा रही है। श्री टहलयानी ने बताया कि ग्राहकों का बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है, तथा इस सीजन में लोग भविष्य में संभावित वैवाहिक कार्यक्रमों के लिये भी पहले से खरीदी कर तैयारियों को अंजाम दे रहे हैं, जिससे उनके समय और धन की भी बचत हो रही है।

# ईरान और अमेरिका के हमले तेज; तेहरान ने बहरीन, जॉर्डन और तेल टैंकरों को निशाना बनाया..

**दुबई, (एपी)।**

अमेरिका ने मंगलवार तड़के ईरान पर हवाई हमले किए। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के बंदरगाहों पर अमेरिकी नाकेबंदी फिर से लागू करने और होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित गुजरने वाले जहाजों से शुल्क वसूलने की घोषणा के कुछ घंटे बाद ये हमले किये गए। अमेरिकी सैन्य हमले के जवाब में ईरान ने पश्चिम एशिया में अमेरिका के सहयोगियों पर हमला कर पलटवार किया।

इन कार्रवाइयों से उस अंतरिम समझौते पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं, जिसका उद्देश्य संघर्ष को रोकना, वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए बेहद महत्वपूर्ण जलमार्ग को फिर से खोलना और वार्ताकारों को युद्ध के स्थायी अंत के लिए तौर-तरीके तय करने का समय देना था। इसके बजाय, क्षेत्र में एक बार फिर संघर्ष भड़क उठा है, जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था पर खतरा मंडराने लगा है। यदि जल्द ही कोई कूटनीतिक समाधान नहीं निकाला गया, तो यह स्थिति एक व्यापक युद्ध में बदल सकती है। अब इस संघर्ष का मुख्य केंद्र यह (होर्मुज) जलडमरूमध्य बन गया है, जहां से सामान्य दिनों में दुनिया के कुल व्यापार वाले कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का पांचवां हिस्सा गुज़रता था। अंतरिम समझौते का उद्देश्य इस जलमार्ग को फिर से खोलना था, लेकिन ईरान ने जलडमरूमध्य से गुजरने वाले कुछ जहाजों पर हमले किए हैं। अमेरिका ने अब बलपूर्वक इस जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की धमकी दी है–लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि इसके लिए एक बहुत बड़े नौसैनिक बेड़े की आवश्यकता होगी, और यदि ऐसा नहीं हुआ तो ईरानी धरती पर हजारों अमेरिकी सैनिकों को उतारना पड़ेगा। हालांकि, यह भी संभव है कि ट्रंप अपने कदम पीछे खींच लें, जैसा कि उन्होंने पहले भी किया है। अमेरिकी सेना की केंद्रीय कमान ने कहा कि उसने ईरान के कई इलाकों में हमले किए हैं। इन हमलों में 'तटीय रक्षा प्रणालियों, मिसाइल और ड्रोन ठिकानों तथा समुद्री क्षमताओं'' को निशाना बनाया गया। ईरान ने इन हमलों की पुष्टि तो की है, लेकिन फिलहाल हताहतों की संख्या या नुकसान का कोई आकलन जारी नहीं किया। अमेरिकी सेना ने कहा, ''ये हमले ईरानी बलों को भारी नुकसान पहुंचाना जारी रखेंगे और होर्मुज जलडमरूमध्य में निर्दोष नागरिकों तथा व्यावसायिक जहाजों पर हमला करने की उनकी क्षमता को कमज़ोर कर देंगे।'' इसके जवाब में ईरान ने बहरीन, जॉर्डन और उन तीन तेल टैंकरों को निशाना बनाया, जो होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजर रहे थे। इनमें से दो जहाज संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से संबद्ध थे और उनमें आग लग गई। संयुक्त अरब अमीरात के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि 'मोम्बासा' और 'अल बहिया' नामक तेल टैंकरों पर हमले में एक नाविक की मौत हो गई, जबकि आठ अन्य घायल हुए हैं। संयुक्त अरब अमीरात ने इस हमले का जवाब देने की चेतावनी दी है। बाद में डच नौवहन कंपनी 'स्टोल्ट टैंकर्स' ने बताया कि उसका एक जहाज अरब सागर में ओमान के तट के पास हमले की चपेट में आ गया। हमले के कारण 'स्टोल्ट मैग्नीशियम' जहाज के इंजन कक्ष में आग लग गई, लेकिन कंपनी ने कहा कि जहाज पर मौजूद सभी नाविक सुरक्षित हैं और उनकी स्थिति की पुष्टि कर ली गई है। ईरान के अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड ने कहा कि मोम्बासा और अल बहिया जहाजों ने 'बार-बार दी गई चेतावनियों को नजरअंदाज किया।'









# एवीजे एथेनॉल प्लांट के मालिक सहित सभी फरार आरोपियो को पकड़कर लाएंगे सामने, डबल मनी के आरोपी सोमेन्द्र को भी पकड़ने मे मिलेगी सफलता..

## बालाघाट पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने प्रे कॉन्फ्रेंस मे किया खुलासा..




जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट के पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने पुरे प्रदेश भर में चर्चित एथेनॉल प्लांट घोटाले के मामले में आज प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर पत्रकारों को जानकारी दी, एवं डबल मनी के मामले में भी मुख्य आरोपी सोमेन्द्र कंकरायने को गिरफ्तार करने के प्रयासों की भी बात कही।***

प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस अधीक्षक श्री मिश्रा ने कहा कि एथेनॉल प्लांट घोटाले में जिस तरह से इसे प्रचारित किया जा रहा है, वह प्रदेश व्यापी उतना बड़ा घोटाला नहीं है, बल्कि फिलहाल हम जो जांच कर रहे हैं, उसमें एवीजे एथेनॉल प्लांट जिससे कि संचेती राईस मिल को चांवल सप्लाई किया गया था, तथा एवीजे एथेनॉल प्लांट द्वारा और किन किन राईस मिलों को एफसीआई से चांवल खरीदकर बेचा गया, इसकी जांच की जा रही है, तथा अनेक राईस मिलों और उनके कर्मचारियों के बयान लेकर तथा बयानों को क्रॉस वेरिफिकेशन करते हुए मामले की तह तक जाने का प्रयास किया जा रहा है, तथा अब तक कुल 13 लोगों को इस मामले में आरोपी बनाया गया है, जिसमें एवीजे एथेनॉल प्लांट के मालिक भी शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने बताया कि छिंदवाड़ा के एवीजे एथेनॉल प्लांट (बोरगांव) के मालिक पिता-पुत्र के अलावा सिवनी के नंदगोपाल राइस मिल के संचालक सोनू जैन को भी आरोपी बनाया गया है, और यह भी फिलहाल फरार है।

### 5429 मीट्रिक टन चावल की कि गई हेराफेरी..

पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह भी बताया कि प्रदेश स्तर पर इस घोटाले को प्रचारित किया गया है, जिस पर भारतीय खाद्य निगम ने अपनी रिपोर्ट में सिर्फ बालाघाट में घटित मामले की पुष्टि की है, वहीं हमारा कार्य क्षेत्र भी बालाघाट जिले से संबंधित है, इसलिये इस मामले में हमने पिछले 6 से 8 महीनों के दौरान बालाघाट जिले के एफसीआई और सीडब्ल्यूसी गोदामों से एवीजे एथेनॉल प्लांट को सप्लाई किए गए चावल के रिकॉर्ड की जांच करने का प्रयास किया है। हमें अब तक 5429 मीट्रिक टन चावल की हेराफेरी से जुड़े पुख्ता दस्तावेज मिले हैं। आंकड़ों के मुताबिक, इस घोटाले में करीब 12.5 करोड़ रुपए की सरकारी कीमत का चावल शामिल है। जांच में हम एवीजे प्लांट को मध्य प्रदेश के अन्य जिलों से एथेनॉल बनाने के नाम पर भेजे गए चावल की सप्लाई की भी कड़ाई से जांच कर रहे हैं।

### अन्य प्लांट की शिकायत भी मिलेगी तो करेंगे कार्यवाही..

बालाघाट जिले में स्थित दो एथेनॉल प्लांट की जांच की मांग के संदर्भ में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि फिलहाल कोई पुख्ता शिकायत हमारे पास नहीं आई है, इसलिये रिकार्ड और जांच के आधार पर कार्यवाही की जा रही है।

### फरार आरोपियो को पकड़ने के प्रयास जारी..

पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने आगे कहा कि यह पूरा मामला 3 जून को हमारे सामने आया था और 5 जून को इस पर एफआईआर दर्ज की गई थी। मामले में गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) के 20 से 25 सदस्यीय दल ने अब तक 20 ट्रकों को जब्त किया है, तथा चार आरोपियों में दुर्गेश शेंडे (संचेती राइस मिल का ट्रक चालक), राहुल प्रताप (एवीजे एथेनॉल प्लांट का प्रतिनिधि), राकेश श्रीवास्तव (सुपरवाइजर), उबेद खान (सिवनी का ट्रांसपोर्टर) जिसे पुलिस ने पकड़ा है। मामले के अन्य आरोपी फिलहाल पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं, जिनकी तलाश में टीमें प्रयासरत है, जल्द ही फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### डबल मनी केस का आरोपी सोमेन्द्र कंकरायने भी होगा गिरफ्तार..

पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने एथेनॉल मामले के अलावा पत्रकारों को डबल मनी मामले के मुख्य आरोपी सोमेन्द्र कंकरायने की गिरफ्तारी के संदर्भ में भी कहा कि सोमेन्द्र कंकरायने को गिरफ्तार करने के प्रयास पूर्व से ही जारी है। हमें विश्वास है कि जल्द ही हम सोमेन्द्र को भी पकड़कर ले आएंगे।

# बालाघाट के ईतवारी बाजार में जर्जर दुकान को किया गया ध्वस्त,..

## जनसुरक्षा के मद्देनजर नगर पालिका की कार्रवाई..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट शहर के ईतवारी बाजार क्षेत्र में स्थित एक जर्जर दुकान को मंगलवार, 14 जुलाई को नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से ध्वस्त (डिस्मेंटल) किया गया।***

यह कार्रवाई पूर्व में जारी किए गए नोटिस के पालन में नगर पालिका के अमले द्वारा की गई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री सूर्यप्रकाश उके ने बताया कि संबंधित भवन मालिक को जर्जर दुकान को हटाने के लिए पहले ही नोटिस जारी किया गया था। भवन की स्थिति अत्यंत खराब होने के कारण आम नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इसे मशीनों की सहायता से डिस्मेंटल किया गया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशानुसार जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में ऐसे सभी जर्जर भवनों की पहचान की जा रही है, जिनसे जनहानि की आशंका है। चिन्हित भवनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उन्हें चरणबद्ध तरीके से हटाया जाएगा, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। नगर पालिका बालाघाट ने भवन स्वामियों से भी अपील की है कि यदि उनकी इमारतें जर्जर अवस्था में हैं, तो उन्हें समय रहते सुरक्षित कराएं अथवा स्वयं हटाने की कार्रवाई करें, जिससे आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# जिला न्यायालय परिसर सहित छह न्यायालय परिसरों की सफाई एवं उद्यान रख रखाव के लिए निविदाएं आमंत्रित..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बालाघाट द्वारा जिला न्यायालय परिसर, परिवार न्यायालय परिसर बालाघाट तथा तहसील न्यायालय वारासिवनी, बैहर, कटंगी एवं लांजी परिसरों में यांत्रिक सफाई (मैकेनाइज्ड क्लीनिंग) एवं उद्यान/पौधरोपण के रखरखाव कार्य के लिए प्रतिष्ठित एवं अधिकृत एजेंसियों से ऑनलाइन***

निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। निविदाएं मध्य प्रदेश शासन के ई-टेंडर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन स्वीकार की जाएंगी। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त 2026 सायं 5:00 बजे निर्धारित की गई है। प्राप्त निविदाओं को 25 अगस्त 2026 को सायं 5:00 बजे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कार्यालय, बालाघाट में खोला जाएगा। निविदा प्रक्रिया से संबंधित प्री-बिड बैठक 13 अगस्त 2026 को सायं 5:00 बजे जिला न्यायालय, बालाघाट में आयोजित होगी, जिसमें इच्छुक एजेंसियां भाग लेकर निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकेंगी। निविदा की विस्तृत शर्तें एवं अन्य आवश्यक जानकारी मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश शासन के ई-टेंडर पोर्टल तथा जिला न्यायालय, बालाघाट की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई हैं। इच्छुक एवं पात्र एजेंसियों से निर्धारित समय-सीमा के भीतर ऑनलाइन आवेदन करने का आग्रह किया गया है।

### क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन..

जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन मे प्रकाशित किये जाते है। कृपया संपर्क करे.. मो. 9329033433

## 15 जुलाई को जिला पंचायत की कृषि समिति की बैठक..

**जगप्रेरणा बालाघाट।** आगामी 15 जुलाई को जिला पंचायत की कृषि समिति की बैठक का आयोजन किया गया है। समिति के सभापति श्री टामेश्वर पटले की अध्यक्षता में आयोजित समिति की यह बैठक जिला पंचायत कार्यालय सभाकक्ष में दोपहर 01 बजे से प्रारंभ होगी। इस बैठक में कृषि विभाग एवं आत्मा परियोजना के कार्यों की समीक्षा की जायेगी। इसके साथ ही उद्यानिकी, मत्स्योद्योग, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के कार्यों एवं योजनाओं की भी समीक्षा की जायेगी। समिति के सभी सदस्यों एवं संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के लिए सूचित कर दिया गया है।




## एनआई एक्ट के लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए 18 जुलाई को लगेगी विशेष लोक अदालत

**जगप्रेरणा बालाघाट।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट श्री प्राणेश कुमार प्राण के मार्गदर्शन में 18 जुलाई 2026 को जिले में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान जिला न्यायालय बालाघाट एवं तहसील न्यायालय लांजी, कटंगी और वारासिवनी में परक्राम्य लिखत अधिनियम (एनआई एक्ट) की धारा 138 के लंबित प्रकरणों का आपसी समझौते के आधार पर शीघ्र निराकरण किया जाएगा।

विशेष लोक अदालत की तैयारियों के तहत न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं संबंधित पक्षकारों के साथ प्री-सिटिंग बैठकें आयोजित की गईं। बैठकों में अधिक से अधिक लंबित प्रकरणों को विशेष लोक अदालत में रेफर कर आपसी सहमति से उनका निराकरण कराने की रणनीति पर चर्चा की गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने अधिवक्ताओं से अपील की है कि वे पक्षकारों को लोक अदालत के लाभों की जानकारी देकर उन्हें समझौते के माध्यम से विवादों के शीघ्र समाधान के लिए प्रेरित करें, जिससे समय और धन दोनों की बचत हो सके। इसके अलावा विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधकों की बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें एनआई एक्ट की धारा 138 से संबंधित लंबित प्रकरणों का अधिक से अधिक संख्या में समझौते के आधार पर निराकरण कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने संबंधित पक्षकारों से विशेष लोक अदालत का लाभ उठाकर अपने लंबित मामलों का सौहार्दपूर्ण एवं त्वरित निराकरण कराने की अपील की है।












विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# जब व्यवस्था सोती रही, तब ग्रामीणों ने संभाली जिम्मेदारी

**बच्चों की सुरक्षा के लिए चक्की खमरिया-सिमरिया मार्ग को श्रमदान से किया गड्ढामुक्त..**

### किसानों, स्कूल प्रबंधन और पंचायत ने मिलकर पेश की मिसाल..




**जगप्रेरणा सिवनी।**

***कुरई जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत चक्कीखमरिया से सिमरिया तक जाने वाले जर्जर मार्ग पर प्रशासनिक उदासीनता के बीच ग्रामीणों ने***

जनसहभागिता की मिसाल पेश करते हुए श्रमदान से सड़क को गड्ढामुक्त कर दिया। प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे, किसान और ग्रामीण इसी मार्ग से आवागमन करते हैं। सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटना का खतरा बना रहता था और बच्चों को स्कूल पहुंचने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

लंबे समय से सड़क की मरम्मत नहीं होने और संबंधित विभागों की ओर से कोई पहल नहीं किए जाने पर चक्की खमरिया के किसानों ने स्वयं आगे बढ़कर अपने खर्च पर ट्रैक्टर लगाकर सड़क सुधार का कार्य शुरू किया। इस अभियान में सिमरिया ग्राम पंचायत की सरपंच ने जेसीबी मशीन उपलब्ध कराई, जिससे मरम्मत कार्य तेजी से पूरा हो सका। जनहित के इस कार्य में सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य विनोद चौरसिया ने आर्थिक सहयोग प्रदान किया, जबकि पंडित जवाहरलाल नेहरू हाई सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य अखिलेश तिवारी ने भी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर सहयोग दिया। चक्की खमरिया ग्राम पंचायत के सरपंच ने भी अपना निजी ट्रैक्टर लगाकर इस अभियान में महत्वपूर्ण योगदान दिया। ग्रामीणों ने कहा कि यदि प्रशासन और जनप्रतिनिधि समय पर सड़क की मरम्मत कराते तो उन्हें स्वयं यह जिम्मेदारी नहीं उठानी पड़ती। बच्चों की सुरक्षा और आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उन्होंने अपने संसाधनों और श्रम से सड़क को चलने योग्य बनाया।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि चक्की खमरिया-सिमरिया मार्ग का शीघ्र स्थायी निर्माण कराया जाए, ताकि भविष्य में बच्चों, किसानों और आम लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। उनका कहना है कि जनसहभागिता से फिलहाल समस्या का अस्थायी समाधान हो गया है, लेकिन स्थायी राहत केवल गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण से ही मिलेगी।

### ग्रामीणों का है कहना..

'बच्चों की सुरक्षा सबसे पहले है। जब जिम्मेदार विभाग आगे नहीं आए, तब गांव ने स्वयं जिम्मेदारी निभाई। अब प्रशासन को स्थायी समाधान सुनिश्चित करना चाहिए।'

# कुकिंग प्रतियोगिता में रसोईयों ने किया अपनी पाक कला का प्रदर्शन

### सरिता चौहान ने जीता प्रथम पुरस्कार, भोजन की गुणवत्ता बढ़ाने का दिया गया प्रशिक्षण..




**जगप्रेरणा सिवनी।**

***पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत जनपद स्तरीय कुकिंग कंपटीशन जनपद पंचायत सिवनी के सभा कक्ष में आयोजित किया गया।***

इस कार्यक्रम में शासकीय शालाओं में भोजन बनाने वाले 38रसोइयों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य भोजन में गुणवत्ता सुधार करना, पौष्टिक एवं स्वच्छ भोजन तैयार करने की जानकारी देना एवं रसोइयों के पाक कौशल का विकास करना था। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने शालाओं में परोसे जाने वाले मीनू के अनुसार भिन्न-भिन्न प्रकार के व्यंजन स्वयं अपने घर से तैयार कर ले गए जिसे कार्यक्रम स्थल में बहुत ही सलीके से अपनी -अपनी थालियों में प्रदर्शित किया गया। किसी ने मक्के की रोटी तो किसी ने अंकुरित अनाजों से अपनी थाली को सजाया ।

निर्णायक समिति द्वारा विभिन्न सात मानकों के आधार पर अवलोकन किया गया। जिसमें श्री लोकेश साहू मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिवनी की अध्यक्षता में सदस्य श्री सचेन्द्र मिश्रा विकासखंड स्त्रोत समन्वयक जनपद शिक्षा केंद्र सिवनी, टास्क मैनेजर श्रीमती अमृता चौधरी, क्वालिटी मॉनिटर श्रीमती नीलम विश्वकर्मा, पोषण विशेषज्ञ श्रीमती अलका शर्मा, श्रीमती कल्पना उपाध्याय, श्रीमती अल्पा शर्मा शामिल रहे जिन्होंने गहनता से समस्त प्रतिभागियों का निरीक्षण एवं भोजन चखकर विजेता रसोइयों का चयन किया गया। साथ ही विभिन्न प्रकार के प्रश्नों के माध्यम से रसोइयों की पोषण संबंधित जानकारी का भी आँकलन किया गया।

प्रथम पुरस्कार 5000 रू. श्रीमती सरिता चौहान शासकीय माध्यमिक शाला कटिया, द्वितीय दो पुरस्कार 3000,रू. प्रत्येक विजेताओं श्रीमती काशी सूर्यवंशी जनता नगर एवं श्रीमती छाया सोनी अंबेडकर वार्ड सिवनी, तृतीय तीन पुरस्कार प्रत्येक विजेताओं को 2000रू. श्रीमती ज्योति बाई परासिया, श्रीमती सुनीला विश्वकर्मा कातलबोडी एवं श्रीमती दुर्गा कुमरे पीएम श्री भोमा तथा तीन सांत्वना पुरस्कार प्रत्येक विजेताओं को 1000रू. श्रीमती चंद्रकुमारी पगारे गोरखपुर खुर्द, श्रीमती कन्याकुमारी उईके समनापुर एवं श्रीमती रामप्यारी बरकडे कन्या भोमा को प्रदान किया गया। साथ-साथ सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिवनी लोकेश साहू द्वारा सभी प्रतिभागियों को कार्यक्रम में सहभागिता करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। श्रीमती अमृता चौधरी टास्क मैनेजर जिला पंचायत सिवनी द्वारा रसोइयों को भोजन की पौष्टिकता एवं गुणवत्ता बढ़ाने के सुझाव दिए गए तथा खाद्यान्न को संरक्षित रखना एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने को लेकर प्रशिक्षित भी किया गया। कपिल बघेल वरिष्ठ बीएसी जनपद शिक्षा केंद्र सिवनी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# दादा गुरु भैया जी सरकार के कर-कमलों से हुआ नर्मदा सेवा आश्रम का भूमि पूजन..

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें मो. 9329033433



**जगप्रेरणा कहानी।**

***नगर में नर्मदा सेवा समिति के प्रस्तावित नर्मदा सेवा आश्रम निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। लगभग दो वर्ष पूर्व कहानी निवासी नेमा परिवार द्वारा***

नर्मदा सेवा समिति को दान स्वरूप प्रदान की गई भूमि एवं कच्चे भवन पर मंगलवार को दादा गुरु भैया जी सरकार के कर-कमलों से विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन संपन्न हुआ। जानकारी के अनुसार, नर्मदा सेवा समिति लंबे समय से इस भूमि पर नर्मदा सेवा आश्रम के निर्माण की योजना पर कार्य कर रही थी। इसी उद्देश्य से समिति ने दादा गुरु भैया जी सरकार से भूमि पूजन कराने का आग्रह किया था। अपने पूर्व निर्धारित धार्मिक अनुष्ठान के तहत पलारी जाते समय भैया जी सरकार ने समिति के आग्रह को स्वीकार करते हुए कहानी पहुंचकर भूमि पूजन संपन्न कराया। दादा गुरु के नगर आगमन पर नगर सीमा से ही ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी एवं 'नर्मदे हर' के जयघोष के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं के साथ शोभायात्रा मुख्य मार्ग से होती हुई निर्माण स्थल तक पहुंची, जहां विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमि पूजन कराया गया।

भूमि पूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, नर्मदा सेवा समिति के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं नगरवासी उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा। नर्मदा सेवा समिति ने बताया कि भूमि पूजन के साथ ही आश्रम निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है तथा शीघ्र ही दान में प्राप्त भूमि पर नर्मदा सेवा आश्रम का निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। समिति का उद्देश्य इस आश्रम को नर्मदा परिक्रमा यात्रियों, संत-महात्माओं एवं धार्मिक-सामाजिक सेवा कार्यों का प्रमुख केंद्र बनाना है।

# शहर के स्पीड ब्रेकरों पर दुर्घटनाओं से बचने के लिए पेंट किया जावे - भाकपा

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***नगर पालिका सिवनी द्वारा सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए शहर की सड़कों पर जगह-जगह स्पीड ब्रेकर बनाए गए हैं***

परंतु इस पर पेंट नहीं करने से वे वाहन चालकों को एकाएक दिखाई नहीं देते हैं जिससे वहां पर बैठने वाले लोग डगमगा जाते हैं जिससे सड़क दुर्घटनाएं बढ़ाने की संभावनाएं बढ़ जाती है।

नगर पालिका प्रशासन एवं जिला प्रशासन से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव ओम प्रकाश बोर्ड सहित डीडी वासनिक डॉ बी सी ओके राजेंद्र जैसवाल तीरथ प्रसाद गजभिए किरण प्रकाश राहुल कुमार यीशु प्रकाश गेंदलाल भलावी धनीराम बंडेवार इरफान पठान पवन कुमार सनोदिया अंगद सिंह बघेल आदि ने नगर पालिका अध्यक्ष नगर पालिका प्रशासन और जिला प्रशासन से मांग की है कि जहां-जहां स्पीड ब्रेकर बनाए गए हैं।

उन सभी पर सफेद पेंट करके उन्हें ऐसा बनाया जावे की वह हर वाहन चालक को स्पष्ट रूप से दिखाई दे जिससे संभावित सिवनी शहर में सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

# शिवानी ताराम बनीं सहकारिता विभाग सिवनी की नई अंकेक्षण अधिकारी..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

***मध्य प्रदेश शासन के सहकारिता विभाग द्वारा प्रशासनिक सेवा में एक महत्वपूर्ण पदोन्नति की गई है। इसके तहत सहकारिता जिला सिवनी में पदस्थ***

वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक श्रीमती शिवानी ताराम को पदोन्नत कर अंकेक्षण अधिकारी **(Audit Officer)** बनाया गया है। पदोन्नति आदेश जारी होने के तुरंत बाद उन्होंने 14 जुलाई 2026 (पूर्वाह्न) को उन्होंने नए पद का कार्यभार भी ग्रहण कर लिया है।

### मंत्रालय के आदेश पर हुई पदोन्नति..

प्राप्त जानकारी के अनुसार म.प्र. शासन, सहकारिता विभाग, मंत्रालय (भोपाल) द्वारा जारी आदेश क्रमांक 1/13/0004/2026-**Sec-2-15 (COP)** दिनांक 14 जुलाई 2026 के अनुपालन में यह कार्रवाई की गई है। इस आदेश के सरल क्रमांक 53 पर श्रीमती शिवानी ताराम को वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक के पद से अंकेक्षण अधिकारी के पद पर पदोन्नत किया गया है।

### वर्तमान कार्यालय में ही संभाला कार्यभार..

शासन के निर्देशों और आदेश की कंडिका 4 के अनुसार, नवीन पदस्थापना आदेश जारी होने तक पदोन्नत शासकीय सेवक को वर्तमान कार्यालय में ही उच्च पद का कार्यभार ग्रहण करना था। इसी निर्देश के तहत श्रीमती शिवानी ताराम ने आज सहकारिता जिला सिवनी के उपायुक्त को पत्र सौंपकर विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण करने की सूचना दी है।

# कान्हीवाड़ा थाना प्रभारी संतोष पंद्रे को मिला प्रमोशन, बने डीएसपी..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

***जिला पुलिस बल में लंबे समय से अपनी उत्कृष्ट सेवाएं दे रहे कान्हीवाड़ा थाना प्रभारी संतोष पंद्रे का प्रमोशन हो गया है। विभागीय पदोन्नति के तहत उन्हें अब***

डीएसपी (उप पुलिस अधीक्षक) के पद पर प्रमोट किया गया है। उनके प्रमोशन की खबर मिलते ही विभाग और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

### विभागीय स्तर पर मिली बधाई..

संतोष पंद्रे को डीएसपी बनाए जाने पर पुलिस अधीक्षक **(SP)** सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारियों, सहकर्मियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उन्हें बधाई दी है।

### कर्तव्यनिष्ठ कार्यशैली..

कान्हीवाड़ा थाने में पदस्थापना के दौरान उन्होंने कानून व्यवस्था बनाए रखने और जन-सुनवाई को सुगम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपने सौम्य व्यवहार और त्वरित न्याय प्रणाली के कारण वे क्षेत्र की जनता के बीच काफी लोकप्रिय रहे हैं।

### नई जिम्मेदारी के लिए तैयार..

पदोन्नति के बाद अब वे जल्द ही नए पद **(DSP)** का कार्यभार संभालेंगे। इस अवसर पर संतोष पंद्रे ने वरिष्ठ अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे नई जिम्मेदारी को भी पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे।

# प्रतिवर्ष की परंपरा निभाते हुए आज गौघाट धाम में होगा वृक्षारोपण..

### प्रकृति प्रेमियों से सहभागिता की अपील

**जगप्रेरणा कान्हीवाड़ा।**

प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला वृक्षारोपण कार्यक्रम इस वर्ष भी 15 जुलाई को सुबह 8 बजे कान्हीवाड़ा के समीप स्थित धार्मिक स्थल गौघाट धाम में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर सभी प्रकृति एवं पर्यावरण प्रेमियों से उपस्थित होकर पौधरोपण अभियान में सहभागिता करने की अपील की गई है।

गौघाट यज्ञ समिति के संरक्षक श्रीराम ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि गौघाट धाम में वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत 29 मई 2017 को हुई थी, जो पिछले नौ वर्षों से निरंतर जारी है। उन्होंने बताया कि वे महापुरुषों की जयंती, धार्मिक पर्व, गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस, विश्व पर्यावरण दिवस तथा अपने परिवार के सदस्यों के जन्मदिवस जैसे विशेष अवसरों पर नियमित रूप से पौधरोपण करते आ रहे हैं। इसी क्रम में प्रतिवर्ष 15 जुलाई को गौघाट धाम में विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। श्री ठाकुर ने बताया कि गौघाट धाम में अब तक अनेक प्रजातियों के छायादार एवं फलदार पौधे लगाए जा चुके हैं, जिनमें जाम, जामुन, आम और नींबू सहित विभिन्न प्रजातियों के वृक्ष शामिल हैं।

इन पौधों का संरक्षण भी लगातार किया जा रहा है और कई वृक्ष अब फल देने लगे हैं, जिससे क्षेत्र की हरियाली और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि उनका वृक्षारोपण अभियान केवल गौघाट धाम तक सीमित नहीं है, बल्कि वे अन्य स्थानों पर भी समय-समय पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते रहे हैं। उन्होंने सभी नागरिकों, युवाओं एवं सामाजिक संगठनों से 15 जुलाई को सुबह 8 बजे गौघाट धाम पहुंचकर अधिक से अधिक संख्या में पौधरोपण कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

# मोहगांव सड़क पर एन 44 से अतिक्रमण हटाने के लिए दुकानदारों ने मांगा एक सप्ताह का समय..

### एनएचएआई की कार्रवाई से पहले करीब 40 दुकानदारों ने दिया लिखित आश्वासन, 21 जुलाई से हटेगा अतिक्रमण..




**जगप्रेरणा सिवनी।**

***नेशनल हाईवे-44 स्थित मोहगांव सड़क पर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) की भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की***

कार्रवाई फिलहाल एक सप्ताह के लिए टाल दी गई है। सोमवार को एनएचएआई की टीम जेसीबी, डंपर एवं अन्य संसाधनों के साथ अतिक्रमण हटाने पहुंची थी। बताया गया कि हाईवे की भूमि पर करीब 40 दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण किया गया है। कार्रवाई शुरू होने से पहले दुकानदारों ने अधिकारियों को लिखित आवेदन देकर सात दिन का समय मांगा और आश्वासन दिया कि वे 20 जुलाई 2026 तक स्वयं अपना अतिक्रमण हटा देंगे।

मामले में कुरई जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया के हस्तक्षेप और निवेदन के बाद एनएचएआई अधिकारियों ने दुकानदारों को 7 दिनों की मोहलत देने पर सहमति जताई। दुकानदारों द्वारा दिए गए लिखित आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि यदि निर्धारित समय सीमा तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो 21 जुलाई 2026 को सुबह 10 बजे से भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान दुकानों में रखे सामान की पूरी जिम्मेदारी स्वयं दुकानदारों की होगी।

एनएचएआई ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित अवधि के बाद बिना किसी अतिरिक्त सूचना के कार्रवाई की जाएगी। दुकानदारों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया है।

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

# अब हर मंगलवार होगी विद्युत उपभोक्ताओं की जनसुनवाई..

**शिकायतों का होगा त्वरित निराकरण..**

**जगप्रेरणा सिवनी।**

मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए नियमित जनसुनवाई आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। संभाग सिवनी के कार्यपालन अभियंता श्री सुभाष राय ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य विद्युत संबंधी प्राप्त शिकायतों का तत्काल पंजीयन, समयबद्ध निराकरण तथा आवश्यकतानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करना है, जिससे उपभोक्ताओं को बेहतर एवं सुगम सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक मंगलवार प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक जिले के सभी विद्युत वितरण केंद्रों में जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। जनसुनवाई के दौरान संबंधित वितरण केंद्रों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे तथा उपभोक्ताओं की शिकायतों का मौके पर निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा। यदि निर्धारित मंगलवार को शासकीय अवकाश रहेगा, तो जनसुनवाई अगले कार्य दिवस में आयोजित की जाएगी।

मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने जिले के सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे विद्युत आपूर्ति, बिजली बिल, नवीन विद्युत कनेक्शन, मीटर संबंधी समस्याओं तथा अन्य विद्युत सेवाओं से जुड़ी शिकायतों के समाधान के लिए प्रत्येक मंगलवार अपने संबंधित वितरण केंद्र कार्यालय में उपस्थित होकर शिकायत दर्ज कराएं। इससे समस्याओं का शीघ्र एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जा सकेगा।

कार्यपालन अभियंता श्री सुभाष राय ने कहा कि उपभोक्ताओं की संतुष्टि और बेहतर विद्युत सेवाएं उपलब्ध कराना कंपनी की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसी उद्देश्य से नियमित जनसुनवाई की व्यवस्था प्रारंभ की गई है।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# तीन दिवसीय सामूहिक अवकाश का पटवारियों ने किया ऐलान, लंबित मांगो के समाधान के लिए तहसिलदार को सौंपा ज्ञापन..

जगप्रेरणा खैरलांजी।

***तहसिल क्षेत्र अंतर्गत 86 ग्रामो के 42 पटवारियों ने सामूहिक रुप से तहसिलदार तीरथ अक्षरिया व नायब तहसीलदार दुलारे सिंह परते को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। पटवारी संघ की तरफसे यह बताया गया है कि प्रदेश के पटवारी***

संवर्ग की वर्षो लंबित 5 सूत्रीय मांगो के समाधान के लिए पटवारियो ने 15 जुलाई से 17 जुलाई तीन दिन सामूहिक अवकाश का ऐलान कर दिया है।यदि उनकी पांच प्रमुख मांगे नहीं मानी जाती है तो प्रदेशभर में चरणबद्ध और व्यापक आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी गई है। इसी तारतम्य में खैरलांजी तहसिल क्षेत्र के पटवारी संघ ने लामबंद होकर सामूहिक अवकाश पर चले जाने ज्ञापन दिया है।

मध्यप्रदेश शासन द्वारा पटवारी संवर्ग की वर्षों से लंबित मांगों के निराकरण में हो रही लगातार देरी, पदोन्नति से वंचित रखने तथा सेवा संबंधी समस्याओं के समाधान नहीं होने से प्रदेशभर का पटवारी संवर्ग आक्रोशित हो गये है। इसके बाद

पटवारी संघ के कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष शिफ्लि धमगाये का कहना है कि संगठन पिछले कई वर्षों से अपनी न्यायोचित मांगों को शासन के समक्ष विभिन्न माध्यमों से उठाता रहा है। मुख्यमंत्री द्वारा नवंबर 2025 में महाधिवेशन के लिए समय देने तथा तिथि पृथक से तय कर सूचित करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन आज तक न तो महाधिवेशन की तिथि घोषित की गई और न ही पटवारियों की लंबित मांगों पर कोई ठोस निर्णय लिया गया। इससे पूरे प्रदेश का पटवारी संवर्ग स्वयं को उपेक्षित एवं शोषित महसूस कर रहा है।




## पटवारियों की प्रमुख 5 सूत्रीय मांगें

संघ ने ज्ञापन में सबसे प्रमुख मांग कैडर रिव्यू लागू करने, पदोन्नति एवं समयमान वेतनमान की रखी है। संघ का कहना है कि कैडर रिव्यू का प्रस्ताव वर्षों से शासन स्तर पर लंबित है, जबकि अन्य विभागों के कर्मचारियों को लगातार पदोन्नति का लाभ दिया जा रहा है। इसके विपरीत पटवारी संवर्ग को पदोन्नति से वंचित रखा गया है, जो गंभीर भेदभाव का उदाहरण है। संघ ने मांग की है कि जब तक कैडर रिव्यू लागू नहीं होता, तब तक पटवारियों को पदोन्नति तथा पदोन्नति से वंचित कर्मचारियों को समयमान वेतनमान का लाभ दिया जाए।

दूसरी मांग नायब तहसीलदार की विभागीय परीक्षा शीघ्र आयोजित करने की है। संघ के अनुसार विगत 25 वर्षों में केवल एक बार वर्ष 2018 में परीक्षा आयोजित हुई थी। इसके बाद आज तक परीक्षा नहीं होने से योग्य पटवारियों के पदोन्नति के अवसर प्रभावित हो रहे हैं।

तीसरी मांग जज प्रोटेक्शन एक्ट में पटवारियों को शामिल करने की है। संघ का कहना है कि राजस्व न्यायालयीन प्रकरणों में पटवारी केवल प्रतिवेदन प्रस्तुत करता है, जबकि निर्णय तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार द्वारा लिया जाता है। इसके बावजूद कई मामलों में सीधे पटवारियों पर एफआईआर दर्ज कर दी जाती है, जो विधिसम्मत नहीं है। इसलिए उन्हें भी जज प्रोटेक्शन एक्ट का संरक्षण प्रदान किया जाए।

चौथी मांग वर्षों से लंबित वित्तीय भुगतान से संबंधित है। संघ ने बताया कि प्रदेश के अनेक जिलों में पटवारियों ने स्वामित्व योजना, कृषि संगणना, लघु सिंचाई संगणना, फार्मर आईडी शिविर सहित कई योजनाओं में अपने निजी संसाधनों से कार्य किया, लेकिन आज तक उनका मानदेय भुगतान नहीं हुआ। यदि लंबित भुगतान शीघ्र नहीं किया गया तो भविष्य की योजनाओं के कार्यों का बहिष्कार करने की चेतावनी भी दी गई है।

पांचवीं मांग पटवारी संघ के पदाधिकारियों के नियम विरुद्ध स्थानांतरण निरस्त करने की है। संघ का आरोप है कि कर्मचारी हितों की आवाज उठाने वाले पदाधिकारियों को प्रताड़ित करने की मंशा से स्थानांतरण नीति के विपरीत स्थानांतरित किया गया है। जबकि शासन की स्थानांतरण नीति में मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों को स्थानांतरण में छूट का प्रावधान है। संघ ने ऐसे सभी स्थानांतरण तत्काल निरस्त करने तथा नियमित परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित करने की भी मांग की है।

## 7 दिन का अल्टीमेटम, फिर आंदोलन

ज्ञापन में स्पष्ट कहा गया है कि यदि सात दिनों के भीतर शासन द्वारा पांचों मांगों के संबंध में सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो 15 जुलाई से 17 जुलाई 2026 तक प्रदेशभर के पटवारी सामूहिक अवकाश लेकर सांकेतिक आंदोलन करेंगे। इसके बाद आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

## शासन पर पटवारी संवर्ग से लगाया भेदभाव का आरोप

तहसिल पटवारी संघ की ओर से जयप्रित कौर बट्टी और पटवारी विशाल शेंडे ने बताया कि प्रदेश शासन द्वारा लगातार पटवारी संवर्ग के साथ भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है। अन्य विभागों में पदोन्नतियां जारी हैं, जबकि पटवारियों को वर्षों से पदोन्नति से वंचित रखा गया है। उन्होंने कहा कि यदि शासन ने समय रहते न्यायोचित मांगों का समाधान नहीं किया तो प्रदेशव्यापी चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। पटवारी संघ का कहना है कि उसका उद्देश्य टकराव नहीं, बल्कि वर्षों से लंबित न्यायोचित मांगों का समाधान है। संगठन को उम्मीद है कि शासन संवेदनशीलता दिखाते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेकर प्रदेश के हजारों पटवारियों को राहत प्रदान करेगा। इस दौरान पटवारी शिफ्लि धमगाये, प्रमोद बारेकर, विशाल शेंडे, जयप्रित कौर बट्टी, उमेशकान्त सैयाम, पारस भैरम, देमनसिंह मर्सकोले, पूनम नेताम, मोहित गजभिये, अंकित गंगभोज, पियूष वासनिक, दीपेश नामदेव, प्रभात पांडे, हीना राहंगडाले, आकांक्षा जैन, ऋषिकेश बघेले, गीतेश कुमार पंचेश्वर, आयुष सिंघल, गोपाल सनोडिया, वीणा रावडे, हरीश कुमार चौरे, सुशील दुबे, रोहन उईके, इति गुप्ता, खुशील मोहारे, योगेश उईके, लितेश कुमार भालाधरे, आदित्य सिंह तोमर, विकास तुमडाम, पानसी सोनी, विभा दिवेदी, ज्योति शिखा मानेश्वर, लुमेश कुमार ढेकवार, मानसी सोनी, विकास चौकसे, बादल क्षीरसागर, शुभमसिंह राजपूत, जयकिशन भगत, राजेन्द्र क्षीरसागर, धर्मेंद्र गील, स्वराज माने आदि उपस्थित रहे।

# ग्राम कोपे के जंगल में मिला राजेंद्र शरणागत का शव, बीते दिन से थे लापता..

जगप्रेरणा वारासिवनी।

***थाना क्षेत्र के ग्राम कोपे के जंगल में सोमवार सुबह एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान ग्राम डोंगरिया निवासी राजेंद्र शरणागत (40 वर्ष) के रूप में हुई है, जो बीते दिन से लापता था।***





जानकारी के अनुसार, ग्रामीणों ने जंगल में शव पड़ा देखा और इसकी सूचना वारासिवनी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। शव के पास से शराब की बोतल और पानी की बोतल बरामद हुई है। वहीं मृतक के गले पर निशान पाए गए हैं, जिससे गला रेतकर हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल वारासिवनी पुलिस मामले की जांच में जुटी है और हत्या सहित सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

# योजनाओं की लक्ष्य पूर्ति एवं किसानों को बीज वितरण में लापरवाही पर कटंगी के कृषि विस्तार अधिकारी सलील दीक्षित को कलेक्टर मृणाल मीना ने किया निलंबित..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने कृषि विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन में गंभीर लापरवाही एवं लक्ष्य पूर्ति में असंतोषजनक प्रगति पाए जाने पर विकासखंड कटंगी के कृषि विस्तार अधिकारी श्री सलील दीक्षित (क्षेत्र देवरी) को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।***

निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय अनुविभागीय कृषि अधिकारी लांजी निर्धारित किया गया है। 16 मई 2026 को आयोजित विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक में कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत सुपर सीडर, बेलर, स्प्रिंकलर, पाइपलाइन, एआईएफतथा जे-फार्म पंजीयन जैसे महत्वपूर्ण लक्ष्यों के विरुद्ध श्री सलील दीक्षित की शून्य प्रगति पाई गई थी। इसके अलावा स्वाइल हेल्थ एवं फर्टिलिटी योजना के तहत वर्ष 2026-27 में मिट्टी के नमूने एकत्रित कर प्रयोगशाला भेजने के निर्धारित 70 के लक्ष्य के मुकाबले केवल 21 नमूनों की ही प्रगति दर्ज की गई। किसानों को वितरण हेतु तिल एवं उड़द बीज का निर्धारित लक्ष्य भी श्री दीक्षित द्वारा पूरा नहीं किया गया।

इस संबंध में 26 मई 2026 को कृषि विस्तार अधिकारी श्री सलील दीक्षित को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, लेकिन उनके द्वारा निर्धारित अवधि तक कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया।

इन तथ्यों के आधार पर कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम-9 के तहत कटंगी के कृषि विस्तार अधिकारी श्री सलील दीक्षित को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय अनुविभागीय कृषि अधिकारी, लांजी निर्धारित किया गया है तथा इस अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।

# पुलिस अधिक्षक आदित्य मिश्रा ने पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल को फारेक्स ट्रेडिंग मामले मे जल्द कार्यवाही के लिये कराया आश्वस्त

## फारेक्स ट्रेडिंग के नाम पर करोडो की धोखाधडी मामले के पीडितो ने आरोपीयो पर कार्यवाही की पूर्व मंत्री से की है मांग



जगप्रेरणा वारासिवनी।

***क्षेत्र मे फारेक्स ट्रेडिंग के नाम पर करोडो रूपये की धोखाधडी मामले के पीडितो ने आज पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के निवास जाकर आरोपीयो पर कार्यवाही की मांग की।***

जिस पर प्रदीप जायसवाल ने पुलिस अधिक्षक आदित्य मिश्रा के समक्ष दूरभाष पर पुरी जानकारी रखकर पीडितो की व्यथा से अवगत कराया। जिस पर पुलिस अधिक्षक श्री मिश्रा ने जल्द तत्परता के साथ इस मामले के आरोपीयो पर कार्यवाही करने का आश्वासन भी दिया है।

बालाघाट जिले के डबलमनी मामलो की गूंज अभी थमी भी नही थी की वारासिवनी क्षेत्र मे कथित निवेश धोखाधडी का नया मामल सामने आ गया है। जिसमे कुछ निवेशको ने आरोप लगाया है की फारेक्स ट्रेडिंग के नाम उनसे लाखो की राशी लेकर कम समय मे राशी दुगुना करने और भारी मुनाफा कमाने का लालच दिया गया है।

आज लगभग दो दर्जन से अधिक पीडितो ने नगेन्द्र रंगारे के साथ जाकर पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल को जानकारी दी की हम लोगो ने पुलिस स्टेशन जाकर बकायदा लिखित शिकायत दर्ज करा दी है। किंतू लंबे समय से लेकर आज तक राजा अली सहित अन्य आरोपीयो पर कोई कार्यवाही नही हुयी है। आज पूर्व मंत्री के निवास पर नगेन्द्र रंगारे के साथ पीडितो मे सर्वश्री मुमताज अंसारी, मिनाज अली,कांता ठाकरे, शैलेश शेंडे, कमलेश शेंडे,नवनीत हेडाउ आदि लोग पहुचे थे।

पीडितो के पक्ष को सुनने के बाद तत्काल पुर्व मंत्री श्री जायसवाल ने इस मामले को पुलिस अधिक्षक आदित्य मिश्रा के संज्ञान मे लाते हुये कहा की पीडितो की अभी भी मांग है की इस मामले के आरोपीयो पर गंभीर और कडक कार्यवाही होनी चाहिये। इस मामले मे अनुविभागीय पुलिस अधिकारी के समक्ष पीडितो के बयान भी हो चुके है।

इस जानकारी पर पुलिस अधिक्षक ने पूर्व मंत्री को आश्वस्त कराते हुये कहा की वर्तमान मे धान, जमीन आदि बडे मामले पुलिस की जांच मे चल रहे है। व्यस्तता के बावजूद पुलिस विभाग ने इस मामले को भी गंभीरता से लिया है। जल्द इस मामले मे भी आरोपीयो पर गंभीर कार्यवाही सभी को नजर आयेगी।

दुसरी ओर एक सवाल पर श्री जायसवाल ने कहा की इस मामले मे राजा अली या अन्य आरोपीयो के नाम से हमे कोई मतलब नही है। पीडितो ने जिस भी आरोपीयो के खिलाफशिकायत दर्ज करायी है और बयान दिये है। उन के खिलाफ कार्यवाही अवश्य होनी चाहिये। क्योकि पीडितो के पास मोबाईल से बातचीत सहित अन्य सबूत उन आरोपीयो के खिलाफआज भी सुरक्षित रखे हुये है। यह मामला अब करोडो रूपये की धोखाधडी तक पहुच गया है।

क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन.. दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते हैं। कृपया संपर्क करें.. मो. 9329033433

# राष्ट्रीय नमस्ते दिवस का गरिमामय आयोजन, सफाई मित्रों का किया गया सम्मान एवं पीपीई किट वितरित..

जगप्रेरणा वारासिवनी।

***संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार भारत सरकार द्वारा संचालित योजना नेशनल एक्शन फॉर मैकेनाइज्ड सैनिटेशन इकोसिस्टम के अंतर्गत सीवर एवं सेप्टिक टैंक सफाई मित्र एवं कचरा बिनने वाले सफाई मित्रों को***






शामिल कर निर्देशानुसार आज दिनांक 14 जुलाई 2026 को नगर पालिका परिषद वारासिवनी में राष्ट्रीय नमस्ते दिवस का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दादरे, श्रीमती आंशिक सिंह चौहान, जनप्रतिनिधिगण, पार्षदगण, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसेडर अधिकारी-कर्मचारी एवं सफाई मित्र उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान नमस्ते योजना अंतर्गत पंजीकृत सफाई मित्रों एवं वेस्ट पिकर्स का सम्मान करते हुए उन्हें पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट (क्क्क्ष) किट तथा पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान भारत कार्ड वितरित किए गए। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने सफाई मित्रों के कार्यों की सराहना करते हुए उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

आयोजन के अंतर्गत सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण, शिविर आयोजित किए गए। जिसमें उपस्थित स्वच्छता मित्रों का स्वास्थ परीक्षण मेडिकल ऑफिसर एवं स्टाफद्वारा किया गया

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दादरे ने कहा कि सफाई मित्र हमारे शहर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ हैं। उनका सम्मान, सुरक्षा एवं स्वास्थ्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। राष्ट्रीय नमस्ते दिवस का उद्देश्य सफाई मित्रों के योगदान का सम्मान करना तथा उन्हें सुरक्षित एवं सम्मानजनक कार्य वातावरण उपलब्ध कराना है।

श्रीमती आंशिक सिंह चौहान उपयंत्री एवं स्वच्छता नोडल द्वारा कहा गया कि नगर पालिका द्वारा सफाई मित्रों के कल्याण हेतु संचालित सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा तथा भविष्य में उनके हित में निरंतर कार्य किए जाएंगे।

कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थितजनों द्वारा स्वच्छता, सुरक्षित कार्य व्यवहार एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेकर किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्रीमती सरिता मनोज दादरें अध्यक्ष नगर पालिका वारासिवनी, श्री धर्मेश धर्मु जोशी पार्षद श्री प्रवीण डोंगरे जी पार्षद एवं स्वच्छता ब्रांड एम्बेसेडर, श्री मिथलेश बूरडे मनोनीत पार्षद श्रीमती आंशिक सिंह चौहान उपयंत्री एनजीओ नगर पालिका अधिकारी कर्मचारी स्वच्छता मित्र उपस्थित रहें

# कृषि महाविद्यालय बालाघाट ने छात्रवृत्ति संबंधी खबरों का किया खंडन, आरोपों को बताया निराधार

जगप्रेरणा बालाघाट।

***कृषि महाविद्यालय मुरझड़-बालाघाट के अधिष्ठाता डॉ. घनश्याम देशमुख ने पिछले दिनों समाचार पत्रों में प्रकाशित एक खबर का कड़ा खंडन किया है।***

13 जुलाई 2026 को मीडिया में ÷कॉलेज प्रबंधन की लापरवाही से प्रभावित कई छात्रवृत्ति, महीनों बाद भी खातों में नहीं पहुंची राशि÷ शीर्षक से प्रकाशित समाचार को उन्होंने पूरी तरह भ्रामक, तथ्यहीन और संस्थान की छवि धूमिल करने वाला बताया है।

महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. देशमुख ने स्पष्ट किया कि प्रकाशित समाचार में लगाए गए सभी आरोप पूरी तरह निराधार हैं। उन्होंने बताया कि तथ्यों को गलत तरीके से जोड़ा गया है। खबर में 'छात्रवृत्ति' और 'एरियर राशि' को एक ही मानकर भ्रम पैदा किया गया, जबकि दोनों की प्रकृति और भुगतान प्रक्रिया पूरी तरह अलग-अलग होती है। उन्होंगने बताया कि जांच में आरोप गलत पाए गए है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अधिष्ठाता कार्यालय द्वारा एक आंतरिक जांच कराई गई। जांच में समाचार में लगाए गए किसी भी आरोप की पुष्टि नहीं हुई है। यह भी साफहुआ कि कॉलेज प्रशासन के स्तर पर सभी जरूरी विभागीय कार्यवाही पूरी तरह समय पर की गई थी। महाविद्यालय प्रबंधन ने भुगतान की स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि कॉलेज स्तर से कोई लापरवाही नहीं हुई है। ÷सभी पात्र विद्यार्थियों के प्रकरण नियमानुसार संबंधित पोर्टल पर समय रहते अपलोड कर भेजे जा चुके हैं। छात्रवृत्ति और एरियर राशि का अंतिम अनुमोदन व भुगतान शासन के सक्षम विभाग द्वारा तय प्रक्रिया के तहत किया जाता है, जिस पर महाविद्यालय का सीधा नियंत्रण नहीं होता है। कॉलेज प्रशासन ने विद्यार्थियों और अभिभावकों से अपील की है कि वे इस प्रकार की भ्रामक और तथ्यहीन खबरों पर ध्यान न दें।

॥ श्री जीणमाता की जय ॥
॥ जय गुलाब बाबा नमः ॥
प्रो. मनीष वर्मा, मो. 9425448126
मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते है एंव गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
Hero BAJAJ HONDA TVS
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# खरगोन में प्रेम प्रसंग के शक में नौ बच्चों की मां ने की पति की हत्या..



**जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)**

***मध्यप्रदेश के खरगोन जिले में पति की कथित तौर पर कुल्हाड़ी से हत्या करने के लिए नौ बच्चों की मां को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।***

पुलिस के अनुसार, मामला चैनपुर थाना क्षेत्र के बाजार खोदरा चिड़िया गांव का है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार महिला की पहचान रूमली बाई डुडवे के रूप में हुई है। खरगोन के सहायक पुलिस अधीक्षक (नगर) बिट्टू सहगल ने बताया कि मृतक के भाई ने 10 जुलाई को शिकायत दर्ज कराई थी कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके भाई इडा डुडवे की हत्या कर दी है, जिसके बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की।

उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में ऐसा प्रतीत हुआ कि वारदात किसी बाहरी व्यक्ति ने की है क्योंकि मृतक की पत्नी ने भी पुलिस को यही बताया था। अधिकारी ने बताया कि हालांकि, मामले की जांच के दौरान पति-पत्नी के बीच लंबे समय से जारी विवादों की जानकारी मिली। सहगल ने बताया कि पूछताछ में रूमली बाई ने हत्या करने का अपना अपराध कबूल कर लिया।

उन्होंने बताया कि पूछताछ में महिला ने खुलासा किया कि उसे अपने पति के दूसरी महिला से संबंध होने का संदेह था और उसे डर था कि वह उसे व उनके नौ बच्चों को छोड़कर दूसरी शादी कर लेगा।

पुलिस अधिकारी के अनुसार, इसी बात को लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था। उन्होंने बताया कि नौ और 10 जुलाई की दरमियानी रात महिला ने गहरी नींद में सो रहे अपने पति की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। सहगल ने बताया कि वारदात के बाद महिला ने पुलिस को गुमराह करने के लिए अज्ञात हमलावर द्वारा हत्या किए जाने की कहानी बताई, लेकिन जांच के दौरान उसके बयान

और परिस्थितियों में विरोधाभास मिलने पर पुलिस को संदेह हुआ। उन्होंने बताया कि पूछताछ में आरोपी महिला ने बताया कि उसने सच्चाई इसलिए छिपाई क्योंकि उसे डर था कि अगर ससुराल पक्ष को घटना की जानकारी मिल गई तो वे उसकी जान ले सकते हैं। सहगल के अनुसार, दंपती के नौ बच्चे हैं,

जिनमें तीन बेटे और छह बेटियां शामिल हैं और उनकी उम्र ढाई वर्ष से 16 वर्ष के बीच है। पिता की मौत और मां के जेल जाने के बाद सभी बच्चों को फिलहाल मृतक के बड़े भाई और उनकी नानी की देखरेख में रखा गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी महिला को अदलत में पेश किए जाने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बांग्लादेश ने स्वदेश वापसी की शेख हसीना की योजना का स्वागत किया..



**जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)**

***बांग्लादेश ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की स्वदेश वापसी की योजना का मंगलवार को स्वागत किया। उसने कहा कि मौत की सजा पाने वाली दोषी के रूप में हसीना को न्यायिक प्रक्रिया का सामना करना चाहिए।***

बांग्लादेश की यह टिप्पणी उन खबरों के मद्देनजर आई है, जिनमें कहा गया है कि हसीना साल के अंत तक ढाका लौट सकती हैं। बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान की बेटी हसीना (78) ने छात्रों के नेतृत्व में हुए हिंसक विरोध-प्रदर्शनों के बाद पांच अगस्त 2024 को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था और देश छोड़कर भारत चली गयी थीं।

वह तभी से भारत में रह रही हैं। बांग्लादेश के प्रधानमंत्री के सूचना और रणनीति मामलों के सलाहकार जाहिद उर रहमान ने एक प्रेस वार्ता में कहा, 'हम हसीना की घोषणा का स्वागत करते हैं, क्योंकि हम न्याय सुनिश्चित करना चाहते हैं।' उन्होंने कहा, 'देश के लोग चाहते हैं कि हसीना को उनके अपराधों के लिए सुनाई गई मौत की सजा बरकरार रखी जाए। इसे देखते हुए उनकी मौत की सजा पर अमल किया जाएगा, क्योंकि लोग यही चाहते हैं।'

रहमान ने कहा, 'उन्हें (हसीना) दुनिया के सबसे अच्छे वकील लाने दीजिए।' उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण-बांग्लादेश (आईसीटी-बीडी) की कार्यवाही पारदर्शी तरीके से संचालित की जाएगी, जिस पर पर्यवेक्षक नजर रख सकेंगे और जिसका प्रसारण भी किया जा सकेगा। रहमान ने कहा कि यह भी मुमकिन है कि अदालत हसीना के खिलाफफैसले पर पुनर्विचार करे या उन्हें बरी कर दे। उन्होंने कहा कि सरकार हसीना की प्रस्तावित वापसी को लेकर किसी तरह के दबाव में नहीं है। अतीत में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनमें 2010 में अवामी लीग के शासनकाल में स्थापित आईसीटी-बीडी के फैसलों पर रोक लगा दी गई या उन्हें पलट दिया गया।

रहमान ने कहा कि 'प्रक्रियात्मक मुद्दे हसीना की वापसी में बाधा नहीं बनेंगे' और भारत इस मामले में बांग्लादेश से बातचीत करके जरूरी इंतज़ाम कर सकता है।

पिछले साल नवंबर में ढाका के एक विशेष न्यायाधिकरण ने 2024 में छात्रों के नेतृत्व वाले आंदोलन के खिलाफ तत्कालीन हसीना सरकार की दमनकारी कार्रवाई को 'मानवता के खिलाफ अपराध' मानते हुए हसीना को उनकी गैरमौजूदगी में मौत की सजा सुनाई थी। हसीना खुद को सुनाई गई मौत की सजा, आपराधिक दोषसिद्धि और सभी आरोपों को 'राजनीतिक रूप से प्रेरित' बताते हुए खारिज कर चुकी हैं। फैसले के बाद से बांग्लादेश लगातार भारत से हसीना को ढाका प्रत्यर्पित करने की मांग कर रहा है, ताकि वह न्यायिक प्रक्रिया का सामना कर सकें।

# राजस्थान में देर रात भीषण हादसा, तेज रफ्तार स्कॉर्पियो डंपर से टकराई, 5 युवकों की हो गई मौत..



**डेस्क जगप्रेरणा।**

***राजस्थान के बालोतरा जिले से दिल दहला देने वाले हादसे की खबर सामने आई है। जानकारी के अनुसार, देर रात हुए एक भीषण हादसे में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो, डंपर से टकरा गई। इस हादसे में 5 युवकों की मौत हो गई है और 3 युवक गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं।***

हादसे के दौरान 3 युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था। वहीं, 2 युवकों की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे में घायल लोगों को अस्पताल में इलाज जारी है।

## क्या है पूरा मामला?

दरअसल, ये पूरी घटना बालोतरा जिले के भांडियावास गांव के पास एनएच 125 पर हुई है। यहां देर रात भीषण सड़क हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार आगे चल रही डंपर से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए। हादसे में कुल 5 युवकों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। बता दें कि इससे पहले राजस्थान के झुंझुनूं जिले के सूरजगढ़ में भी सड़क हादसा हुआ था। यहां स्कूली बच्चों से भरी बोलेरो भीषण टक्कर के बाद पलट गई थी। हादसे में 12 मासूम जख्मी हो गए हैं।

## 5 लोगों की मौत..

जानकारी के अनुसार, हादसे में तीन युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस व 108 एम्बुलेंस को सूचना दी, लेकिन 108 एम्बुलेंस समय पर मौके पर नहीं पहुंची। इसके बाद घायलों और मृतकों को निजी एम्बुलेंस की मदद से बालोतरा के राजकीय नाहटा अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल पांच लोगों को जोधपुर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान दो घायलों ने दम तोड़ दिया।

## मृतकों की हुई पहचान..

इस हादसे में सभी मृतक बायतू के कानोड़ गांव के रहने वाले हैं। मृतकों की पहचान रेवांताराम (26) पुत्र गेनाराम जाट, स्वरूपाराम (27) पुत्र मेहराराम जाट, भरत (25) पुत्र बन्नाराम जाट, किशन (27) पुत्र शेराराम जाट व भावेश पुत्र कलाराम जाट के रूप में की गई है। सभी कानोड के निवासी बताए जा रहे हैं।वहीं, हादसे में घायल बाबू पुत्र अर्जुनराम, मुकेश पुत्र मेहराराम, हेमाराम पुत्र जीयाराम अस्पताल में भर्ती है, सभी का उपचार जारी है। हादसे के बाद अस्पताल में अफरातफरी का माहौल नजर आया। हादसे की सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में लोग अस्पताल पहुंचे और घायलों व मृतकों की जानकारी लेते नजर आए।

## पुलिस ने जांच शुरू की..

पुलिस ने इस पूरे हादसे की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार स्कॉर्पियो की टक्कर किसी अज्ञात वाहन से हुई थी, जिसके बाद वह अनियंत्रित होकर आगे चल रहे डंपर से जा भिड़ा। पुलिस अब आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और अन्य साक्ष्यों के आधार पर अज्ञात वाहन की पहचान करने का प्रयास कर रही है। हादसे के कारणों की जांच जारी है।

# महाराष्ट्र में पति ने बेरहमी से पत्नी की हत्या की, शव लेकर घंटों कार में घूमता रहा, फिर कर दिया सरेंडर..



**डेस्क जगप्रेरणा।**

महाराष्ट्र के वाशिम में एक पति ने बेरहमी से अपनी पत्नी की हत्या कर दी और फिर उसके शव को लेकर घंटों कार में घूमता रहा। चौंकाने वाली बात ये है कि जब पति को कुछ समझ नहीं आया तो उसने पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया।

## क्या है पूरा मामला?

वाशिम जिले में समृद्धि एक्सप्रेसवे पर आज सुबह एक सनसनीखेज हत्या का मामला सामने आया है। उत्तर प्रदेश के रहने वाले सलमान खान नेक मोहम्मद खान पर अपनी पत्नी हसीनबानो की हत्या का आरोप है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आरोपी ने पहले लोहे की रॉड से हमला किया और फिर गला घोंटकर पत्नी की जान ले ली। बताया जा रहा है कि हत्या के बाद वह कई घंटों तक शव को कार में लेकर घूमता रहा। बाद में आरोपी खुद कारंजा शहर पुलिस थाने पहुंचा और आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने कार से हसीनबानो का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए उपजिला अस्पताल भेज दिया है। शुरुआती जांच में हत्या की वजह पत्नी के चरित्र पर शक बताई जा रही है।

घटना के समय दंपति अपने तीन छोटे बच्चों के साथ यात्रा पर थे। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि वारदात में किसी अन्य व्यक्ति की भूमिका तो नहीं थी। फिलहाल कारंजा शहर पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। एक और मामला मार्च 2026 में सामने आया था, जहां एक पति ने अपनी पत्नी को ट्रेन के आगे धकेल दिया था, जिससे महिला की मौत हो गई थी।

## आज ही नवी मुंबई से भी आया था चौंकाने वाला मामला..

आज ही नवी मुंबई से भी पति-पत्नी के रिश्तों में खून को लेकर एक चौंकाने वाली घटना सामने आई थी। यहां एक पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ साथ मिलकर पति की हत्या कर दी थी। ये मामला 11 महीने पुराना था, जिसका खुलासा आज हुआ। पति बलिराम सूर्यनाथ कुशवाहा (50) की हत्या के मामले में सुनीता कुशवाहा (40) और राहुल दशरथ प्रजापति (30) को गिरफ्तार किया गया। इस हत्याकांड को बेहद बर्बरता से अंजाम दिया गया था। पुलिस जांच में पता लगा कि 9 अगस्त 2025 को बलिराम की गला घोंटकर हत्या हुई थी और फिर उनका सिर काट दिया गया था। इसके बाद उनके शव के तीन टुकड़े किए गए थे और उन्हें जंगल में अलग-अलग जगहों पर फेंक दिया गया था।

# रायसेन में तंत्र-मंत्र के जरिए गड़ा धन पाने के लालच में व्यापारी की चढ़ाई बली..

**जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)**

***मध्यप्रदेश के रायसेन जिले में तंत्र-मंत्र के जरिए गड़ा धन निकालने के लालच में 42 वर्षीय एक व्यापारी की कथित तौर पर हत्या करने के लिए तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।***

अधिकारी के अनुसार, यह घटना जिला मुख्यालय से करीब 55 किलोमीटर दूर गैरतगंज क्षेत्र की है। उन्होंने बताया कि व्यापारी का शव गैरतगंज से लगभग छह किलोमीटर दूर परासिया गांव के पास नदी किनारे स्थित एक पूजा स्थल के निकट बरामद किया गया। अनुविभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीओपी) सोनाली गुप्ता ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि गैरतगंज निवासी व्यापारी विजय जैन सात जुलाई को घर से लापता हो गए थे और नौ जुलाई को उनके परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

उन्होंने बताया कि गैरतगंज थाना प्रभारी डी.पी. लोहिया के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर जैन की तलाश शुरू की गई लेकिन तीन दिन तक उनका कोई सुराग नहीं मिला। सोनाली गुप्ता ने बताया कि 13 जुलाई को पुलिस को सूचना मिली कि परासिया गांव के पास नदी किनारे मिट्टी में एक शव दबा हुआ है और जांच करने पर उसकी पहचान विजय जैन के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि जैन की अंतिम बार मुलाकात हिनोतिया खास निवासी प्रहलाद साहू से हुई थी और संदेह के आधार पर उससे पूछताछ की गई, जिसमें उसने कथित तौर पर हत्या की साजिश का खुलासा किया।

पुलिस के अनुसार, पूछताछ में साहू ने बताया कि वह विजय जैन का परिचित था और दोनों के बीच गड़ा हुआ धन (दफीना) निकालने को लेकर अक्सर बातचीत होती थी। पुलिस ने बताया कि प्रहलाद साहू स्वयं तांत्रिक क्रियाएं करता था और उसे विश्वास था कि परासिया नदी किनारे स्थित माता के चबूतरे के पास गड़ा हुआ धन है। पुलिस के अनुसार, इसी लालच में साहू ने अपने पुत्र टीकम साहू और उड़दमऊ निवासी करीम खान के साथ मिलकर जैन को परासिया नदी के पास बुलाया तथा वहां तंत्र-मंत्र की क्रियाओं के बाद उनके हाथ-पैर बांधकर कुल्हाड़ी से कथित तौर पर हत्या कर दी गई।

पुलिस ने बताया कि हत्या के बाद तीनों आरोपियों ने शव को नदी किनारे गड्ढा खोदकर दफना दिया और मौके से फरार हो गए। एसडीओपी ने बताया कि आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी, फावड़ा, मोटरसाइकिल और तीनों के मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# बैंकॉक के पब में लगी भीषण आग
## 27 लोगों की मौत, 63 घायल..



**डेस्क जगप्रेरणा।**

थाइलैंड की राजधानी बैंकॉक से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां सोमवार सुबह-सुबह एक पब में आग लगने से दर्दनाक हादसा हो गया। आग लगने की इस घटना में 27 लोगों की मौत हो गई, जबकि 63 लोग घायल हो गए हैं। घटना के कई वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आए हैं। वीडियो में पब के मेन गेट से आग और धुएं का गुबार निकलते हुए देखा जा सकता है। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है।

## सोमवार तड़के लगी आग..

अधिकारियों ने बताया कि सोमवार तड़के बैंकॉक के एक पब में भीषण आग लग गई। आग लगने से यहां कम से कम 27 लोगों की मौत हो गई हैं। वहीं सूचना मिलते ही दमकल विभाग के कर्मचारी भी तुरंत मौके पर पहुंचे और बाद में आग पर काबू पाया। बचाव कर्मियों ने बताया कि आग लगने की सूचना आधी रात के आसपास मिली।

## वीडियो में भागते दिखे लोग..

मौके पर सबसे पहले पहुंचने वाले लोगों ने आग लगने की इस घटना के वीडियो भी सोशल मीडिया पर पोस्ट किए हैं। वीडियो में थाईलैंड राजधानी बैंकॉक के उत्तरी हिस्से में स्थित पब के सामने के दरवाजे से आग की भीषण लपटें निकलती और आसमान में घना काला धुआं उठता दिख रहा है। वीडियो में कुछ लोग वहां से भागने की कोशिश करते हुए भी दिख रहे हैं।

## आधे घंटे में आग पर पाया काबू..

थाईलैंड के प्रधानमंत्री अनुतिन चर्नविराकुल ने घटनास्थल पर पत्रकारों को बताया कि 27 लोगों की मौत हुई है और कई लोगों को अस्पताल ले जाया गया है। उन्होंने कहा कि आग लगने के कारणों की अभी जांच की जा रही है। वहीं अधिकारियों ने बताया कि दमकलकर्मियों को आग पर काबू पाने में करीब आधा घंटा लगा। घटना के बाद की तस्वीरों में जले हुए टेबल-कुर्सियां और पब का क्षतिग्रस्त अंदरूनी हिस्सा दिखाई दे रहा है। बता दें कि थाईलैंड में पहले भी ऐसी दुखद घटनाएं हो चुकी हैं। साल 2022 में भी देश के पूर्वी हिस्से में एक म्यूजिक पब में आग लगने से 14 लोगों की मौत हो गई थी। इससे एक दशक से भी पहले, 1 जनवरी 2009 को थाईलैंड की राजधानी के सांतिका नाइटक्लब में नए साल के जश्न के दौरान लगी आग में 66 लोगों की मौत हो गई थी और 200 से ज़्यादा लोग घायल हो गए थे। माना जाता है कि वह आग इनडोर आतिशबाजी के कारण लगी थी। वहीं हाल ही में चीन की एक फैक्ट्री में भी आग लगने से 28 लोगों की मौत हो गई थी।

# इटावा में महिला ने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या की, गिरफ्तार..



**जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)**

***उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में कथित प्रेम संबंध के कारण एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।***

पुलिस के अनुसार, हत्या को दुर्घटना का रूप देने के लिए आरोपियों ने शव को मकान की दूसरी मंजिल से आंगन में फेंक दिया ताकि मामला पैर फिसलने से गिरकर मौत होने का प्रतीत हो।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र के तोड़ा गांव निवासी सुघर सिंह ने प्राथमिकी दर्ज कराई कि 12-13 जुलाई की रात उनके बेटे आनंद उर्फमहबूब (35) की हत्या कर दी गई और उसका शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर मिला। उन्होंने बताया कि शिकायत में मृतक की पत्नी आशिकी देवी और उसके साथी पर हत्या का आरोप लगाया गया था।

श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आशिकी देवी (32) को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने कथित तौर पर अपराध स्वीकार कर लिया।

पुलिस के अनुसार, आशिकी ने बताया कि उसकी शादी 14 वर्ष पहले आनंद से हुई थी और उनके तीन बच्चे हैं। पुलिस ने बताया कि आनंद प्रॉपर्टी डीलर था और काम के सिलसिले में अक्सर घर से बाहर रहता था। पुलिस के मुताबिक, इसी दौरान आशिकी देवी को पड़ोस में रहने वाले शिवम (22) से प्रेम हो गया और इसकी जानकारी होने पर पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होने लगा। पुलिस ने बताया कि घटना वाली रात बच्चों को उनके दादा-दादी के घर भेज दिया गया और इसके बाद आशिकी ने आनंद को पेय पदार्थ में नींद की गोलियां मिलाकर पिला दीं। पुलिस के मुताबिक, आनंद के बेहोश होने पर आशिकी ने शिवम को घर बुलाया और दोनों ने गमछे से उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी।

पुलिस ने बताया कि हत्या में प्रयुक्त गमछा, मृतक की सोने की अंगूठी, एक कीपैड फोन, एक एंड्रॉयड फोन तथा अन्य साक्ष्य बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस के मुताबिक, दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

# हॉकी इंडिया ने मस्कट में युवा हॉकी फाइव्स एशियाई चैंपियनशिप के लिए टीम घोषित की..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***हॉकी इंडिया ने मस्कट में 20 से 25 जुलाई तक होने वाली पहली युवा हॉकी फाइव्स एशियाई चैंपियनशिप के लिए मंगलवार को भारतीय सब जूनियर पुरुष और महिला टीम की घोषणा की।***



यह चैंपियनशिप इसलिए भी खास है क्योंकि यह पहली एफआईएच अंडर-18 युवा हॉकी फाइव्स विश्व कप के लिए आधिकारिक एशियाई क्वालीफायर है। इस टूर्नामेंट में एशिया के उभरते हुए बेहतरीन हॉकी खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिसमें दोनों वर्ग में सात-सात टीम मुकाबला करेंगी। पुरुषों के वर्ग में मेजबान ओमान, भारत, पाकिस्तान, ईरान, इराक, सऊदी अरब और बांग्लादेश की टीम चुनौती पेश करेंगी। महिलाओं के वर्ग में भारत, पाकिस्तान, ओमान, चीन, उज्बेकिस्तान, कजाखस्तान और ईरान की टीम खेलेंगी। भारतीय टीम का चयन भोपाल (महिलाओं के लिए) और चंडीगढ़ (पुरुषों के लिए) में चल रहे दो राष्ट्रीय शिविर में 15-15 खिलाड़ियों के समूह से किया गया। दस खिलाड़ियों वाली महिला टीम में गोलकीपिंग की जिम्मेदारी खिली कुमारी और महक परिहार को मिली है। रक्षा पंक्ति में नीलम टोपनो और किरण एक्का जिम्मेदारी संभालेंगी जबकि दीया, पुष्पा मांझी और श्रुति कुमारी मिडफील्ड का हिस्सा होंगी। अग्रिम पंक्ति में नौशीन नाज, संदीप कुमारी और कप्तान स्वीटी कुजूर शामिल हैं। पुरुष टीम में सावन कुमार और आयुष रजक गोलकीपर हैं जबकि करण गौतम और आशीष तानी पूर्ति दो डिफेंडर हैं।

मिडफील्ड में राहुल यादव और रोमित पाल हैं जबकि अग्रिम पंक्ति में कप्तान केतन कुशवाहा, प्रहलाद राजभर, अर्शदीप सिंह और शाहरुख अली शामिल हैं। सब जूनियर महिला टीम की कोच रानी ने कहा, 'हमने कौशल, गति और जज्बे के अच्छे मिश्रण वाली एक संतुलित टीम चुनी है। खिलाड़ियों ने तैयारी शिविर के दौरान बहुत मेहनत की है और अपने खेल के हर पहलू को बेहतर बनाने के लिए बहुत प्रतिबद्धता दिखाई है।' उन्होंने कहा, 'यह टूर्नामेंट हमारे युवा खिलाड़ियों के लिए एशिया की कुछ बेहतरीन टीम के खिलाफ खुद को परखने का एक शानदार मौका होगा। हमें भरोसा है कि वे इस चुनौती को स्वीकार करेंगे, निडर होकर हॉकी खेलेंगे और गर्व के साथ भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।' सब जूनियर पुरुष टीम के कोच सरदार सिंह ने भरोसा जताया कि टीम ओमान में अच्छा प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा, 'टीम ने ट्रेनिंग शिविर के दौरान लगातार अच्छा प्रदर्शन और कड़ी मेहनत की है। हॉकी फाइव्स एक रोमांचक प्रारूप है जिसमें तेजी, रचनात्मकता और दबाव में शांत रहने की क्षमता को अहमियत दी जाती है और खिलाड़ियों ने इसकी खास जरूरतों के हिसाब से खुद को अच्छी तरह ढाल लिया है।' सरदार ने कहा, 'हमारा जोर एक ऐसी एकजुट टीम बनाने पर रहा है जो आत्मविश्वास के साथ हमारी योजनाओं को लागू कर सके और आक्रामक हॉकी खेल सके।'

# श्रुति हासन बनीं नए घर की मालकिन, चेन्नई में खरीदे नए घर में की गृह प्रवेश पूजा, दिखाई नए आशियाने की झलक..

डेस्क जगप्रेरणा।

***साउथ सिनेमा की पॉपुलर एक्ट्रेस-सिंगर और सुपरस्टार कमल हासन की बेटी श्रुति हासन ने एक नया घर खरीदा है। अभिनेत्री ने अपने होमटाउन चेन्नई में एक नया आलीशान घर खरीदा है।***



हाल ही में श्रुति ने अपने नए घर में गृह प्रवेश पूजा की, जिसकी खूबसूरत तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में श्रुति पर्पल कलर का सूट पहने, गले में माला डाले पारंपरिक गृह प्रवेश की पूजा करती दिख रही हैं और सामने आई तस्वीरों में उनके चेहरे की खुशी साफ देखी जा सकती है।

## श्रुति हासन ने की गृह प्रवेश पूजा

तस्वीरों में श्रुति हासन अपने नए घर में जमीन पर बैठकर पूजा करती दिख रही हैं। उनके सामने मिठाईयां, चाबियां और अन्य पूजा सामग्री रखी देखी जा सकती है। सोशल मीडिया पर ये तस्वीरें सेलिब्रिटी फोटोग्राफर विरल भयानी ने शेयर की हैं और श्रुति ने भी अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पूजा की झलकियां साझा की हैं, जिसमें वह बेहद खुश लग रही हैं। तस्वीरों में श्रुति के साथ ज्यादा लोग नजर नहीं आ रहे, जिससे पता चलता है कि उन्होंने बहुत ही सादगी भरे अंदाज में गृह प्रवेश की पूजा की। उनके सामने बैठे पंडित जी, पूजा कराते दिख रहे हैं। हालांकि, इन तस्वीरों में श्रुति के साथ उनके पिता कमल हासन, मां सारिका या बहन देखने को नहीं मिलीं।

## श्रुति हासन ने दिखाई थी मुंबई वाले घर की झलक..

इससे पहले श्रुति हासन के मुंबई वाले घर के अंदर की झलक भी देखने को मिली थी। दरअसल, फिल्म निर्देशक और कोरियोग्राफर फराह खान पिछले दिनों श्रुति हासन के घर पहुंची थीं, जिसकी झलक उनके व्लॉग में देखने को मिली थी। करीब 11 महीने पहले फराह खान अपने कुक दिलीप के साथ श्रुति हासन के घर पहुंची थीं, जहां अभिनेत्री उनकी खातिरदारी करती और उनके लिए खाना बनाती दिखीं। एक्ट्रेस ने इस दौरान बताया था कि उन्हें कुकिंग का काफी शौक है।

## श्रुति हासन का वर्क फ्रंट..

वर्क फ्रंट की बात करें तो श्रुति हासन आखिरी बार रजनीकांत स्टारर 'कूली' में नजर आई थीं, जिसने भारत में 260 करोड़ से ज्यादा और दुनियाभर में 500 करोड़ से ज्यादा कलेक्शन किया था। इस ल्मि की रिलीज के बाद श्रुति का एक वीडियो भी खूब चर्चा में था, जिसमें अपनी फिल्म देखने जा रहीं श्रुति की गाड़ी गार्ड ने रोक दी, इस पर श्रुति कहती हैं- 'अन्ना प्लीज, मैं हीरोइन हूं..' श्रुति का मजेदार अंदाज देख फैंस काफी खुश हो गए थे। 'कूली' के बाद 'पेड्डी' में श्रुति का एक डांस नंबर देखने को मिला था और अब वह तेलुगु फिल्म 'ट्रेन' और तेलुगु फिल्म '**Aakasamlo Oka Tara**' में नजर आएंगी।

# जम्मू-कश्मीर में क्रिकेट मैच के दौरान दर्दनाक हादसा, ओवर पूरा करते ही मैदान पर गिरा गेंदबाज, अस्पताल में मौत..

डेस्क जगप्रेरणा।

***जम्मू-कश्मीर में खेले जा रहे एक लोकल क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया। मैच के बीच गेंदबाजी पूरी करने के कुछ ही पलों बाद एक खिलाड़ी अचानक मैदान पर गिर पड़ा।***



साथी खिलाड़ियों ने तुरंत उसे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद पूरे मैदान में मातम छा गया और मुकाबला बीच में ही रोकना पड़ा। यह दर्दनाक घटना भलेसा चिनाब प्रीमियर लीग यानी **BCPL** के तीसरे सीजन के दौरान हुई। मृतक खिलाड़ी की पहचान सुहैल के रूप में हुई है, जो बादशाह 11 भलेसा टीम की ओर से वाईसीसी जिमखाना किश्तवाड़ के खिलाफ मुकाबला खेल रहे थे।

## ओवर पूरा करने के बाद मैदान पर गिरा गेंदबाज..

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुहैल ने अपना दूसरा ओवर पूरा किया था। ओवर खत्म होने के बाद वह अपने जूतों के फीते बांधने के लिए झुके। जैसे ही वह खड़े हुए, उनकी तबीयत बिगड़ती हुई नजर आई और वह संतुलन बनाने की कोशिश करने लगे। कुछ सेकंड तक खुद को संभालने के बाद वह चलने लगे, लेकिन अचानक मैदान पर ही गिर पड़े। यह देखकर साथी खिलाड़ी और मौजूद लोग तुरंत उनकी मदद के लिए दौड़े।

उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कुछ साल पहले ऐसी ही एक घटना महाराष्ट्र के संभाजी नगर जिले में एक लोकल क्रिकेट मैच के दौरान देखने को मिली थी। मैच के लाइव प्रसारण में एक वाहन को मैदान के अंदर आते हुए भी देखा गया, जिससे सुहैल को अस्पताल पहुंचाया गया। फिलहाल उनकी मौत की सटीक वजह सामने नहीं आई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। सुहैल का परिवार जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के भद्रवाह क्षेत्र का रहने वाला बताया गया है।

## मैच में शानदार प्रदर्शन के बाद हुआ हादसा..

हादसे से पहले सुहैल शानदार गेंदबाजी कर रहे थे। उन्होंने दो ओवर में केवल 8 रन देकर 2 विकेट हासिल किए थे। उनकी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 147 रन बनाए थे, जिसमें आदिल मीर ने 38 गेंदों में तेज 75 रन की अहम पारी खेली थी। इसके बाद लक्ष्य का बचाव करते हुए सुहैल मैदान पर उतरे थे।यह मुकाबला गंडोह तहसील के थलोरन स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेला जा रहा था। घटना के बाद टूर्नामेंट आयोजकों ने मैच को तत्काल रोक दिया।

# दीपिका पादुकोण को 'ड्रीम गर्ल' बनते देखना चाहती हैं हेमा मालिनी, खुलकर की DP की तारीफ, बायोपिक पर रखी राय..

डेस्क जगप्रेरणा।



बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री और पॉलिटिशियन हेमा मालिनी को हिंदी सिनेमा में 6 दशक से ज्यादा का समय हो चुका है। अपने 60 सालों के लंबे करियर में हिंदी के साथ-साथ कई दक्षिण भारतीय फिल्मों में भी अपने अभिनय का जादू चलाया। हेमा मालिनी को हिंदी सिनेमा की 'ड्रीम गर्ल' भी कहा जाता है और एक समय था जब हर बड़ा एक्टर-डायरेक्टर उनके साथ काम करना चाहता था। आज भी हेमा मालिनी की लोकप्रियता काफी ज्यादा है। हाल ही में हेमा मालिनी ने मुंबई में आयोजित 'ड्रीम गर्ल्स डायमंड जुबली' कार्यक्रम में फिल्म इंडस्ट्री में अपने 60 साल पूरे होने का जश्न मनाया। इस दौरान उन्होंने उस अभिनेत्री का नाम भी बताया, जिसे वह बड़े पर्दे पर अपनी भूमिका निभाते देखना चाहती हैं।

## दीपिका पादुकोण को अपनी बायोपिक में देखना चाहती हैं हेमा मालिनी..

कार्यक्रम के दौरान जब हेमा मालिनी से पूछा गया कि अगर उनकी बायोपिक बनती है तो क्या वह अपनी बायोपिक में दीपिका को अपने रोल में देखना पसंद करेंगी? तो जवाब में उन्होंने साफकर दिया कि अगर उन पर बायोपिक बनती है तो वह इसमें दीपिका पादुकोण को देखना चाहेंगी। हेमा मालिनी ने सवाल का जवाब देते हुए कहा, 'अगर वह चाहें, तो वह यह कर सकती हैं। कोई भी यह कर सकता है।' इसके बाद उन्होंने दीपिका की तारीफकरते हुए कहा- 'दीपिका एक खूबसूरत और टैलेंटेड लड़की हैं।'

## हेमा मालिनी की बायोग्राफी दीपिका ने की थी लॉन्च..

बता दें, हेमा मालिनी और दीपिका पादुकोण के बीच हमेशा से अच्छे संबंध हैं। 2017 में जब हेमा मालिनी की राम कमल मुखर्जी द्वारा लिखित बायोग्राफी 'हेमा मालिनीः बियॉन्ड द ड्रीम गर्ल' लॉन्च की गई, तब भी इसके लिए दीपिका पादुकोण को ही चुना गया था। यही नहीं, ये भी माना जाता है कि दीपिका ने शाहरुख खान स्टारर 'ओम शांति ओम' में जो दो रोल निभाए थे, उनमें से एक हेमा मालिनी से ही प्रेरित था। उनके किरदार शांतिप्रिया को भी 'ड्रीम गर्ल' कहा गया था, ये टाइटल 70-80 के दशक में हेमा मालिनी से जुड़ा था और आज भी ड्रीम गर्ल का जिक्र होते ही लोगों की नजरों में हेमा मालिनी का ही चेहरा आता है।

## हेमा मालिनी की डायमंड जुबली..

हाल ही में हेमा मालिनी ने फिल्म इंडस्ट्री में अपने 60 साल पूरे होने का जश्न मनाया। उन्होंने इसे लेकर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट भी साझा किया, जिसमें उन्होंने लिखा- 'कितना यादगार और शानदार ढंग से आयोजित इवेंट। फिल्म इंडस्ट्री में मेरे सालों का जश्न (डायमंड जुबली) इतनी धूमधाम और भव्यता के साथ मनाया गया। यह सचमुच अविश्वसनीय था। ऑडिटोरियम में मोजूद लोग मेरी फिल्मों और म्यूजिक में पूरी तरह खोए हुए लग रहे थे और सबसे खास बात कि वो आखिरी तक रुके रहे।'

## हेमा मालिनी का करियर..

बॉलीवुड की 'ड्रीम गर्ल' के नाम से मशहूर हेमा मालिनी का फिल्मी दुनिया में सफर काफी शानदार रहा है। एक मंझी हुई अभिनेत्री होने के साथ-साथ हेमा मालिनी एक पॉलिटिशियन, क्लासिकल डांसर और फिल्म प्रोड्यूसर भी हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 1960 के दशक के आखिर में की थी और 1970 और 1980 के दशक में हिंदी सिनेमा पर उनका दबदबा देखने को मिला।

# भारत बनाम बांग्लादेश सीरीज पर संकट के बादल, अब सामने आया नया अपडेट..

डेस्क जगप्रेरणा।

***इस वक्त तो टीम इंडिया इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज खेल रही है, लेकिन इस बीच अगली सीरीज की बात हो रही है। दरअसल भारतीय टीम का बांग्लादेश दौरा प्रस्तावित है, जिस पर संकट के बादल नजर आ रहे हैं।***



ऐसा लगता है कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने ही इस मामले में अपने कदम पीछे खींच लिए हैं। फिलहाल कुछ तय नहीं है, लेकिन आने वाले वक्त में इस पर से पर्दा उठेगा।

## बीसीबी ने मीडिया राइट्स पर लगाई रोक..

अभी कुछ ही दिन पहले ये बात सामने आई थी कि भारतीय टीम अगस्त में बांग्लादेश के दौरे पर जा सकती है। जहां तीन वनडे और तीन ही टी20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज खेली जानी है। हालांकि अब ये खुद ही खटाई में पड़ रही है इस बीच क्रिकबज की एक रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड यानी बीसीबी ने इस सीरीज के मीडिया राइट्स के लिए टेंडर जारी किया था, लेकिन इस बीच अचानक उस पर रोक लगा दी है।

## सीरीज रद करने की नहीं हो पाई है अभी तक पुष्टि..

अगर ये सीरीज होती तो इसमें ज्यादा वक्त नहीं बचा है। लेकिन बीसीबी की ओर से अचानक मीडिया राइट्स की प्रक्रिया को रोक देने का मतलब ये है कि कम से कम अभी तो ये सीरीज होती हुई नजर नहीं आ रही है। इसका वक्त बदल कर इसे आगे पीछे किया जाए तो बात अलग है। हालांकि बीसीबी ने अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं की है कि सीरीज रद हो गई है। इस बीच खबरें इस तरह की भी है कि बीसीसीआई इस बात से नाराज है कि बीसीबी ने बिना बात किए मीडिया राइट्स की प्रक्रिया क्यों शुरू कर दी।

## भारत और बांग्लादेश के रिश्ते रहे हैं तल्ख..

आपको याद होगा कि कुछ वक्त पहले भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में खटास आ गई थी। इसी दौरान बांग्लादेश ने टी20 विश्व कप 2026 के लिए भारत आने से भी इन्कार कर दिया था। आईसीसी ने बांग्लादेश को टूर्नामेंट से भी बाहर कर दिया था। हालांकि इसके बीच बाद में कई बदलाव बीसीबी में हुए हैं। लेकिन भारत और बांग्लादेश के बीच ये सीरीज हो पाएगी कि नहीं, इसको लेकर अभी कुछ भी नहीं कहा जा सकता।

# 'मन्नत' के रेनोवेशन का रास्ता हुआ साफ, शाहरुख खान के घर में जुड़ेगी अतिरिक्त मंजिल, सुपरस्टार को सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत..

डेस्क जगप्रेरणा।

***बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान और गौरी खान को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने सुपरस्टार को उनके मुंबई स्थित बंगले 'मन्नत' में अतिरिक्त मंजिल जोड़ने की अनुमति दे दी है।***



सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सुपरस्टार को अपने घर में दो और मंजिले जोड़ने के लिए 'कोस्टल रेगुलेशन जोन' **(CRZ)** की मंजूरी को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना की बेंच ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यून (एनजीटी) के फैसले में हस्तक्षेप से साफइनकार कर दिया और कहा कि रेनोवेशन के काम को मंजूरी देने वाले अधिकारियों ने कानून के प्रावधानों का पूरी तरह से पालन किया है और इस मामले में हस्तक्षेप की कोई जरूरत नहीं है।

## SRK के 'मन्नत' में रेनोवेशन के काम के खिलाफ याचिका..

बता दें, शाहरुख खान के बंगले 'मन्नत' के रेनोवेशन के खिलाफ मुंबई के एक निवासी ने याचिका दायर की थी,

जिसमें उसने बांद्रा में मौजूद एक्टर के सी-फेसिंग बंगले के रेनोवेशन के लिए दी गई मंजूरी पर सवाल उठाए गए थे। याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता के इरादे पर भी शक जताया।

बेंच ने कहा कि पहली नजर में याचिका दायर करने का मकसद संदिग्ध लग रहा था। मामले में कोई ठोस आधार न मिलने पर सुप्रीम कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने रेनोवेशन पर कोई रोक नहीं लगाई है, यानी अब 'मन्नत' में रेनोवेशन का काम जारी रह सका।

## परिवार के साथ 'मन्नत' से बाहर रह रहे हैं शाहरुख खान..

शाहरुख खान ने 2001 में यह बंगला खरीदा था और बाद में इसका नाम 'मन्नत' रखा, जिसका अर्थ है दिल से की गई कोई 'इच्छा' या 'प्रार्थना' है। दूसरी तरफ 'मन्नत' में रेनोवेशन के काम के चलते शाहरुख खान,

अपनी पत्नी गौरी खान और बच्चों आर्यन, सुहाना और अबराम के साथ कुछ दिनों के लिए मुंबई के पाली हिल इलाके में एक लग्ज़री अपार्टमेंट बिल्डिंग में शिफ्ट हो गए हैं। खबरों के मुताबिक, एक्टर ने फिल्म प्रोड्यूसर वाशु भगनानी से इस बिल्डिंग की चार मंजिलें किराए पर ली हैं, जिसमें वह अपने परिवार के साथ रह रहे हैं।

## शाहरुख खान का वर्क फ्रंट..

वर्क फ्रंट की बात करें तो शाहरुख खान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'किंग' की शूटिंग में व्यस्त हैं। पिछले कुछ दिनों में 'किंग' के सेट से कई वीडियो, तस्वीरें सामने आ चुके हैं। ऐसे ही वायरल हुए एक वीडियो में शाहरुख, दीपिका के साथ शूटिंग करते नजर आए,

जिसमें वह प्रेग्नेंट दीपिका का पूरा ख्याल रखते भी दिखे। बता दें, इस फिल्म में शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण के अलावा किंग खान की लाडली सुहाना खान भी मुख्य भूमिका में हैं और अभय वर्मा और अभिषेक बच्चन भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।




**लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..**

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433





जग प्रेरणा

# साहित्य अभिव्यक्ति

■ संपादकीय ■ लेख ■ कविता ■ व्यंग्य ■ महाशब्द पहेली (शब्द ज्ञान)





दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433


## आर्थिक रूप से कमजोर, वनवासी और वंचित समुदाय ही धर्मांतरण की बहस के केंद्र में क्यों?

भारत में धर्मांतरण का प्रश्न लंबे समय से सामाजिक, राजनीतिक और कानूनी विमर्श का विषय रहा है। इस विषय पर विभिन्न पक्षों के अपने-अपने तर्क हैं, किंतु एक तथ्य बार-बार ध्यान आकर्षित करता है कि धर्मांतरण की बहस का केंद्र प्रायः आर्थिक रूप से कमजोर, वनवासी और सामाजिक रूप से वंचित समुदाय ही क्यों?

स्वतंत्रता प्राप्ति के लगभग आठ दशक बाद भी देश के अनेक दूरस्थ और पिछड़े क्षेत्रों में गरीबी, कुपोषण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अभाव, स्वास्थ्य सेवाओं की सीमित उपलब्धता, बेरोजगारी तथा आवास जैसी मूलभूत समस्याएँ आज भी विद्यमान हैं। अनेक परिवार आज भी दो समय के भोजन, बच्चों की शिक्षा और गंभीर बीमारी के उपचार जैसी बुनियादी आवश्यकताओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों में यदि कोई संस्था भोजन, चिकित्सा, शिक्षा या अन्य प्रकार की सहायता उपलब्ध कराती है, तो स्वाभाविक रूप से उसका प्रभाव उन परिवारों पर पड़ता है। कई बार यह आरोप भी लगाया जाता है कि कुछ संगठनों द्वारा सेवा कार्यों के साथ धार्मिक प्रभाव विस्तार या धर्मांतरण के प्रयास भी किए जाते हैं। दूसरी ओर अनेक धार्मिक और सामाजिक संस्थाएँ इस प्रकार के आरोपों से इनकार करते हुए अपने कार्यों को केवल मानवीय सेवा बताती हैं। इसलिए प्रत्येक मामले का मूल्यांकन तथ्यों और कानून के आधार पर ही किया जाना चाहिए।

भारतीय समाज में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य वंचित वर्गों ने लंबे समय तक सामाजिक विषमता और भेदभाव की पीड़ा झेली है। यद्यपि शिक्षा, शहरीकरण, संवैधानिक संरक्षण तथा सामाजिक जागरूकता के कारण परिस्थितियों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, फिर भी अनेक क्षेत्रों में सामाजिक सम्मान और समान अवसरों का प्रश्न पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। जब किसी व्यक्ति को अपने ही सामाजिक परिवेश में अपेक्षित सम्मान नहीं मिलता, तब वह ऐसे विकल्पों की ओर आकर्षित हो सकता है जहाँ उसे समानता, सम्मान और अपनत्व का अनुभव होने का विश्वास दिलाया जाए।

वनवासी और जनजातीय समुदायों की स्थिति कुछ अलग प्रकार की चुनौतियाँ प्रस्तुत करती है। अधिकांश जनजातीय आबादी दुर्गम पर्वतीय और वन क्षेत्रों में निवास करती है, जहाँ सरकारी योजनाओं, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं तथा कानूनी जागरूकता की पहुँच अपेक्षाकृत सीमित रहती है। ऐसी परिस्थितियों में बाहरी संगठनों के लिए इन समुदायों के बीच प्रभाव स्थापित करना अपेक्षाकृत सरल हो जाता है। स्थानीय भाषा सीखकर, उनके बीच रहकर तथा सेवा गतिविधियों के माध्यम से विश्वास अर्जित करना कई संगठनों की कार्यपद्धति का हिस्सा माना जाता है।

कुछ क्षेत्रों में तथाकथित 'चंगाई सभाओं' या चमत्कार आधारित धार्मिक आयोजनों की भी चर्चा होती रही है, जिनमें गंभीर बीमारियों के उपचार, आर्थिक संकट दूर करने अथवा अलौकिक शक्तियों के माध्यम से समस्याओं के समाधान जैसे दावे किए जाते हैं। यदि ऐसे दावों के आधार पर किसी व्यक्ति को भ्रमित कर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया जाता है, तो यह न केवल अंधविश्वास को बढ़ावा देता है, बल्कि समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और विधि के शासन की भावना के भी प्रतिकूल है। ऐसे मामलों में प्रशासन और समाज दोनों की सजगता आवश्यक है।

धर्मांतरण को लेकर समय-समय पर विदेशी वित्तपोषण, संगठित नेटवर्क और सुनियोजित गतिविधियों के आरोप भी सार्वजनिक विमर्श का हिस्सा रहे हैं। यदि कहीं प्रलोभन, कपट, दबाव या धोखे के माध्यम से धर्म परिवर्तन कराया जाता है, तो वह न केवल अनेक राज्यों के प्रचलित कानूनों की भावना के विपरीत है, बल्कि व्यक्ति की स्वतंत्र एवं सूचित आस्था के अधिकार पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। वहीं यह भी उतना ही आवश्यक है कि किसी भी संस्था या व्यक्ति पर आरोप तथ्यों और प्रमाणों के आधार पर ही लगाए जाएँ।

स्पष्ट है कि धर्मांतरण की बहस के केंद्र में आर्थिक रूप से कमजोर, वनवासी और वंचित समुदायों का होना केवल धार्मिक विषय नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक विषमताओं का भी संकेत है। जब तक समाज के अंतिम व्यक्ति तक सम्मान, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएँ, रोजगार के अवसर और न्यायपूर्ण सामाजिक व्यवहार नहीं पहुँचेगा, तब तक ऐसी परिस्थितियाँ बनी रह सकती हैं जिनका लाभ विभिन्न प्रकार की शक्तियाँ उठाने का प्रयास करें।

इस चुनौती का समाधान केवल कठोर कानूनों में नहीं, बल्कि समावेशी विकास और सामाजिक समरसता में निहित है। शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे, वनवासी और दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका की सुदृढ़ व्यवस्था विकसित हो, तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को सम्मान और अपनत्व का वातावरण मिले,मेरी दृष्टि में यही सबसे प्रभावी उपाय है।

साथ ही, विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और सेवा संगठनों को भी इन क्षेत्रों में निस्वार्थ सेवा, सामाजिक समरसता और आत्मसम्मान की भावना को सुदृढ़ करने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। जब किसी नागरिक को अपने समाज में सम्मान, सुरक्षा और अवसर प्राप्त होंगे, तब वह किसी भी प्रकार की मजबूरी या प्रलोभन के आधार पर निर्णय लेने के लिए विवश नहीं होगा।

**लेखक**



**प्रो.मनमोहन प्रकाश**

## एक थी बबली..

स्कूल जाने घर से निकली
फिर वापस नहीं लौटी बबली।

दो दिन बाद पता चला
दरिन्दों ने लूटी मासूम कली।

डॉक्टर बनने का सपना था
हो कर अधमरी अस्पताल चली।

पढ़ने में होशियार बहुत थी
बड़े लाड़ प्यार में पली।

माता- पिता बेहोश हो गये
देखकर लोगों की रूह जली।

शहर में सारे मोर्चा निकला
आक्रोश में आई गली- गली।

माहौल इस तरह बिगड़ गया
सुरक्षित नहीं कोई बेटी लाड़ली।

किसने सोचा था ऐसा होगा
किस्मत ने कैसी चाल चली।

तुरंत फैसला हो न सका
सख्त कानून की कमी खली।

जीना था जिसको बरसों तक
तेरह साल में छोड़ चली।

दोषी दरिन्दे आज भी जिन्दा
मर गई मगर निर्दोष बबली।

**कमलेश तिवारी, गोंदिया**
**8237072533**

## जलन..

जलन त्याग निज कर्म कर, जीत जतन से हार।
जले जलन से जन कई, हुए कई बीमार।।

दुर्योधन को थी जलन, पाँडव बनें न भूप।
उसी जलन नें ले लिया, लाक्षाग्रह का रूप।।

हुआ महाभारत समर, कुरुक्षेत्र मैदान।
कारण थे लालच जलन, हठधरमी अभिमान।।

जलन भई हरि नाम से, हिरनाकुश को भौत।
चला जलानें पुत्र को, स्वंय मरा वे मौत।।

राणा हिय उपजी जलन, किया घिनोंना कृत्य।
कृष्ण भक्त पीकर जहर, राधा करती नृत्य।।

**रामानन्द पाठक नन्द**

## ना ईमान, ना धर्म ,ना ही लाज है

ना ईमान, ना धर्म ,ना ही लाज है
कैसा बन गया आज ये समाज है।

रामभक्त भले ही हो सरकार में,
लेकिन चल यहां रहा रावणराज है।

शिक्षा, चिकित्सा और रोजगार पर
निकलती नहीं किसी की आवाज है।

योग्यता दरबदर की ठोकरें खा रही
अयोग्यता देश में कर रही राज है।

दुनिया के अच्छे लोगों को देखकर
संजय मुझे मेरे बुरे होने पर नाज़ है।

**रचनाकार**



**संजय अश्क**
**पुलपुट्टा, बालाघाट**
**9753633830**

## शब्दवर्गपहेली क्र.- 217

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | 6 | | 7 | | ■ | 8 | 9 | | 10 | ■ | 11 | ■ | 12 | ■ | 13 |
| 14 | | | | 15 | | | ■ | | ■ | 16 | | | ■ | 17 | | ■ | 18 | | | |
| 19 | | | ■ | 20 | | ■ | 21 | ■ | 22 | | | ■ | 23 | | ■ | 24 | | | ■ | |
| | ■ | 25 | | | ■ | 26 | | 27 | ■ | 28 | | 29 | ■ | 30 | 31 | ■ | 32 | | | ■ |
| ■ | 33 | | ■ | 34 | 35 | | ■ | 36 | 37 | | ■ | 38 | | | | | ■ | | ■ | 39 |
| 40 | ■ | 41 | 42 | | | ■ | 43 | ■ | 44 | | 45 | | ■ | ■ | | ■ | 46 | | | |
| 47 | 48 | ■ | 49 | | ■ | 50 | | | | ■ | | ■ | 51 | | ■ | 52 | | | ■ | |
| 53 | | 54 | | ■ | 55 | | | ■ | 56 | | | 57 | | ■ | 58 | | | ■ | 59 | |
| ■ | 60 | | | 61 | ■ | 62 | | ■ | | ■ | 63 | | | 64 | | | ■ | 65 | | |
| 66 | | | ■ | 67 | 68 | | | 69 | ■ | 70 | | ■ | 71 | | ■ | | ■ | 72 | | ■ |
| | ■ | 73 | | ■ | | ■ | 74 | | | | ■ | 75 | ■ | 76 | 77 | ■ | ■ | 78 | | 79 |
| 80 | 81 | | ■ | 82 | | 83 | ■ | | ■ | 84 | 85 | | | ■ | 86 | 87 | 88 | | ■ | |
| ■ | 89 | | 90 | | ■ | 91 | 92 | ■ | 93 | | | | ■ | 94 | | | | ■ | 95 | |
| 96 | | ■ | 97 | | 98 | ■ | 99 | 100 | | ■ | 101 | | | ■ | ■ | | ■ | 102 | | |
| 103 | | 104 | | ■ | 105 | 106 | | | ■ | 107 | | | ■ | 108 | ■ | 109 | 110 | ■ | 111 | |
| | ■ | | ■ | 112 | | | ■ | 113 | | | ■ | ■ | 114 | | | ■ | 115 | | | |

**ck;: I: nk;: \&** 1) उद्देश्य 5) तमाशा देखनेवाले 8) वार्तालाप 11) गाय, धेनु 14) स्त्रियों की एक पोशाख 16) वृक्ष, पेड़, बैठने की पीढ़ा 17) तकलीफ 18) लड़कपन 19) गर्भ 20) संपत्ति, सामान 22) किसी स्थल का मानचित्र 23) पार्वती 24) बोलने का ढंग 25) विष 26) वसुदेव की पत्नि, श्रीकृष्ण की मां 28) जलानेवाला 30) पश्चिम बंगाल के एक भूतपूर्व मुख्यमंत्री का कुलनाम 32) रसिया, सहृदय 33) एक भारतीय राज्य जिसकी राजधानी पणजी है 34) मुमकिन 36) दया 38) हनुमानजी एक नाम 41) बलदेव या बलराम का एक नाम 44) आंख और कान के बीच का खाली स्थान 46) सांपत्तिक सामर्थ्य, ओहदा 47) तोता 49) श्रीराम पुत्र कुश के भाई 50) विषैला 51) रास्ता, मार्ग 52) विश्राम, राहत 53) यथाशक्य 55) आसमान, आकाश 56) सिपाहियों का एक ओहदा 58) सोना 59) संपूर्ण और एक का चतुर्थांशयुक्त 60) लोकनिंदा 62) शरीर, देह 63) विष्णुजी का पांचवा अवतार 65) गोधूलि 66) अनुराग, प्रेम, लाड़–प्यार 67) सेंधमारी 70) आदर 71) तरीका 72) जलन 73) पश्चात 74) रचना करनेवाला 76) झुका हुआ 78) मुंह 80) श्रेणी 82) सबेरा 84) स्वार्थी,, खुद का स्वार्थ देखनेवाला 86) क्रम क्रम से 89) दुर्घटना 91) किसी पर से अपना अधिकार हटा लेने की क्रिया, छोड़ने का काम, उत्सर्ग 93) खलबली 94) एक पुराने फिल्म चरित्र अभिनेता जिन्हों ने फिल्म 'वक्त' में चिनॉय सेठ की भूमिका निभायी थी 95) बगुला 96) राजपूतों की मर्यादा 97) तर्क 99) वाद्य बजानेवाला 101) लौटाया हुआ 102) प्रकार 103) हिस्सेदार 105) एक बड़ा गुंदेदार फल 107) मृग 109) किसी फल के छिलके के नीचे का सार भाग 111) समस्त, पूरा 112) युवा, सैनिक 113) नाई 114) कमल का फूल 115) कलंकित

**Åij I: ulp: \&** 1) मच्छरदानी 2) लेखनी 3) प्रश्न – उत्तर 4) मूल्य, भाव, कीमत 5) द्रव 6) मां, जननी 7) सौ का पांचवा भाग 8) मुगल सम्राट 9) तपश्चर्या, तपस्या 10) लगभग, करीब करीब 12) अलीबाबा और चालीस चोर की कहानी में चोरों के मुखियाद्वारा गुंफा का दरवाजा खुलने के लिए कहा जानेवाला कोडवर्ड शब्द 13) जनक कन्या, श्रीरामजी की पत्नि 15) कालिदासद्वारा लिखित एक प्रसिद्ध संस्कृत महाकाव्य 16) सच्चरित्र स्त्री 18) जो अन्दर न हो 21) एक का चौथाई भाग 26) भगवान 27) तोता 29) छली, धोखेबाज 31) अच्छा पुत्र 35) सज्जन, नेक 37) हकलाने की क्रिया 39) परिपाटी, नियम, प्रथा 40) अमंगल 42) ललचाना, किसी चीज को पाने की इच्छा करना 43) कृपादृष्टी (उर्दू) 45) कुश्ती लड़नेवाला, मल्ल 46) चकित 48) अरब का वह स्थान जहां इमाम हुसैन अपने साथियों के साथ शहीद हुए थे 50) कभी कभी 51) परस्त्री 52) व्यवहार, चाल चलन 54) शहर का बड़ा बाजार 57) मूल्य, कीमत 58) पत्नी 59) देश की सीमा 61) बारह राशियों में से एक राशी 64) स्वदेश 65) इस नदी के किनारे महाराष्ट्र का नाशिक शहर बसा हुआ है 66) दुखदायी 68) पास, नजदीक 69) हीनता, अधमता 70) मां के पिता 75) ओछापन 77) बरबाद, नष्ट 79) कृतघ्न 81) जो कहीं से चल पड़ा हो, प्रस्थान 82) डोरी 83) वध, हनन 85) समशेर, खड्ग 87) पुरानी फिल्म 'हम आपके है कौन' में आलोकनाथ की समधन 88) 'बाण' का अपभ्रंश 90) मुंबई का एक उपनगर 92) साक्षी 93) पर्यन्त 95) वर्षा की तरह निरन्तर ऊपर से गिराना 96) कृतज्ञता व्यक्त करना, धन्यवाद 98) पक्षाघात 100) पीसना 104) पिता की मां 106) एक तौल, झनकार 107) भलाई 108) चिन्ह, निशान, छाप 110) दबाव, दबने या दबाने का भाव (जबाब अगले अंक में) ●

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | ■ | ■ | ■ | न | स | ब | न्दी | ■ | तै | ■ | ब | रा | ब | र | ■ | कौ | म | ■ | ■ |
| ज | न | ता | पा | र्टी | ■ | पा | ल | ■ | क | रा | ची | ■ | ह | र | ■ | गै | र | हा | जि | र |
| लि | या | क | त | ■ | प | ट | रा | नी | ■ | क | पो | त | ■ | स | म | र | ■ | भा | ■ | ह |
| ■ | ■ | त | क | दी | र | ■ | म | म | ता | ■ | ची | ल | ■ | ना | री | ■ | अ | र | मा | न |
| मा | न | व | ■ | ग | ग | न | ■ | का | लि | ख | पो | त | ना | ■ | ज | न | म | त | ■ | स |
| स | फ | र | क | र | ना | ■ | क | था | का | र | ■ | अ | ■ | लू | ■ | ■ | न | ■ | श | ह |
| ■ | र | ■ | न्या | ■ | ■ | मे | म | ना | ■ | हा | र | जी | त | ■ | ■ | स | ■ | ग | ब | न |
| शी | त | ल | ■ | को | त | वा | ल | ■ | न | ■ | ह | ज | र | त | नि | जा | मु | द्दी | न | ■ |
| र्षा | ■ | की | र्ति | ■ | र | ■ | हा | मी | भ | र | ना | ■ | स | र | क | ना | ■ | ■ | म | द |
| स | फ | र | ■ | मा | ल | कं | स | ■ | च | ट | ■ | बा | ना | ■ | ल | ■ | ची | ता | ■ | म |
| न | र | का | सु | र | ■ | ■ | न | ग | र | ■ | प | ल | ■ | स | ना | त | न | ■ | ना | डी |
| ■ | क | फ | ■ | वा | प | स | ■ | न्ना | ■ | मी | ना | बा | जा | र | ■ | मा | ■ | बे | टा | ■ |
| त | ■ | की | च | ड | ■ | ला | श | ■ | जा | न | मा | ल | ■ | दा | र | म | दा | र | ■ | ब |
| बे | श | र | म | ■ | फ | ह | रा | ना | ■ | मे | ■ | ब | ना | र | स | ■ | मा | ह | वा | र |
| ला | ल | ■ | च | मा | र | ■ | र | मा | ■ | ख | रो | च | ना | ■ | ■ | आ | द | मी | ■ | बा |
| ■ | भ | ल | म | न | सा | ह | त | ■ | बू | ■ | म | ना | ■ | अ | व | स्था | ■ | ■ | ई | द |

anumeya-08446302691

विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क - मो. 9329033433


## ब्रिक्स देशों में सामाजिक सुरक्षा, कौशल, एआई में सहयोग की अपार संभावनाएं: मांडविया..

**हैदराबाद, (भाषा)।**

***केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को कहा कि ब्रिक्स देशों के बीच सामाजिक सुरक्षा, कौशल विकास, कृत्रिम मेधा (एआई) और गरिमापूर्ण रोजगार जैसे क्षेत्रों में सहयोग की व्यापक संभावनाएं हैं।***

मांडविया ने 'ब्रिक्स ट्रेड यूनियन फोरम समिट-2026' के उद्घाटन के बाद कहा कि ब्रिक्स देश एकसाथ दुनिया की लगभग आधी आबादी और विशाल श्रमशक्ति का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा, ÷जैसे-जैसे हमारी अर्थव्यवस्थाएं विकसित हो रही हैं, सामाजिक सुरक्षा, कौशल, एआई संचालन, श्रम गतिशीलता और सम्मानजनक काम जैसे क्षेत्रों में गहरे सहयोग की अपार संभावनाएं हैं।÷

उन्होंने बताया कि 15 जुलाई को हैदराबाद में होने वाली ब्रिक्स श्रम एवं रोजगार मंत्रियों की बैठक इस सम्मेलन की अनुशंसाओं को ठोस नीतियों और व्यावहारिक परिणामों में बदलने का अच्छा अवसर होगी।



श्रम मंत्री ने कहा कि ब्रिक्स देश मिलकर भविष्य की ऐसी कार्य संस्कृति बना सकते हैं, जो नवोन्मेषी, समावेशी और मानव-केंद्रित हो।

भारत के संदर्भ में उन्होंने कहा कि रोजगार सृजन देश की विकास रणनीति का केंद्र है और पिछले एक दशक में करीब 17 करोड़ रोजगार अवसर पैदा किए गए हैं। उन्होंने दावा किया कि बेरोजगारी दर 2017 के छह प्रतिशत से घटकर 2025 में 3.1 प्रतिशत रह गई, जबकि महिला रोजगार दर 22 प्रतिशत से बढ़कर 38.8 प्रतिशत हो गई।

मांडविया ने बताया कि इस गति को बनाए रखने के लिए सरकार ने 'प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार' योजना शुरू की है, जिसका लक्ष्य अगले दो वर्षों में 3.5 करोड़ औपचारिक नौकरियां सृजित करना है।

मांडविया ने कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) और कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) जैसे संस्थानों में सुधार कर सामाजिक सुरक्षा का दायरा बढ़ाया गया है। ईपीएफओ के आठ करोड़ से अधिक सक्रिय सदस्य और 80 लाख पेंशनभोगी हैं, जबकि ईएसआईसी 15 करोड़ से अधिक बीमित लोगों और उनके आश्रितों को कवर करता है।

उन्होंने कहा कि देश में सामाजिक सुरक्षा कवरेज 2015 के 19 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 64.3 प्रतिशत हो गया जो करीब 94 करोड़ लोगों को कवर करता है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार 2026 में यह आंकड़ा 100 करोड़ से अधिक हो गया है।

उन्होंने कहा कि भारत नैतिक एआई, जिम्मेदार नवाचार, डिजिटल साक्षरता और श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने का समर्थन करता है, ताकि तकनीकी बदलाव के दौर में सभी के लिए न्यायसंगत अवसर सुनिश्चित हो सकें।

## आइकिया की 2030 तक भारत में अपना निवेश बढ़ाकर दोगुना करने की योजना..

**नई दिल्ली, (भाषा)।**

***स्वीडन की फर्नीचर रिटेलर आइकिया ने वर्ष 2030 तक भारत में अपने निवेश को दोगुना से ज्यादा कर 21,000 करोड़ रुपये से अधिक करने की योजना बनाई है। कंपनी यह निवेश स्टोर विस्तार में तेजी लाने, स्थानीय खरीद को मजबूत करने और 8,000***




करोड़ रुपये के कारोबार तक पहुंचने के लिए ओमनी-चैनल (भौतिक और डिजिटल टचपॉइंट का एकीकरण) उपस्थिति को गहरा करने की कोशिश में है। कंपनी के भारत के कारोबार प्रमुख पैट्रिक एंटनी ने यह जानकारी दी।

आइकिया इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ने पीटीआई-भाषा को बताया कि कंपनी को एकल-ब्रांड खुदरा परिचालन के लिए मंजूरी मिलने के बाद उसने 2013 में भारत में 10,500 करोड़ रुपये का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई थी।

एंटनी ने कहा, ''हमने अधिकारियों से प्रतिबद्धता जताई है कि हम 10,500 करोड़ रुपये का निवेश करेंगे। यह राशि पहले से ही भारत के लिए प्रतिबद्ध है, और हम देखते हैं कि शायद आगे चलकर उस निवेश को दोगुना कर देंगे। वर्ष 2030 तक, हम संभवतः इसे कम से कम दोगुना कर लेंगे।''

कारोबारी प्रदर्शन के बारे में एंटनी ने कहा कि आइकिया इंडिया का लक्ष्य भी अगले कुछ वर्षों में मुनाफा कमाने का है। इसके अलावा, कंपनी, जो 'स्वस्थ दोहरे अंक की दर से बढ़ रही है' का लक्ष्य वर्ष 2030 तक अपने कारोबार को चौगुना करने का भी है।

उन्होंने कहा, ''आज हमारा कारोबार लगभग 2,000 करोड़ रुपये का है। हमारा मानना है कि हम वर्ष 2030 तक इसे चार गुना कर सकते हैं। इस मामले में 8,000 करोड़ रुपये का लक्ष्य है।'' मौजूदा समय में, एकल-ब्रांड खुदरा व्यापार में स्वतः मंजूर मार्ग के माध्यम से 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति है। अपनी विकास रणनीति के हिस्से के रूप में, कंपनी का लक्ष्य अगले कुछ वर्षों में अपने स्टोर नेटवर्क का उल्लेखनीय रूप से विस्तार करना है।

एंटनी ने कहा, ''हमारी तीन-चार साल में वास्तव में 25 अन्य स्टोर बनाने की योजना है। 2030 तक, हमारे पास लगभग 30 स्टोर होंगे।''

कंपनी, जिसने अगस्त 2018 में हैदराबाद में अपना पहला स्टोर खोलकर भारत में अपने खुदरा परिचालन की शुरुआत की थी, वर्तमान में हैदराबाद, बेंगलुरु और मुंबई में बड़े प्रारूप वाले स्टोर संचालित करती है, जबकि नोएडा और गुरुग्राम में मिश्रित-उपयोग परियोजनाएं भी विकसित कर रही है। इसके अलावा, यह ई-कॉमर्स मार्ग के माध्यम से 80 से अधिक बाजारों में भी मौजूद है। आइकिया भी अपने कार्यबल में बड़े विस्तार की तैयारी कर रहा है, दशक के अंत तक कर्मचारियों की संख्या दोगुनी होने की उम्मीद है।

एंटनी ने कहा, ''फिलहाल हमारे पास लगभग 2,500 कर्मचारी हैं। लेकिन हम वर्ष 2030 तक इसे दोगुना करने पर विचार कर रहे हैं, जिसका मतलब है कि अन्य 2,500 सहयोगी आएंगे।''

## 'ब्रांड इंडिया' की वैश्विक पहचान बनाने के लिए सरकार ने जारी किए विस्तृत दिशानिर्देश

**नई दिल्ली, (भाषा)।**

***सरकार ने ब्रांडिंग, लेबलिंग और निर्यात पैकेजिंग के जरिये भारतीय उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने के मकसद से वैश्विक आउटरीच पहल से संबंधित विस्तृत संचालन एवं प्रक्रियात्मक दिशानिर्देश मंगलवार को जारी किए।***

यह पहल 25,060 करोड़ रुपये के निर्यात प्रोत्साहन मिशन के तहत घोषित की गई थी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक सूचना में कहा कि इस पहल का उद्देश्य 'एकीकृत ब्रांड इंडिया ढांचा' विकसित कर भारतीय वस्तुओं एवं सेवाओं के लिए वैश्विक बाजारों का विस्तार और मजबूती देना है, ताकि निर्यात मूल्य श्रृंखला में भारत की स्थिति बेहतर हो सके।

इसके मुताबिक, उत्पादों, सेवाओं, निर्यात क्षेत्रों और बाजारों की समय-समय पर पहचान कर उनके लिए ब्रांडिंग, लेबलिंग, पैकेजिंग और प्रचार अभियान तैयार किए जाएंगे।

डीजीएफटी ने इन दिशानिर्देशों पर हितधारकों से सुझाव मांगे हैं, जिन्हें सूचना जारी होने की तारीख से 30 दिन के भीतर जमा किया जा सकता है।

इस ढांचे के तहत एक 'एंकर' ब्रांड विकसित किया जाएगा, जिसमें विश्वास, गुणवत्ता, सांस्कृतिक विरासत, नवाचार, कारीगरी और पर्यावरणीय स्थिरता जैसे तत्व शामिल होंगे।

सरकार इस पहल के तहत पात्र संगठनों एवं एजेंसियों को वित्तीय सहायता भी देगी, ताकि वे निर्यात ब्रांडिंग और पैकेजिंग रणनीतियों को विकसित करने के साथ लागू कर सकें।

इसमें ब्रांडिंग और प्रचार अभियान तैयार करना, क्षेत्र-विशिष्ट ब्रांड संपत्तियों को विकसित करना, अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप पैकेजिंग एवं डिजाइन अपनाना, और विदेशी भाषाओं में प्रचार शामिल होगा।

इसके अलावा, वेबसाइट और सोशल मीडिया चैनलों के माध्यम से एक डिजिटल ब्रांड का विकास, विदेशी बाजारों में उत्पाद प्रदर्शन और ब्रांड प्रमोशन कार्यक्रम आयोजित करने पर भी जोर दिया जाएगा।

इस पहल के तहत केंद्र और राज्य सरकार के विभाग, वाणिज्य विभाग के कार्यालय, विदेश मंत्रालय और विदेशों में भारतीय मिशन जैसी संस्थाएं पात्र होंगी।

सरकार का उद्देश्य विभिन्न विभागों द्वारा विकसित अलग-अलग 'ब्रांड इंडिया' पहल को एकीकृत कर एक मजबूत और एकरूप वैश्विक पहचान तैयार करना है, जिससे भारतीय ब्रांड को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर पहचान मिल सके।

## जून में भारत का वनस्पति तेल आयात 29 प्रतिशत घटकर 11.46 लाख टन पर

**नई दिल्ली, (भाषा)।**

***सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफइंडिया (एसईए) ने मंगलवार को कहा कि जून में भारत का वनस्पति तेल आयात सालाना आधार पर 29 प्रतिशत घटकर 11.46 लाख टन रह गया। यह मौजूदा तेल***



वर्ष की शुरुआत के बाद से सबसे निचला स्तर है, क्योंकि सोयाबीन जैसे अन्य तेलों की तुलना में पाम तेल पर कम छूट मिल रही थी।

खाद्य तेलों के दुनिया के सबसे बड़ा आयातक देश, भारत ने जून, 2025 में 16.16 लाख टन तेल खरीदा था। तेल वर्ष नवंबर से अक्टूबर तक चलता है।

जून में गिरावट के बावजूद, तेल वर्ष 2025-26 (नवंबर 2025-जून 2026) के पहले आठ महीनों में कुल आयात बढ़कर 105.7 लाख टन हो गया, जो एक साल पहले 99.55 लाख टन था।

एसईए ने बयान में कहा, ''ताज़ा आंकड़े बताते हैं कि हालांकि मौजूदा तेल वर्ष के दौरान कुल मिलाकर वनस्पति तेल का आयात अधिक रहा है, लेकिन जून में आई भारी गिरावट ने कुल वृद्धि की गति को धीमा कर दिया है।''

जून में आई गिरावट मुख्य रूप से पाम तेल के आयात में माह-दर-माह 10.5 प्रतिशत की कमी के कारण हुई, जो घटकर 4,87,000 टन रह गया। क्रूड पाम तेल का आयात मई के 5,46,456 टन से घटकर 4,88,863 टन रह गया।

एसईए ने कहा कि जून में सोयाबीन तेल का आयात 23 प्रतिशत घटकर 3,81,000 टन रह गया, जो मई में 4,94,000 टन था, क्योंकि अन्य तेलों की तुलना में पाम तेल पर छूट घटकर 50 डॉलर प्रति टन से भी कम हो गई थी।

हालांकि, सूरजमुखी तेल का आयात मई के 1,95,726 टन से बढ़कर जून में 2,42,870 टन हो गया।

रिफाइंड रसोई तेल का आयात लगातार दूसरे महीने शून्य रहा। एक जुलाई तक कुल वनस्पति तेल का स्टॉक 20.09 लाख टन था, जो एक साल पहले 22.16 लाख टन था। यह जून में कम आयात को दर्शाता है।

एसईए ने कहा कि नेपाल, भारत को बड़ी मात्रा में रिफ़ाइंड तेल भेजता रहा है। दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार क्षेत्र (साफ्टा) समझौते के तहत नेपाली तेल पर कोई आयात शुल्क नहीं लगता है।

नेपाल ने नवंबर, 2025 और अप्रैल, 2026 के बीच भारत को लगभग 3,38,854 टन रिफ़ाइंड तेल निर्यात किया। इसमें अधिकतर रिफाइंड सोयाबीन तेल था, साथ ही सूरजमुखी का तेल, आरबीडी पामोलीन और रैपसीड तेल भी शामिल थे।

एसईए के अनुसार, मई में निर्यात लगभग 54,000 टन और जून में 32,000 टन होने का अनुमान है।

भारत मुख्य रूप से इंडोनेशिया और मलेशिया से पाम तेल और अर्जेंटीना और ब्राजील से सोयाबीन तेल का आयात करता है।

## समुद्र में मछुआरों के लिए सैटेलाइट फोन की सुविधा पर महाराष्ट्र सरकार ने बीएसएनएल के साथ की चर्चा

**मुंबई, (भाषा)।**



महाराष्ट्र सरकार गहरे समुद्र में मछुआरों को सैटेलाइट फोन संपर्क सुविधा प्रदान करने की संभावना तलाश रही है। यह तट के साथ निर्बाध संचार को सक्षम करके जीवन रेखा के रूप में काम कर सकती है। मत्स्य पालन मंत्री नितेश राणे ने मंगलवार को कहा कि मत्स्य पालन विभाग प्रस्तावित सुविधा पर भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के साथ चर्चा कर रहा है।

मंत्री के कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, विभाग ने बीएसएनएल की वैश्विक सैटेलाइट फोन सेवा (जीएसपीएस) की समीक्षा की, जिसमें पारंपरिक मोबाइल नेटवर्क की पहुंच से परे क्षेत्रों में संचार बनाए रखने के लिए इसकी कवरेज, तकनीकी विशेषताएं और उपयुक्तता शामिल है। राणे ने कहा कि मछुआरों की सुरक्षा और आजीविका सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। गहरे समुद्र में 'मोबाइल कनेक्टिविटी' की कमी अक्सर आपात स्थिति के दौरान संचार में बाधा डालती है।

उन्होंने कहा, ''सैटेलाइट फोन तट के साथ निर्बाध संचार को सक्षम करके मछुआरों के लिए जीवन रेखा के रूप में काम कर सकते हैं। सरकार बीएसएनएल के साथ समन्वय में इस सुविधा को शुरू करने के बारे में सकारात्मक है, जो समुद्री सुरक्षा, बचाव अभियान और संचार को मजबूत करेगी।''

राणे ने कहा कि प्रस्तावित सेवा मछुआरों को दूरदराज के अपतटीय क्षेत्रों में भी जुड़े रहने में सक्षम बनाएगी जहां मोबाइल नेटवर्क अनुपलब्ध हैं। इससे उन्हें प्रतिकूल मौसम, यांत्रिक विफलताओं, चिकित्सा आपात स्थितियों और अन्य संकटों के दौरान तत्काल सहायता प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी। एक सरकारी बयान में कहा गया है कि प्रस्तावित सुविधा से मछली पकड़ने वाले जहाजों और तट के बीच निरंतर संचार सुनिश्चित करके बचाव एजेंसियों को अधिक तेजी से प्रतिक्रिया करने में मदद मिलने की उम्मीद है।

इसमें कहा गया है कि राज्य सरकार 'मछुआरा सुरक्षा पहले' नीति के तहत आधुनिक तकनीक के उपयोग को बढ़ावा दे रही है और सैटेलाइट फोन पहल से मत्स्य पालन क्षेत्र का आधुनिकीकरण करते हुए गहरे समुद्र में मछली पकड़ने को सुरक्षित बनाने की उम्मीद है।

## कॉरपोरेट कर बढ़ने से प्रत्यक्ष कर संग्रह 16.4 प्रतिशत बढ़कर 6.51 लाख करोड़ रुपये के पार

**नई दिल्ली, (भाषा)।**

***चालू वित्त वर्ष में 13 जुलाई तक देश का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 16.40 प्रतिशत बढ़कर 6.51 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। इसमें सबसे बड़ा योगदान कॉरपोरेट कर संग्रह में बढ़ोतरी का रहा है। सरकार की***




तरफ से मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह 22 प्रतिशत बढ़कर 2.40 लाख करोड़ रुपये हो गया। वहीं, गैर-कॉरपोरेट कर (व्यक्तिगत, एचयूएफऔर फर्मों द्वारा दिए गए कर शामिल) लगभग 12 प्रतिशत बढ़कर 3.84 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा।

इस दौरान प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) में 48 प्रतिशत की तेज वृद्धि दर्ज की गई और यह 26,429 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। समीक्षाधीन अवधि में 1.22 लाख करोड़ रुपये के रिफंड जारी किए गए, जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 14.57 प्रतिशत अधिक है।

सकल आधार पर प्रत्यक्ष कर संग्रह 16.11 प्रतिशत बढ़कर 7.73 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। इसमें कॉरपोरेट कर का 3.35 लाख करोड़ रुपये और गैर-कॉरपोरेट कर करीब 4.12 लाख करोड़ रुपये शामिल हैं। सरकार ने चालू वित्त वर्ष में प्रत्यक्ष कर से 26.97 लाख करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है। यह पिछले वित्त वर्ष के 23.40 लाख करोड़ रुपये के मुकाबले 15 प्रतिशत अधिक है।

डेलॉयट इंडिया में साझेदार रोहिंटन सिधवा के मुताबिक, ये आंकड़े संकेत देते हैं कि पश्चिम एशिया युद्ध या आर्थिक सुस्ती का कॉरपोरेट आय पर ज्यादा असर नहीं पड़ा है और कंपनियों का मुनाफा मजबूत बना हुआ है। ईवाई इंडिया में कर साझेदार जयेश सांघवी ने कहा कि कॉरपोरेट कर में तेज वृद्धि और अग्रिम कर भुगतान में मजबूती दिखाई दे रही है।

इसके साथ व्यक्तिगत आयकर संग्रह में भी मजबूती बनी हुई है, जो अनुपालन में सुधार और अर्थव्यवस्था को औपचारिक रूप देने की प्रवृत्ति को दर्शाती है। प्राइस वाटरहाउस एंड कंपनी में साझेदार हितेश साहनी ने कहा कि मौजूदा रुझान बताते हैं कि इस वर्ष प्रत्यक्ष कर संग्रह मजबूत स्थिति में बना हुआ है।

## क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन ने धान, सोयाबीन, मक्का, कपास के लिए छह नए उत्पाद किए पेश

**नई दिल्ली, (भाषा)।**

क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन लिमिटेड ने धान, सोयाबीन, मक्का और कपास की फसलों में खरपतवार, रोग, कीट तथा पोषण प्रबंधन के लिए छह नए उत्पाद पेश किए हैं। कंपनी ने मंगलवार को बयान में कहा कि उसने सोयाबीन के लिए 'सामोरियन' नामक शाकनाशी पेश किया है, जिसमें घास तथा चौड़ी पत्ती वाले खरपतवारों के नियंत्रण के लिए पेटेंट प्राप्त त्रि-स्तरीय कार्यप्रणाली (थ्री-वे मोड ऑफएक्शन) का उपयोग किया गया है। इसके अलावा, मक्का के लिए 'ताकुरो' नामक संयुक्त शाकनाशी भी पेश किया गया है, जो तेजी से प्रणालीगत प्रभाव के साथ लंबे समय तक अवशिष्ट का नियंत्रण प्रदान करता है। बयान के अनुसार, धान के लिए फफूंदनाशी उत्पादों की श्रृंखला में 'जेबेरिया' पेश किया गया है, जो फफूंद तथा जीवाणु जनित रोगों के नियंत्रण के लिए है। इसके अलावा मैक्सेंट्रा नामक दोहरे प्रभाव वाला फफूंदनाशी भी पेश किया गया है, जो व्यापक स्तर पर रोग नियंत्रण के लिए तैयार किया गया है। कंपनी ने 'वैल्ट्रुवा' नामक कपास के लिए एक कीटनाशी भी पेश किया है, जिसमें ''स्मार्ट ट्रिपल एक्शन टेक्नोलॉजी'' का उपयोग कर रस चूसने वाले कीटों का नियंत्रण किया जाता है। कंपनी के अनुसार, छठा उत्पाद 'केजीआर-टी' एक जैविक पोषण समाधान है, जिसे क्रिस्टल के ग्रीन-एजी मंच के तहत विकसित किया गया है। इससे पोषक तत्वों के उपयोग की दक्षता और फसलों की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अंकुर अग्रवाल ने कहा, '' भारतीय कृषि तेजी से बदल रही है। जलवायु संबंधी अनिश्चितता, कीटों की बदलती प्रकृति और प्रत्येक एकड़ से बढ़ती अपेक्षाएं कृषि नवाचार की नई पीढ़ी की मांग करती हैं।'' कंपनी के मुख्य व्यवसाय अधिकारी (ब्रांड) सोहित सत्यावली ने कहा कि इन उत्पादों को भारत के विभिन्न कृषि-जलवायु क्षेत्रों में किए गए क्षेत्रीय परीक्षणों के बाद विकसित किया गया है। उन्होंने कहा, '' इन उत्पादों के साथ किसानों तथा हमारे वितरण भागीदारों को व्यापक उत्पाद श्रृंखला उपलब्ध कराने की हमारी क्षमता और मजबूत होगी।''




विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# ग्राम पंचायत विकास योजना (जी.पी.डी.पी.) प्रशिक्षण शिविर संपन्न





जगप्रेरणा लांजी।

***क्षेत्रीय ग्रामीण एवं पंचायतराज प्रशिक्षण केंद्र, सिवनी के आदेशानुसार 9 जुलाई से 15 जुलाई तक बोलेगांव, कारंजा, पालडोंगरी, घोटी एवं मनेरी सेक्टरों में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायतों के***

फ्रंटलाइन कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं वार्ड सदस्य सक्रिय रूप से हिस्सा ले रहे हैं। यह प्रशिक्षण 16वां वित्त आयोग अंतर्गत वर्ष 2026-27 की जी.पी.डी.पी. योजनाओं को ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर सही व पूर्ण रूप से अपलोड करने हेतु दिया जा रहा है। 14 जुलाई को घोटी सेक्टर में आयोजित अभ्यास सत्र में घोटी, खुर्सीटोला, नन्दोरा, देवरबेली, बेलगांव,नेवरवाही, कसुली, सर्रा, पौसेरा, खांडाफरी, थानेगांव, टेकरी, पूर्वाटोला, दुल्हापुर ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर जी. पी. डी. पी. (ग्राम पंचायत विकास योजना) का डेटा 100 प्रति. अपलोड कराने तथा उसी दिवस सभी उपस्थित लोगों को प्रमाण पत्र प्रदान करने का निर्देश दिया गया।

प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनरों द्वारा संचालित किया गया। मुख्य प्रशिक्षक संदीप मर्सकोले (स. वि. अधि.) के साथ महेन्द्र सिरामे (पीसीओ), परमानंद बोरकर (बीसी) तथा दिलीप सत्कार (सचिव) तथा निकेश खरे ऑपरेटर ने तकनीकी और व्यवहारिक मार्गदर्शन प्रदान कर योजनाओं के पोर्टल अपलोडिंग नियम, आवश्यक दस्तावेजों की जाँच तथा फील्ड-लेवल डेटा एंट्री की बारीकियाँ समझाईं।

## प्रशिक्षण का उद्देश्य :

ग्राम पंचायतों द्वारा वर्ष 2026-27 की जी.पी.डी.पी. योजनाओं को ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर समयबद्ध व पूर्ण रूप से अपलोड कराना, क्षेत्रीय फ्रंटलाइन कर्मचारियों को पोर्टल के व्यवहारिक उपयोग का प्रशिक्षण देना, प्रत्येक ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव व रोजगार सहायक को पोर्टल ऑपरेशन में सक्षम बनाना, प्रशिक्षण समाप्ति पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनकी उपस्थिति और योग्यता सुनिश्चित करना। प्रशिक्षण सत्र में उपस्थित सरपंचों व ग्राम कर्मचारियों ने पोर्टल पर वास्तविक समय में योजनाओं के अपलोड की प्रक्रिया का अभ्यास किया तथा तकनीकी समस्याओं पर प्रशिक्षकों से समाधान प्राप्त किया। आयोजन के समापन पर प्रशिक्षक गणों ने सभी पंचायतों से आग्रह किया कि वे निर्दिष्ट तिथि तक जी.पी.डी.पी. प्लान 100 प्रतिशत अपलोड सुनिश्चित करें ताकि 16वाँ वित्त आयोग अंतर्गत आवंटन प्रक्रियाओं में विलंब न हो।

# डायरिया रोको अभियान के चलते ग्रामीण क्षेत्रों के हैंडपंपों की हुई मरम्मत, क्लोरीनीकरण किया गया





जगप्रेरणा लांजी।

***वर्षाकाल में जलजनित बीमारियों की रोकथाम के उद्देश्य से संचालित 'डायरिया रोको अभियान' के तहत मंगलवार, 14 जुलाई को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) लांजी उपखंड द्वारा व्यापक अभियान चलाया***

गया। अभियान के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल स्त्रोतों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए खराब हैंडपंपों की मरम्मत के साथ-साथ उनका क्लोरीनीकरण किया गया। पीएचई विभाग की टीम ने ग्राम अमेडा (प), कुम्हारीकला, ओटेकसा एवं डोंगरगांव सहित विभिन्न गांवों का भ्रमण कर खराब पड़े हैंडपंपों को दुरुस्त किया, जिससे ग्रामीणों को पुनः सुचारु रूप से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होने लगा। इसके अलावा सभी हैंडपंपों में जर्मेक्स (क्लोरीन) डालकर जल स्त्रोतों का क्लोरीनीकरण किया गया।

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि क्लोरीनीकरण से पानी में मौजूद हानिकारक जीवाणु एवं कीटाणु नष्ट हो जाते हैं, जिससे डायरिया, हैजा, टायफाइड सहित अन्य जलजनित बीमारियों के फैलने की संभावना काफी कम हो जाती है। वर्षा ऋतु में दूषित पानी से संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए पेयजल स्त्रोतों का नियमित क्लोरीनीकरण आवश्यक है।

अभियान के दौरान ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल के उपयोग के प्रति भी जागरूक किया गया। लोगों को सलाह दी गई कि जहां संभव हो पानी को उबालकर या छानकर पीएं, पेयजल को हमेशा ढककर रखें तथा जल स्त्रोतों के आसपास साफ-सफाई बनाए रखें।

पीएचई विभाग ने बताया कि डायरिया रोको अभियान के तहत जिले के विभिन्न गांवों में पेयजल स्त्रोतों की नियमित निगरानी, जल गुणवत्ता परीक्षण, हैंडपंपों का रखरखाव एवं क्लोरीनीकरण का कार्य लगातार जारी रहेगा, ताकि वर्षाकाल में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

## अभियान का उद्देश्य..

वर्षाकाल में डायरिया व अन्य जलजनित बीमारियों की रोकथाम। ग्रामीणों को सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना। जिन गांवों में अभियान चला अमेडा (प), कुम्हारीकला, ओटेकसा, डोंगरगांव। विभाग की प्रमुख कार्रवाई खराब हैंडपंपों की मरम्मत। सभी हैंडपंपों का जर्मेक्स (क्लोरीन) से क्लोरीनीकरण। जल गुणवत्ता एवं पेयजल स्त्रोतों की निगरानी।

# आषाढ़ में मानसून रूठा, किसान रोप लगाने कर रहे बारिश का इंतजार..



जगप्रेरणा लांजी।

***क्षेत्र में इस बार मानसून का चक्र बिगड़ने से किसानों को गहरे संकट में डाल दिया है। पिछले दिनों अचानक हुई बारिश ने खेतों को डुबो दिया, जिससे कई किसानों की बोवाई सड़ गई।***

वहीं, कई किसान तो बीज डालने का मौका ही नहीं पा सके। शुरुआती बरसात के बाद अब आसमान सूना है और किसान रोपा लगाने के लिए पानी का इंतजार कर रहे हैं।

## किसानों की स्थिति दयनीय..

किसानों ने जैसे-तैसे खार को बचा लिया है, लेकिन परहा यानी धान का रोपा लगाने के लिए पर्याप्त पानी की जरूरत होती है। पानी की कमी से उनकी चिंता बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि अगर समय पर बारिश नहीं हुई तो बीज बर्बाद हो जाएंगे और इस साल उन्हें दोहरी मार झेलनी पड़ेगी।

## लागत में हुई बढ़ोतरी..

दरअसल, इस बार रासायनिक खाद के दाम दोगुने हो गए हैं, जिससे खेती की लागत पहले ही बढ़ चुकी है। ऐसे में बारिश की देरी किसानों के लिए संकट का कारण बन रही है। किसान बताते हैं कि बीज और खाद की कीमतें इतनी बढ़ गई हैं कि खेती करना अब घाटे का सौदा लगने लगा है।

किसानों का कहना है कि अगर हालात ऐसे ही रहे तो उन्हें न केवल बीज और खाद की लागत का नुकसान होगा बल्कि कर्ज चुकाने में भी मुश्किलें आएंगी। यह संकट केवल किसानों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आम जनता तक महंगाई के रूप में पहुंचेगा।

# सावरी माध्यमिक विद्यालय ने लिया वृक्षारोपण का संकल्प..



जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी तहसील के ग्राम पंचायत सावरी खुर्द स्थित शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला के मुख्य प्रवेश द्वार के पास लगे 3 विशाल लिफ्टन के पेड़ लंबे समय से बच्चों की सुरक्षा के लिए***

खतरा बने हुए थे। पेड़ों की शाखाएं 11 केवी विद्युत लाइन और घरेलू बिजली तारों से टकराकर शॉर्ट सर्किट और आग जैसी घटनाओं का कारण बन रही थीं। कई बार तार टूटने से विद्यालय में भय का माहौल बन गया था। ग्रामीणों और अभिभावकों की लगातार शिकायतों के बाद प्रशासन ने नियमों के तहत इन पेड़ों की कटाई-छंटाई कर दी है। जिससे विद्यालय में पढ़ने वाले सैकड़ों बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो गई है।

ग्रामीणों और स्कूल के शिक्षकों ने पेड़ कटते समय भावुक होकर कहा कि पेड़ों को बड़ा करने में वर्षों लगते हैं, इसलिए इन 3 पेड़ों के बदले हम 10 नए पेड़ लगाएंगे और उन्हें बड़ा करेंगे। तभी यह धन्यवाद सार्थक होगा।

उन्होंने प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए समय पर कार्रवाई की गई है, जिससे अब छात्र-छात्राएं बिना डर के विद्यालय आ-जा सकेंगे।

# साइड देने के बात पर हुआ विवाद, 3 लोगों के विरुद्ध अपराध दर्ज..



जगप्रेरणा लांजी।

***सड़क पर वाहन को साइड देने को लेकर हुए विवाद में एक वाहन चालक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर तीन आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।***

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम ठेमा निवासी प्रार्थी सैयद नासिर हुसैन फरियादी, जो पेशे से चालक है, ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 12 जुलाई 2026 को वह फरान राइस मिल की 14 चक्के की गाड़ी से ग्राम सीतापाला चौकी के पास से लोहा लेकर धीरी मुरुम डूसुलसुली मार्ग गया था। वाहन खाली कर वापस लौटते समय ग्राम रिसेवाड़ा स्थित मस्जिद के पास उसकी मुलाकात गांव के रंजीत खरोले से हुई।

शिकायत के अनुसार, वाहन को साइड देने के दौरान अपर-डिपर को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि रंजीत खरोले ने गाली-गलौज करते हुए डंडे से हमला कर दिया। इसी दौरान आसाराम राऊत और राकेश राऊत भी मौके पर पहुंचे और फरियादी को पकड़कर उसके साथ मारपीट की। घटना में फरियादी के दोनों हाथ, छाती एवं शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं।

बताया गया कि बीच-बचाव के लिए आए दो अन्य व्यक्ति आए लेकिन आरोपियों ने उन्हें भी गाली-गलौज करते हुए धमकाया। फरियादी का आरोप है कि जाते समय आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी।

पीड़ित ने साथियों के साथ थाने पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीनों आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296(बी), 351(3) एवं 3(5) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

# थाना किरनापुर पुलिस ने गंभीर वारदात का किया खुलासा..

## त्वरित विवेचना एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर 09 आरोपी गिरफ्तार..



जगप्रेरणा किरनापुर।

बालाघाट जिले में गंभीर एवं संगठित अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण त्वरित विवेचना तथा अपराधों के शीघ्र खुलासे के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक बालाघाट द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारीयो को विशेष निर्देश जारी किए गए हैं ।उक्त निर्देशों के पालन में थाना किरनापुर पुलिस ने उल्लेखनीय कार्यवाही करते हुए ग्राम कलकत्ता में डबल मनी के लालच में बुजुर्ग महिला पर अज्ञात आरोपियों द्वारा किए गए हमले की घटना का मात्र 48 घंटे की भीतर सफल खुलासा कर 09 आरोपियों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण** –दिनांक 12 /07/2026 को थाना किरनापुर में प्रार्थी दिलीप पन्द्रे निवासी ग्राम कलकत्ता द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 11 /07/2026 की रात्रि लगभग 12:30 बजे ग्राम कलकत्ता की निवासी लीलाबाई महेश्वरे उम्र 48 वर्ष जो घर में अकेली थी । के घर में एक अज्ञात व्यक्ति ने घुसकर मुंह दबाकर धारदार हथियार से हमला किया जिससे उनके सिर, हाथ एवं मुंह पर गंभीर चोटे आई पीड़िता के शोर मचाने पर आरोपी मौके से भाग गया घायल महिला को तत्काल डायल -112 की सहायता से शासकीय अस्पताल किरनापुर में भर्ती कराया गया। प्रकरण में थाना किरनापुर में अपराध क्रमांक 227/ 2026 धारा 115 (2) ,118(1) 333 बीएनएस के तहत मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ की गई

**घटना का खुलासा**– घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक बालाघाट द्वारा तत्काल विशेष टीम गठित कर शीघ्र खुलासे की निर्देश दिए गए। विवेचना के दौरान एफएसएल टीम द्वारा घटनास्थल का वैज्ञानिक निरीक्षण कराया गया घटनास्थल से बरामद मोबाइल फोन के आधार पर साइबर सेल एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर संदेही वंश कुथे निवासी रजेगांव को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई ,जिससे अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर योजना बनाकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया ।पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि पीड़िता लीलाबाई महेश्वरे के घर में तथाकथित डबल मनी योजना से प्राप्त बड़ी धनराशि घर में गढ़ कर रखी गई है । इसी लालच में सभी आरोपियों ने एक राय होकर योजनाबद्ध तरीके से दिनांक 11/ 07/2026 की रात्रि में हथियारों से लैस होकर पीड़िता के घर में घुसकर वारदात को अंजाम दिया। पूछताछ में आरोपियों द्वारा अपराध स्वीकार किए जाने एवं प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने प्रकरण में शामिल 09 आरोपियों को गिरफ्तार कर कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो चाकू एवं एक मोबाइल फोन जप्त किया ।वहीं फरार दो आरोपियों शुभम हिंगे एवं रामा भोयर निवासी रजेगांव की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों द्वारा लगातार तलाश एवं दबीश की कार्रवाई की जा रही है ।

**पंजीबद प्रकरण**– 227/2026 धारा 115(2),118(1)333 भारतीय न्याय संहिता। बढ़ाई गई धाराएं 333 (6), 310 (2) भारतीय न्याय संहिता।

## गिरफ्तार आरोपी गणों का नाम पता..

वंश कुथे उम्र 20 वर्ष निवासी रजेगांव, विजय गोंदुड़े उर्फमामा जी उम्र 26 वर्ष निवासी रजेगांव, धनेश्वर पांचे उम्र 20 वर्ष निवासी रमगढ़ी, रवि बागडे उम्र 19 वर्ष निवासी रमगढ़ी, अंकित रंहागडाले उम्र 22 वर्ष निवासी बेलगांव, राम सिंह मार्स को ले उम्र 55 वर्ष निवासी देवटोला किन्ही, राजेश उर्फनानू भैया बिसेन उम्र 30 वर्ष निवासी बोलेगांव, नितेंद्र उर्फगोलू अगासे उम्र 30 वर्ष निवासी देवगांव -रजेगांव, आर्यन कुठे उम्र 18 वर्ष निवासी रजेगांव।

**सराहनी भूमिका** – उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी किरनापुर, उप निरीक्षक राजकुमार चौधरी, चौकी प्रभारी किन्ही उप निरीक्षक प्रदीप बघेल, उप निरीक्षक दार्मेंद्र तुरकर, प्रधान आरक्षक मितेश रंहागडाले, प्रधान आरक्षक आशीष बघेल, आरक्षक मनोज गुर्जर, विष्णु ठाकुर, कपिल बघेल, श्रीकांत राठौर, समीर चौधरी रवि जाटव, सुनील पुसाम, विनोद कंकराने, दीपक कालबेले, विवेक तिवारी सैनीक यशवंत गभने की सराहनीय एवं महत्वपूर्ण भूमिका रही।



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# 177 आवेदकों ने जमा किये आवेदन, जनसुनवाई में कलेक्टर मृणाल मीना ने समस्याओं का किया समाधान..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई की श्रृंखला में 14 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, श्री डीपी बर्मन,***

संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, श्री एमआर कोल, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव तथा एसडीएम श्री गोपाल सोनी ने आवेदकों की समस्याएँ सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में 177 आवेदक अपनी समस्याएँ लेकर पहुँचे।

किरनापुर तहसील अंतर्गत ग्राम बेलगांव निवासी फागनी दशमेर नाली बंद किए जाने की शिकायत लेकर आयी थी। उसका कहना था कि पड़ोसी शिवा बिसेन एवं नंदलाल शेंद्रे द्वारा नाली में मिट्टी-मुरम डालकर उसे बंद कर दिया गया है, जिससे फागनी के घर के सामने बरसात का पानी जमा हो रहा है। उन्होंने जलभराव से संक्रामक बीमारियों के फैलने और मकान को नुकसान होने की आशंका जताई है। फागनी ने तत्काल नाली की सफाई कराने और उचित कार्रवाई करने की मांग की है। इस प्रकरण में तहसीलदार किरनापुर को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है।

बालाघाट निवासी संजय राव शिकायत लेकर आये थे कि श्रम आयुक्त के आदेश के बाद भी उन्हें औद्योगिक विवाद के तहत 2 लाख 50 हजार रुपए का भुगतान नही किया गया है। संजय ने बताया कि श्रम आयुक्त कार्यालय के आदेश के अनुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला मलेरिया अधिकारी को 02 लाख 50 हजार रुपए का भुगतान करना था। किंतु आदेश जारी होने के बाद भी उसे आज तक राशि का भुगतान नहीं किया गया। कई बार संबंधित अधिकारियों से संपर्क करने पर भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इस प्रकरण में तहसीलदार बालाघाट को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है।



बालाघाट निवासी विजय पटले अपने पुत्र विवेक पटले का सांदिपनी विद्यालय में कक्षा 6वीं में प्रवेश दिलाने की मांग लेकर आये थे। विजय का कहना था कि विवेक ने कक्षा 5वीं में 84 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं और अब वह सांदीपनि विद्यालय बालाघाट में अध्ययन करना चाहता है। विजय ने बताया कि प्रवेश लेने में देरी होने से विद्यालय द्वारा विवेक को प्रवेश नही दिया जा रहा है। इस प्रकरण में जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है।

परसवाड़ा निवासी हरीश श्रीवास प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने दो मकानों की कथित अवैध खरीदी-बिक्री और कब्जे की शिकायत लेकर आये थे। हरीश ने बताया कि पीएम आवास योजना के लाभार्थी गंसू एवं मोहन साकरे दोनों आवासों के मूल हितग्राहियों की मृत्यु हो चुकी है, जबकि वर्तमान में अन्य लोग मकानों में रह रहे हैं। आवेदक ने दावा किया है कि संबंधित व्यक्तियों के पास परसवाड़ा का वैध निवास प्रमाण भी नहीं है। हरीश ने प्रशासन से मामले की जांच कर शासकीय राशि और भूमि पर बने दोनों मकानों को सरकारी कब्जे में लेने की मांग की है। इस प्रकरण में एसडीएम परसवाडा को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है।

लालबर्रा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत बेहरई के ग्रामीण ग्राम में लाईनमेन पदस्थ करने की मांग लेकर आये थे। ग्रामीणों का कहना था कि विद्युत वितरण केंद्र सरेखा-2 के अंतर्गत बेहरई मुख्यालय में लाइनमैन का पद करीब एक माह से रिक्त होने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि लाईनमेन नही होने से बेहरई सहित छह गांव और छत्तीस बटालियन कनकी क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था प्रभावित हो रही है। अतः बेहरई मुख्यालय में शीघ्र कम से कम दो लाइनमैन पदस्थ किये जाए। इस प्रकरण में एमपीईबी के अधीक्षण यंत्री को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है।

बालाघाट की कोसमी निवासी मीना लिल्हारे भूमि के रिकॉर्ड में सुधार की मांग लेकर आयी थी। उसका कहना था कि वर्ष 2016-17 के पटवारी परिमार्जन के दौरान खसरा क्रमांक 2/1/1 (5) एवं 9/1 (1) में त्रुटिवश दो अन्य व्यक्तियों के नाम जोड़ दिए गए। उक्त भूमि पर पहले से केवल मीना बाई और कौशल पति झुमरलाल के नाम दर्ज थे। उन्होंने रिकॉर्ड सुधार के लिए आवेदन भी प्रस्तुत किया था, लेकिन छह माह बीतने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। अतः शीघ्र रिकार्ड सुधार किया जाए। इस प्रकरण में तहसीलदार लामता को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है।

आदिवासी मछुआ सहकारी समिति डोरा के अध्यक्ष श्री गणेश पुसाम ग्राम पंचायत लिलामेटा पर तालाब के दस वर्षीय पट्टे के लिए प्रस्ताव नहीं देने की शिकायत लेकर आये थे। समिति का कहना है कि 30 जून 2026 को पूर्व पट्टे की अवधि समाप्त हो चुकी है, लेकिन पंचायत की ओर से प्रस्ताव नहीं मिलने से नवीनीकरण अटका हुआ है। संबंधित तालाब समिति के कार्यक्षेत्र में आता है, फिर भी पट्टा प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही है। ग्राम पंचायत से प्रस्ताव जारी कराने और दस वर्षीय पट्टा शीघ्र स्वीकृत कराने की मांग की है।

इस प्रकरण में उप संचालक मत्स्योद्योग को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया हे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपायली में पदस्थ भृत्य आशीष बोरकर तीन माह का वेतन रोके जाने की शिकायत लेकर आये थे। उसका कहना था है कि उसे मई और जून 2026 का वेतन जारी हो चुका है, किंतु फरवरी, मार्च एवं अप्रैल का वेतन जारी नही किया गया है, जबकि वह लगातार अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वेतन नहीं मिलने से परिवार की आर्थिक स्थिति और बीमार पिता के उपचार पर प्रतिकूल प्रभाव पड रहा है। आशीष ने शीघ्र उसे फरवरी से अप्रैल 2026 तक का लंबित वेतन दिलाने की मांग की है। इस प्रकरण में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है।

वारासिवनी क्षेत्र के ग्राम लडसड़ा निवासी सावन बाई बघेले प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग लेकर आयी थी। सावनबाई का कहना है कि पात्र हितग्राही होने के बावजूद उन्हें अब तक योजना का लाभ नहीं मिल सका है। उन्होंने बताया कि पक्का मकान नहीं होने से परिवार को रहने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसी तरह का प्रकरण लडसडा की ही अलका बघेले, सुनिता उपवंशी एवं गीतेश्वरी बघेले लेकर आयी थी। इन प्रकरणों में संबंधित अधिकारी को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है।

ग्राम नाहरवानी निवासी प्रेमलाल घरडे पड़ोसी पर निस्तार की भूमि में गंदा पानी और कूड़ा-कचरा फैलाने की शिकायत लेकर आये थे। उसका कहना था कि पडोसी द्वारा उसके मकान और पेयजल नल के पास गंदा पानी और कूड़ा-कचरा फैलाने की वजह से परिवार को आवागमन और स्वच्छता संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत में शिकायत करने के बावजूद अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। अतः शीघ्र मामले की जांच कर गंदगी हटवाने संबंधी कार्यवाही की जाए। इस प्रकरण में जनपद सीईओ बालाघाट को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है।

शिक्षण समिति हट्टा के टीआर रंगारे हट्टा स्थित प्रबुद्ध ज्योति स्कूल के सामने मुर्गियों की बीट और मृत मुर्गियों के निस्तारण के लिए बनाए गए टैंक को हटाने की मांग लेकर आये थे। उनका कहना था कि स्कूल के पास बीट संग्रहित होने और मृत मुर्गियों का टैंक होने से क्षेत्र में दुर्गंध फैल रही है तथा पानी दूषित होने की आशंका है। इससे स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य के साथ-साथ मवेशियों और आसपास के किसानों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। अतः शीघ्र टैंक और मुर्गियों की बीट को वहां से हटाने की कार्यवाही की जाए। इस प्रकरण में एसडीएम बालाघाट को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है।

# बालाघाट में 15 से 19 जुलाई तक हल्की वर्षा और गरज-चमक के आसार, किसानों को सतर्क रहने की सलाह..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***भारत मौसम विज्ञान विभाग, नई दिल्ली के क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल से प्राप्त पांच दिवसीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान के अनुसार जिले में 15 से 19 जुलाई 2026 के दौरान मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। इस अवधि में मध्यम बादल छाए रहने,***

हल्की वर्षा, गरज-चमक के साथ बिजली गिरने तथा 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना व्यक्त की गई है। जिला कृषि मौसम इकाई, कृषि विज्ञान केन्द्र (केवीके) बडग़ांव-बालाघाट के वैज्ञानिक डॉ धर्मेन्द्रय अगासे ने बताया कि इस दौरान जिले का अधिकतम तापमान 32 से 33 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 24 से 25 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है।

सुबह के समय हवा में 81 से 83 प्रतिशत तथा दोपहर में 62 से 70 प्रतिशत तक आर्द्रता रहने की संभावना है। वहीं, हवा की सामान्य गति 6 से 7 किलोमीटर प्रति घंटा दक्षिण दिशा से रहने का पूर्वानुमान है।

कृषि विशेषज्ञों ने किसानों से मौसम को ध्यान में रखते हुए कृषि कार्यों की योजना बनाने की सलाह दी है। साथ ही गरज-चमक एवं बिजली गिरने की संभावना को देखते हुए खुले मैदानों में अनावश्यक रूप से न जाने तथा पशुओं एवं कृषि उपकरणों को सुरक्षित स्थान पर रखने की अपील की गई है। किसानों से मौसम की ताजा जानकारी पर लगातार नजर रखने और आवश्यक सावधानी बरतने का आग्रह भी किया गया है।

# बैहर के ग्राम लूद में किसानों को उड़द एवं कुटकी के उन्नत बीज वितरित

जगप्रेरणा बैहर।

***बालाघाट जिले में किसानों को खरीफफसलों के उत्पादन में वृद्धि तथा मोटे अनाज एवं दलहनी फसलों की खेती को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा बीज वितरण कार्यक्रम लगातार संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में 14 जुलाई 2026 को***



बैहर विकासखंड के ग्राम लूद में किसानों को उन्नत गुणवत्ता के उड़द एवं कुटकी के बीज वितरित किए गए।

उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि ग्राम लूद के किसान श्री शिखरचंद तथा श्री गजेंद्र मरकाम को कृषि विभाग द्वारा उड़द एवं कुटकी के उन्नत बीज उपलब्ध कराए गए। उन्होंने बताया कि उन्नत बीजों के उपयोग से फसल की उत्पादकता बढ़ाने के साथ-साथ किसानों की आय में भी वृद्धि होगी।

उन्होंने किसानों से अपील की कि वे विभागीय मार्गदर्शन के अनुरूप वैज्ञानिक खेती की आधुनिक तकनीकों को अपनाएं तथा प्रमाणित एवं उन्नत बीजों का उपयोग करें, ताकि बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सके। साथ ही उन्होंने कहा कि कृषि विभाग किसानों को समय-समय पर तकनीकी मार्गदर्शन, उन्नत बीज एवं विभिन्न योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कृषि विभाग ने किसानों को दलहनी एवं मोटे अनाज की खेती अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि उड़द और कुटकी जैसी फसलें कम लागत में बेहतर उत्पादन देने के साथ-साथ पोषण सुरक्षा और भूमि की उर्वरता बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विभाग द्वारा आगामी समय में भी किसानों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आवश्यक कृषि आदान एवं तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराया जाता रहेगा।

# 15 से 30 जुलाई तक चलेगा 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' अभियान, जनभागीदारी से नशामुक्त समाज बनाने का आह्वान

जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिले में 15 से 30 जुलाई 2026 तक संचालित होने वाले ÷नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0÷ जनजागरूकता अभियान के सफल संचालन को लेकर मंगलवार 14 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के***



भोपाल से लाइव संबोधन का सीधा प्रसारण भी देखा गया। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक श्री ललित शाक्यवार, पुलिस उप महानिरीक्षक श्री विनीत जैन, कलेक्टर श्री मृणाल मीना, पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जी.एस. धुर्वे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री निहित उपाध्याय, डीएसपी (आईजी कार्यालय) श्री राजाराम धाकड़, नगर पुलिस अधीक्षक श्री मयंक तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत ठाकुर, पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य श्री मौसम बिसेन, एसडीएम श्री गोपाल सोनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि, सामाजिक एवं स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने संबोधन में कहा कि ÷नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0÷ केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभागीदारी से जुड़ा जनआंदोलन है। उन्होंने समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए नशामुक्त मध्यप्रदेश के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने वर्ष 2029 तक देश को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया है। जिस प्रकार डकैतों और नक्सलवाद के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई, उसी तरह अब हर प्रकार के नशे पर रोक लगाने के लिए ड्रग माफिया, तस्करों और नशे के अवैध कारोबार से जुड़े लोगों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह एक चुनौतीपूर्ण अभियान है, जिसकी सफलता के लिए सामाजिक, धार्मिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं तथा आम नागरिकों का सहयोग भी आवश्यक है।

बैठक की शुरुआत में पुलिस विभाग द्वारा अभियान की विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत की गई। अधिकारियों को अभियान के चार प्रमुख आयाम - इन्फोर्समेंट एवं इंटेलिजेंस ऑपरेशन, प्रीकर्सर एवं सिंथेटिक ड्रग्स कंट्रोल, डिमांड एवं हार्म रिडक्शन तथा कैपेसिटी बिल्डिंग एवं कोऑर्डिनेशन - की जानकारी दी गई। साथ ही पिछले अभियान की उपलब्धियों की समीक्षा कर इस वर्ष इसे और अधिक प्रभावी बनाने की रणनीति पर चर्चा की गई। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक श्री ललित शाक्यवार ने कहा कि ÷नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0÷ केवल पुलिस विभाग का अभियान नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी विभागों से अपने-अपने अधिकारों और कानूनी प्रावधानों का प्रभावी उपयोग करते हुए नशे के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने और जनजागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया। कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने बैठक में कहा कि अभियान अवधि के दौरान जिले के सभी शासकीय कार्यालयों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में नशामुक्ति विषय पर रैलियां, शपथ ग्रहण कार्यक्रम, संगोष्ठियां, पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिताएं, मानव श्रृंखला तथा अन्य जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग अपनी जिम्मेदारी का प्रभावी निर्वहन करते हुए व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करे, ताकि अधिक से अधिक नागरिक अभियान से जुड़ें और वर्ष 2029 तक नशामुक्त समाज के लक्ष्य को साकार करने में अपनी भागीदारी निभाएं। बैठक के अंत में विभागवार जिम्मेदारियां तय की गईं तथा सभी अधिकारियों ने आपसी समन्वय के साथ अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# बैहर में मेगा डेंटल चेकअप कैंप सम्पन्न, 15 विद्यालयों के 1500 विद्यार्थियों का हुआ दंत परीक्षण

जगप्रेरणा बैहर।

***डिस्ट्रिक्ट डेंटल एसोसिएशन (डीटीए) एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बैहर में विशाल विद्यार्थी दंत परीक्षण एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में संकुल केंद्र के अंतर्गत 15 शासकीय एवं निजी विद्यालयों के लगभग 1500 छात्र-छात्राओं***




का विशेषज्ञ दंत चिकित्सकों द्वारा परीक्षण कर आवश्यक उपचार एवं परामर्श प्रदान किया गया। डिस्ट्रिक्ट डेंटल एसोसिएशन की जिला अध्यक्ष डॉ. मीरा अरोरा ने बताया कि यह शिविर श्री त्रिलोकचंद-श्रीमती शांति देवी कोचर ट्रस्ट, दृष्टि फाउंडेशन बालाघाट एवं विभिन्न फार्मा कंपनियों के सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर में उपस्थित 17 दंत चिकित्सकों की टीम ने विद्यार्थियों के दांतों की जांच की तथा उन्हें दांतों की स्वच्छता एवं मौखिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया।

साथ ही सभी विद्यार्थियों को टूथब्रश, टूथपेस्ट एवं आवश्यकता अनुसार दवाइयों का भी निःशुल्क वितरण किया गया। शिविर में शासकीय मॉडल स्कूल, पीएमश्री कन्या शाला, माध्यमिक शाला आबकारी टोला, कम्पाउंडर टोला, रैंदाटोला, शासकीय अंग्रेजी आश्रम शाला, चक्रवर्ती पब्लिक स्कूल, लिटिल किंगडम स्कूल, विवेक ज्योति स्कूल, मिशन स्कूल, विवेकानंद स्कूल, परिवर्तन मिशन स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर, टैगोर पब्लिक स्कूल तथा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सहित कुल 15 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में श्री त्रिलोकचंद-श्रीमती शांति देवी कोचर ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी एवं समाजसेवी जितेंद्र कोचर, मध्यप्रदेश डेंटल एसोसिएशन के स्टेट प्रेसिडेंट डॉ. जी.डी. अवधिया, उत्कृष्ट विद्यालय बैहर के प्राचार्य आलोक कुमार चौरे, वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ. ए.पी. अरोरा तथा समाजसेवी नितिन जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

शिविर के सफल संचालन में जिला सचिव डॉ. आदित्य बढ़ई, डॉ. अक्षय अरोरा, डॉ. अलका परते, डॉ. स्नेहा बिसेन, डॉ. अश्विनी उइके, डॉ. नीलिमा लिल्हारे, डॉ. नेहा बिसेन, डॉ. योगेश बिसेन, डॉ. बीनू खोसला, डॉ. शैलजा दुबे, डॉ. विभा चौधरी, डॉ. अक्षय चौहान, डॉ. प्रयाग राजपूत, डॉ. अमन खोसला, डॉ. अक्षय कसवे, डॉ. सुलभ पगारिया एवं डॉ. अमित मिश्रा सहित सभी चिकित्सकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

इसके अलावा स्थानीय स्तर पर सभी विद्यालयों के संस्था प्रमुखों, विक्रम जैन, खेल समन्वयक राजेश बमहुरे, संजय लाकड़े, विभिन्न फार्मा कंपनियों तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के 62 स्वयंसेवक छात्र-छात्राओं ने शिविर को सफल बनाने में सराहनीय सहयोग प्रदान किया। आयोजन के अंत में विद्यार्थियों को नियमित दंत परीक्षण, सही तरीके से ब्रश करने और मौखिक स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया।






विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# सड़क अर्जुनी में राज्यसभा सांसद राजेंद्र जैन का भव्य स्वागत, बीएलए कार्यशाला उत्साह पूर्वक संपन्न..









जगप्रेरणा सड़क अर्जुनी।

*राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सड़क अर्जुनी तालुका इकाई के तत्वावधान में नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद राजेंद्र जैन का भव्य सत्कार समारोह एवं बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) कार्यशाला उत्साहपूर्ण* वातावरण में आयोजित की गई। कार्यक्रम में सांसद राजेंद्र जैन का शॉल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। इसके अलावा सड़क अर्जुनी व्यापारी संघ, डॉक्टर संघ, अल्पसंख्यक संगठन, राशन दुकान संघ, ठेकेदार संघ, पत्रकार संघ, सरपंच संघ तथा पुलिस पाटिल संघ सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा भी उनका भव्य अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद राजेंद्र जैन ने कहा कि पार्टी संगठन की वास्तविक ताकत बूथ स्तर पर होती है। उन्होंने बीएलए कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे शहर हो या ग्रामीण क्षेत्र, प्रत्येक बूथ पर संगठन को मजबूत बनाएं तथा अपने वार्ड एवं क्षेत्र के प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में बना रहे, इसके लिए लोगों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि बूथवार संगठनात्मक मजबूती, सुनियोजित कार्यप्रणाली, मतदाताओं से सतत संपर्क और प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय भूमिका आगामी चुनावों में पार्टी की सफलता की कुंजी होगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से जिम्मेदारी पूर्वक संगठन विस्तार में जुटने का आह्वान किया।

इस अवसर पर विधायक राजकुमार बडोले ने भी बीएलए कार्यशाला में कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने बूथ स्तरीय नियोजन, संगठन विस्तार तथा आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक कार्यकर्ता से पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने की अपील की।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राज्यसभा सांसद राजेंद्र जैन, विधायक राजकुमार बडोले, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रेमकुमार रहांगडाले, महिला जिला अध्यक्ष राजलक्ष्मी तूरकर, युवा जिला अध्यक्ष केतन तूरकर, जिला परिषद सदस्य यशवंत गणवीर एवं सुधाताई रहांगडाले, नगराध्यक्ष तेजराम मडावी, तालुकाध्यक्ष डॉ. अविनाश काशिवार (सड़क अर्जुनी), तालुकाध्यक्ष लोकपाल गहाणे (अर्जुनी मोर), नगरसेवक देवचंद तरोने, आनंद अग्रवाल, दानेश साखरे, अजय लांजेवार, महिला तालुकाध्यक्ष रजनीताई गिर्‍हेपुंजे, कृषि उपज मंडी समिति के संचालक डी. यू. रहांगडाले, पूर्व जिला परिषद सदस्य रमेश चुर्‍हे, युवा तालुकाध्यक्ष दिनेश कोरे, पंचायत समिति सदस्य शिवाजी गहाणे, आस्तिक परशुरामकर, प्रशांत बडोले, सुधारकर पंधरे, मतीन शेख, फारुख शेख, रिताताई लांजेवार, वंदनाताई डोंगरवार, शाहिस्ता शेख, कामिनी कोवे, दीक्षा भगत, सायमा शेख, महेंद्र वजारी, गोपी खेडकर, प्रभुदयाल लोहिया, भैय्यालाल पुस्तोडे, गजानन परशुरामकर, डॉ. दिलीप कापगते, खाडीपार की सरपंच डोंगरे ताई, रमेश ईळपाते, चंद्रकांत बहेकार, आफरोज शेख, भोला कापगते, मुनीश्वर कापगते, कृष्णा ठलाल, पुष्पमाला बडोले, रूपविलाश कुरुसुंगे, अनिल बिलिया, प्रभुजी लोहिया, हेमराज खोटोले, सुनील पटले, आकाश गुप्ता, मधु गावराने, लता गहाणे, गुणवंता कापगते, लता रमेश गहाने, पुष्पा गुप्ता, वनिता गहाने, प्रमिला बडवाईक, उषा होडकर, वर्षा ठाकूर, योगिता मालदे, मंगला गजभिये, लांजेवार ताई, उज्ज्वल चौधरी, अनिल फरदे, जगन जी लांजे, अशोक लांजेवार, अनिता लांजे, भृंगराज परशुरामकर, मालिक लजे, भूषण कोरे सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया तथा आगामी चुनावों में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को बूथ स्तर से मजबूत करने का विश्वास व्यक्त किया।

# सालेकसा और आमगांव शाखा की संयुक्त सभा और नए नियुक्त केंद्र प्रमुख का सम्मान समारोह





जगप्रेरणा सोनपुरी।

***महाराष्ट्र राज्य प्राथमिक शिक्षक समिती शाखा सालेकसा और शाखा आमगांव की संयुक्त सभा और विभागीय परीक्षा पास करके पंचायत समिति सालेकसा और*** पंचायत समिति आमगांव में शामिल हुए नए नियुक्त केंद्र प्रमुख का सम्मान कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाराष्ट्र राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ गोंदिया जिला अध्यक्ष संदीप तिड़के ने की। मुख्य मेहमान किशोर डोंगरवार, संदीप मेश्राम, ई. एफ देशमुख, शिक्षक पटसंथासा आमगांव के शाखा अध्यक्ष शोभेलाल ठाकुर, संचालक राजेंद्र बोपचे, संचालक सतीश दमाहे, शिक्षक समिति आमगांव के सभापती के. जी. रहांगडाले, सालेकसा पी. एम. ढेकवार, जिला पदाधिकारी दादाजी पंधरे, यू. जी. फरदे सुरेंद्र मेंढे तालुका सचिव श्री दिलीप होटे येटरे सर, सेवकराम रहांगडाल तालुका सचिव और बड़ी संख्या में दूसरे जाने-माने लोग मौजूद थे।

कार्यक्रम में सत्कार मुर्ती अमित घावले, मुकेश रहांगडाले सर, सनप सर, अमोल कडुसे, सुनील हरिनखेड़े, महेंद्र रहांगडाले, नितिन टेंभुर्णे, शतीश भोंडवे केंद्र प्रमुख कार्यक्रम की शुरुआत में आए हुए लोगों का स्वागत फूलों का गुलदस्ता देकर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत के.जी. रहांगडाले सर ने की। चर्चा सभा में नीचे दिए गए मुद्दों पर खास ज़ोर देते हुए प्रस्ताव पास किया गया। सालेकसा और आमगांव तालुका समिति में खाली पद जल्द ही भरे जाएंगे, दूसरे संघटना के जो पदाधिकारी समिती में शामिल होना चाहते हैं, उन्हें जल्द ही शामिल किया जाएगा।

## सालेकसा और आमगांव तालुका कार्यकारणी का अवलोकन..

यह तय किया गया कि सदस्य पंजीकरण अभियान चलाया जाएगा। यह तय किया गया कि **S-14** को कानूनी तरीकों से लागू करने की कोशिश की जाए। यह तय किया गया कि महाराष्ट्र राज्य प्राथमिक शिक्षक समिती पूरे जिले में ज़ीरो पेंडेंसी कैंपेन चलाएगी। गोंदिया प्राथमिक शिक्षक सहकारी पतसंस्था श्री किशोर भाऊ डोंगरवार सर से सभी सदस्यों के हित में अच्छा फैसला लेने की मांग की गई। नए नियुक्त केंद्र प्रमुख के सामने यह ज़रूरी बात रखी गई कि सभी शिक्षक के हितों का ध्यान रखा जाए। सभी से अपील की गई कि वे भविष्य में आने वाली दिक्कतों का सामना करने के लिए महाराष्ट्र राज्य प्राथमिक शिक्षक समिती का साथ दें। चर्चा मीटिंग के बाद, सालेकसा और आमगांव पंचायत समिति के तहत विभागीय परीक्षा के ज़रिए शामिल हुए नए नियुक्त केंद्र प्रमुख को तालुका के हिसाब से बनी शाखाओं और खास लोगों ने डायरी और गुलदस्ते देकर सम्मानित किया।

अनिल मेश्राम पंचायत समिति आमगांव का जन्मदिन मनाया गया। सभी मेहमानों का शुक्रिया अदा करके प्रोग्राम खत्म किया गया आखिर में, सभी मेहमानों और टीचर्स को नाश्ता और चाय दी गई। इस मौके समिती के दूसरे पदाधिकारी एन. जी. कांबले, वी. एन. सांगले, पी. आर. ठाकरे, एस. पी. बैठवार, ए. एन. सरवड़े, आर. एस. बसोने, डी. बी. दहिलकर, एम. एन. निम्बार्क, एस.एन. गायधने, एस. डी. मडावी, एन.जी. घासले, एम. सी. मेले, संतोष जाधव, के. एम. कटरे, जयेश लिल्हारे, विनोद रंगारी, संतराम जाधव, गणेश लोहाड़े, संजय रहांगडाले, राठौड़, भालाधारी, चौधरी, बुधेवार, सोनटक्के, डी. के. बनोठे, अशोक पारधी और दूसरे शिक्षक मौजूद थे।

# दफ्तर मुक्त शनिवार के अंतर्गत जि. प. प्राथमिक विद्यालय सिंगाटोला में छात्र मंत्रिमंडल चुनाव 2026-27 हुए संपन्न..




जगप्रेरणा राकेश रोकडे सालेकसा।

***दिनांक 11 जुलाई 2026 को दफ्तर मुक्त शनिवार के अंतर्गत जिला परिषद प्राथमिक विद्यालय, सिंगाटोला में शालेय छात्र मंत्रिमंडल चुनाव 2026-27 का सफल आयोजन किया गया।***

चुनाव प्रक्रिया के अंतर्गत पिछले दो दिनों में नामांकन पत्र भरना, अंतिम उम्मीदवारों की सूची घोषित करना, उम्मीदवारों की प्रचार सभा, आदर्श मतदान केंद्र की स्थापना, मतदान अधिकारियों की नियुक्ति, मतदाताओं को ईवीएम मशीन के माध्यम से मतदान प्रक्रिया की जानकारी देना, मतदान प्रतिनिधियों की नियुक्ति, मोबाइल एवं टैब के माध्यम से गुप्त मतदान, मतगणना, परिणामों की घोषणा तथा निर्वाचित विद्यार्थियों को विभिन्न विभागों का दायित्व सौंपने जैसी सभी प्रक्रियाएँ उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुईं।

इस चुनाव में कुल 26 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव मैदान में विद्यालय नायक पद के लिए 2 तथा अन्य छात्र मंत्रिमंडल पदों के लिए 16, इस प्रकार कुल 18 विद्यार्थी उम्मीदवार के रूप में शामिल हुए।

मतदान के दौरान विद्यार्थियों के आई-कार्ड को मतदाता पहचान पत्र तथा विद्यार्थी उपस्थिति रजिस्टर को मतदाता सूची के रूप में उपयोग किया गया। मतदान करने वाले विद्यार्थियों की उंगली पर मार्कर स्याही का निशान भी लगाया गया।

चुनाव अधिकारी के रूप में श्रीमती दीपाली कठाणे (आंगनवाड़ी सेविका) एवं श्रीमती रोहिणी राहूरकर (आंगनवाड़ी सहायिका) ने अपनी जिम्मेदारी निभाई, जबकि श्री महेंद्रकुमार पटले (मुख्याध्यापक, जि. प. प्राथमिक विद्यालय सिंगाटोला) ने केंद्राध्यक्ष के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय की रसोइया किसनाताई वाढई ने पुलिस कर्मी की भूमिका निभाते हुए विद्यार्थियों को अनुशासित ढंग से कतार में खड़ा कर एक-एक करके मतदान केंद्र तक पहुँचाया।

पूरी चुनाव प्रक्रिया अत्यंत शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं आनंदमय वातावरण में संपन्न हुई। इस गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों में भारतीय लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों को समझने और वयस्क मतदान प्रणाली का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिला। सभी विद्यार्थियों ने इस पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया की सराहना करते हुए सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की। चुनाव परिणामों के अनुसार समृद्धी देवेंद्र भेंडारकर को विद्यालय नायक तथा डॉली रविंद्र हत्तीमारे को विद्यार्थिनी प्रतिनिधि चुना गया।

इसके अतिरिक्त मिहीर बहेकार को क्रीड़ा प्रमुख, पूर्वी चुटे को सांस्कृतिक प्रमुख, मिनाक्षी महारवाडे को प्रार्थना सभा (परिपाठ) प्रमुख, महेंक फुंडे को सहल प्रमुख, सृष्टी भेंडारकर को भोजन प्रमुख, तियान पटले को स्वास्थ्य प्रमुख, दिव्यांशी फुंडे को स्वच्छता प्रमुख तथा रिवांशू भांडारकर को इको क्लब प्रमुख के रूप में सर्वसम्मति से चुना गया। समृद्धी भेंडारकर को अध्ययन प्रमुख का अतिरिक्त दायित्व तथा डॉली हत्तीमारे को छात्र बचत बैंक प्रमुख का अतिरिक्त दायित्व सौंपा गया। चुनाव प्रक्रिया से संबंधित सभी दस्तावेज विद्यालय के अभिलेखों में सुरक्षित रखे गए हैं।

## बाहर गांव गये युवक के घर हुई चोरी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के तिरोडा पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 12/7/2026 के रात तिरोडा मे फर्यादी कलीम समीम अहमद उम्र 35 वर्ष निवासी तिरोडा अपने घर को ताला लगाकर नागपुर ताजुद्दीन बाबा दरगाह दर्शन करने के लिये गये थे। दुसरे दिन सुबह वापस आये तो घर का ताला टुटा हुवा था। फर्यादी ने अंदर जाकर देखा तो घर का सामान अस्त व्यस्त पडा था, और आलमारी खुली थी। आलमारी मे रखे 15 हजार नगदी और सोने चांदी के गहने कुल 29 हजार रुपये का माल अज्ञात चोर ने चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे तिरोडा मे अपराध क्रमांक 666/2026 धारा 305, 1, 331, 2, भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा मडावी पोस्टे तिरोडा कर रहे है।

## खेत से अज्ञात चोर ने उड़ाई मोटर मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के तिरोडा पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 12/7/2026 के रात ग्राम धादरी मे फर्यादी अरुण गुरुदास बरडे उम्र 31 वर्ष निवासी तिरोडा ने अपने खेत मे पानी देने के लिये मोटर लगाई थी। घटना की रात अज्ञात चोर ने ज्ञैठ कंपनी की मोटर किमत 8 हजार रुपये की चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे तिरोडा मे अपराध क्रमांक 667/2026 धारा 303,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा संजु बांते पोस्टे तिरोडा कर रहे है।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे मो. 9329033433

## गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

### ससुराल जा रहे जवाई की एक्सीडेंट मे मौत मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के ग्रामीण पुलिस थाना अंतर्गत ॲक्सीडेंट मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 12/ 7/ 2026 के शाम 7 बजे के दौरान अदाशी मे गंगाधर टोलीराम बावणकर उम्र 34 वर्ष निवासी बेरडीपार अपनी मोटरसायकल से ससुराल लांजी जा रहे थे। जाते समय अदाशी के पास अज्ञात वाहन ने मोटरसायकल को ठोस मारी गंगाधर सर के बल गिरने से उन्हे गंभीर चोट लगी जिसमे उनकी जगह पर मौत हो गई। डाक्टर के मेमो और फर्यादी की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ पोस्टे गोंदिया ग्रामीण मे अपराध क्रमांक 406/2026 धारा 281,106,1, भान्यास 2023 सहकलम 184,134, अ, ब, मोवाका के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा धुवारे 423 पोस्टे गोंदिया ग्रामीण कर रहे है।

### पुराने विवाद पर ईंट से की मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के आमगाव पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 12/ 7/ 2026 के 9 बजे के दरम्यान कुंभारटोली मे फर्यादी रक्षित विजय बोरकर उम्र 42 वर्ष निवासी कुंभारटोली और आरोपी सगे रिश्तेदार होकर घटना के समय पुराने विवाद पर आरोपी ने आकर गालीगलोच कर जान से मारने की धमकी दी, और आंगन से इट उठाकर सर पर मारकर जख्मी करने से दिये शिकायत पर पोस्टे आमगांव मे अपराध क्रमांक 482/2026 धारा 118, 1, 352, 351, 3, बि एन एस 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोना भजने पोस्टे आमगाव कर रहे है।

# अग्रवाल साइंस कॉलेज सालेकसा में जॉब फेयर का आयोजन..




जगप्रेरणा सालेकसा।

***प्रताप मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट गोंदिया द्वारा संचालित शंकरलाल अग्रवाल साइंस कॉलेज सालेकसा में 16 जुलाई 2026 को सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जॉब फेयर का आयोजन किया जा रहा है।***

यह मेला जिला कौशल विकास रोजगार उद्यमिता मार्गदर्शन केंद्र और मॉडल करियर सेंटर गोंदिया और कॉलेज द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा। वर्तमान में, कई छात्र स्नातक और स्नातकोत्तर शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, लेकिन उन्हें नौकरी या रोजगार नहीं मिल रहा है, जिसके अनुरूप यह जॉब फेयर आयोजित किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष श्री. विशालजी अग्रवाल, सचिव श्री. प्रफुलजी अग्रवाल ने इस जॉब फेयर की सफलता की कामना की।

हालांकि, सालेकसा और गोंदिया जिलों के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों के सभी 12वीं पास, स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों से इस जॉब फेयर में शामिल होने की अपील की गई है। यह कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एस. नारायण मूर्ति और सभी संकाय और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की ओर से किया जा रहा है।

# 15 से 30 जुलाई तक चलेगा 'विशेष खोज अभियान 2026', स्कूल से बाहर बच्चों की होगी पहचान..

जगप्रेरणा आमगांव।

***विद्यालय से बाहर बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से 15 जुलाई से 30 जुलाई 2026 तक 'विशेष खोज अभियान-2026' संचालित किया जाएगा। इस अभियान के तहत 6 से 18 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे बच्चों की पहचान की जाएगी***

जो किसी कारणवश विद्यालय में नामांकित नहीं हैं या बीच में पढ़ाई छोड़ चुके हैं। अभियान के दौरान शिक्षक, शिक्षा विभाग के अधिकारी तथा संबंधित स्थानीय समितियाँ घर-घर सर्वेक्षण कर बच्चों का विवरण एकत्रित करेंगी। सर्वेक्षण के आधार पर ऐसे बच्चों का विद्यालय में प्रवेश सुनिश्चित कर उन्हें पुनः शिक्षा से जोड़ा जाएगा। विशेष रूप से प्रवासी, वंचित, दिव्यांग तथा अन्य कारणों से विद्यालय से बाहर रह गए बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। शिक्षा विभाग ने सभी संबंधित अधिकारियों, शिक्षकों, ग्राम पंचायतों एवं अभिभावकों से अभियान में सक्रिय सहयोग करने की अपील की है, ताकि 'कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे' और सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अधिकार सुनिश्चित किया जा सके।

**व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..**

**बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।**

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल,
ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां,
ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें,
बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता



रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 9890696200

अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाऐं..
■ टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET) ■ इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI) ■ (IUI) आय.यु.आय. ■ अधिक उम्र में मातृत्व ■ ओव्हम डोनेशन द्वारा ■ बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
■ पुरुष बंधत्व निदान व उपचार ■ शुक्राणु बैंक सुविधा ■ सोनोग्राफी ■ हार्मोस की जांच ■ हार्मोस की गड़बड़ी की ईलाज ■ दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754

12 बुधवार 15 जुलाई 2026
जग प्रेरणा
live गोंदिया भंडारा
● आमगांव ● गोरेगांव ● सड़क अर्जुनी ● देवरी ● सालेकसा ● अर्जुनी मोरगांव ● तिरोड़ा ● लाखांदुर ● साकोली

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टैंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेंट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

# रेलटोली उड़ानपुल को पूर्ण करने गडर डालने का कार्य 3 दिन में शुरू करें..- विधायक विनोद अग्रवाल



## नागपूर में पीडब्ल्यूडी मुख्य अभियंता व अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर विधायक विनोद अग्रवाल ने दिये सख्त निर्देश.. कार्य में देरी पर जताई नाराजगी..

जगप्रेरणा गोंदिया।

*गोंदिया शहर के दो हिस्सों को जोड़ने वाले पूराने ओवरब्रिज की जगह निर्माणाधीन नए ओवरब्रिज के कार्य में हो रही देरी को लेकर आज विधायक विनोद अग्रवाल ने नागपुर के मुख्य अभियंता सार्वजनिक बांधकाम प्रादेशिक विभाग के साथ बैठक कर उड़ान पुल के कार्य में गति*

लाने के सख्त आदेश दिए। बैठक में विधायक विनोद अग्रवाल के साथ, मुख्य अभियंता श्री माने, उपमुख्य अभियंता मैडम, कार्यकारी अभियंता श्री रामटेके एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति रही। विधायक विनोद अग्रवाल ने निर्माणाधीन उड़ान पुल निर्माण में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त कर जमकर अधिकारियों के नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा, इस उड़ानपुल का कार्य अब तक पूर्ण हो जाना अपेक्षित था, परन्तु विभाग की ढिलाई के कारण इस कार्य में विलंब हो रहा है। उन्होंने कहा, कॉलम के लिये स्टील गडर आकर रखे हुए है फिर इसमें देरी क्यों? उन्होंने 2-3 दिन में गडर कार्य को शुरू करने के सख्त आदेश दिए। विधायक विनोद अग्रवाल ने अधिकारियों एवं ठेकेदारों को इस गडर कार्य को 31 अगस्त तक पूर्ण करने की डेडलाइन दी है। ये कार्य होने पर रेलवे के शेष भाग के कार्य को गति देने जल्द ही जीएम और डीआरएम के साथ बैठक कर कार्य को गति देने की जानकारी विधायक विनोद अग्रवाल ने दी।

# विधायक डॉ. परिणय फुके के प्रयासों से लाखनी में 34.61 करोड़ की पेयजल योजना को मिली मंजूरी..

## अमृत 2.0 अभियान के तहत 12 माह में होगा परियोजना का क्रियान्वयन, शहर की जलापूर्ति व्यवस्था होगी आधुनिक

जगप्रेरणा गोंदियाा/भंडारा।

*भंडारा जिले के लाखनी शहर के समग्र विकास के लिए लगातार प्रयासरत विधायक डॉ. परिणय फुके को एक और बड़ी सफलता मिली है। केंद्र सरकार की अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत लाखनी नगर पंचायत की 34.61 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी पेयजल आपूर्ति परियोजना को महाराष्ट्र शासन ने प्रशासनिक मंजूरी*

प्रदान कर दी है। इस संबंध में 14 जुलाई 2026 को शासन निर्णय जारी किया गया है। इस मंजूरी के बाद लाखनी शहर की जलापूर्ति व्यवस्था को नई दिशा मिलेगी और नागरिकों को नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने का मार्ग प्रशस्त होगा। लाखनी शहर की बढ़ती आबादी, भविष्य की जल आवश्यकताओं तथा प्रत्येक नागरिक तक स्वच्छ एवं नियमित पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से इस महत्वाकांक्षी परियोजना को स्वीकृति दी गई है। परियोजना की कुल लागत 34.61 करोड़ रुपये है, जिसमें केंद्र सरकार द्वारा 17.30 करोड़ रुपये, महाराष्ट्र शासन द्वारा 15.57 करोड़ रुपये तथा लाखनी नगर पंचायत द्वारा 1.73 करोड़ रुपये का अंशदान किया जाएगा। इस राशि से शहर की संपूर्ण जलापूर्ति व्यवस्था का आधुनिकीकरण किया जाएगा।



परियोजना के तहत नए इंटेक वेल, जैकवेल, कच्चे पानी की पाइपलाइन, 4 एमएलडी क्षमता का आधुनिक जल शोधन संयंत्र, नई पंपिंग व्यवस्था, शुद्ध पानी की पाइपलाइन, विभिन्न क्षमता के ऊंचे जलाशय (ईएसआर), पूरे शहर के लिए नई जल वितरण प्रणाली, एससीएडीए आधारित स्वचालित नियंत्रण प्रणाली, फ्लो मीटर, सड़कों की पुनर्बहाली तथा अन्य आवश्यक आधारभूत सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा। इसके बाद शहर के प्रत्येक क्षेत्र में पर्याप्त दबाव के साथ नियमित और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सकेगा।

परियोजना को 12 माह के भीतर पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके पूर्ण होने के बाद लाखनी शहर में वर्षों से चली आ रही जल संकट और अनियमित जलापूर्ति की समस्या का स्थायी समाधान होने की उम्मीद है। साथ ही भविष्य में बढ़ती आबादी को ध्यान में रखते हुए शहर को आधुनिक, सुदृढ़ और दीर्घकालिक पेयजल व्यवस्था प्राप्त होगी।

इस परियोजना को मंजूरी दिलाने के लिए विधायक डॉ. परिणय फुके ने महाराष्ट्र शासन, नगर विकास विभाग, महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण तथा संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष लगातार प्रभावी पैरवी की। उनके सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप लाखनी शहर के विकास से जुड़ी इस महत्वपूर्ण परियोजना को मंजूरी मिली, जिससे शहर की मूलभूत सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा।

परियोजना को स्वीकृति मिलने पर विधायक डॉ. परिणय फुके ने मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, नगर विकास विभाग तथा सभी संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस परियोजना को निर्धारित समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा कराने के लिए वे हर संभव सहयोग प्रदान करेंगे। साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में भी लाखनी शहर के विकास और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए उनका प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

# दि महिला को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड की महिला सदस्यो ने किया राज्यसभा सांसद राजेंद्र जैन का भव्य सम्मान..




## सहकार क्षेत्र के सशक्तीकरण और सर्वांगीण विकास के लिए सांसद जैन ने निरंतर प्रयास का दिया भरोसा..

जगप्रेरणा गोंदिया।

*दि महिला को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, गोंदिया की ओर से बैंक मुख्यालय में नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद राजेंद्र जैन का शॉल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सार्वजनिक*

रूप से भव्य सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बैंक के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सांसद राजेंद्र जैन का अभिनंदन करते हुए उनके सफल संसदीय कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर देवेंद्रनाथ चौबे, केतन तुरकर, बैंक की अध्यक्षा डॉ. माधुरी नासरे, उपाध्यक्षा प्रियाताई हरीणखेडे, संचालिका रेखा दवे, आशा पाटील, द्वारकाताई सावंत, ललिता यादव, नेहा तुरकर, संगीता तिवारी, रूपा मिश्रा, माधवी साखरे, लता अवस्थी, बैंक की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) भाग्यश्री गाडे, प्रबंधक कुंदा निनावे तथा बैंक के सभी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

सम्मान समारोह में उपस्थित पदाधिकारियों ने राज्यसभा सांसद राजेंद्र जैन को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके संसदीय अनुभव और नेतृत्व से क्षेत्र के विकास के साथ-साथ सहकार आंदोलन को भी नई दिशा मिलेगी। अपने सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए राज्यसभा सांसद राजेंद्र जैन ने दि महिला को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि सहकार क्षेत्र को और अधिक मजबूत बनाने, वित्तीय संस्थाओं के विकास तथा समाज के सर्वांगीण उत्थान के लिए वे निरंतर प्रयासरत रहेंगे। साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया कि जनहित और विकास से जुड़े मुद्दों को संसद में प्रभावी ढंग से उठाने का कार्य भी पूरी प्रतिबद्धता के साथ जारी रहेगा।

# भीमनगर-चंद्रपुर रेलमार्ग पर अंडरपास की बजाए आरओबी की मांग पर विधायक विनोद अग्रवाल ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर दिये 2 दिनों में सर्वे रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश..

## नागरिकों को स्थायी समाधान का दिया भरोसा






जगप्रेरणा गोंदिया।

*नागपुर-रायपुर रेलमार्ग और गोंदिया-चंद्रपुर रेलमार्ग के बीच बसे आंबेडकर वार्ड, सिंगलटोली, भीमनगर, कुंभारे नगर एवं चंद्रशेखर वार्ड के नागरिक लंबे समय से भीमनगर रेलवे क्रॉसिंग को बंद कर वहां रेलवे द्वारा प्रस्तावित भूमिगत अंडरपास के निर्माण*

का विरोध कर रहे हैं। स्थानीय नागरिकों की मांग है कि अंडरपास के स्थान पर रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) का निर्माण कराया जाए। इसी मांग को लेकर नागरिकों ने मोर्चा निकालकर जिला कलेक्टर एवं उपविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है तथा घटनास्थल पर अनिश्चितकालीन धरना-उपोषण भी जारी है।

इसी क्रम में सोमवार को गोंदिया के विधायक विनोद अग्रवाल ने जिला प्रशासन एवं रेलवे अधिकारियों के संयुक्त दल के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और आंदोलनकारियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं को विस्तार से सुना। निरीक्षण के दौरान विधायक विनोद अग्रवाल के साथ नगराध्यक्ष सचिन शेंडे, नगर सेवक सुनील भालेराव, आंदोलन का नेतृत्व कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता अमित भालेराव, नगरसेवक पंकज यादव, सुनील भरणे, स्नेहा गडपायले, उप विभागीय अधिकारी चंद्रभान खंडाईत, तहसीलदार पठाण, नगर परिषद के मुख्याधिकारी बोरकर, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता, रेलवे के वरिष्ठ मंडल अभियंता मल्लिकार्जुनराव सहित जिला प्रशासन एवं रेलवे विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### नागरिको की यह है शिकायत और मांग..

इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों, नगरसेवकों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने विधायक को बताया कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे प्रशासन आमजन की सुविधाओं की अनदेखी करते हुए मनमाने ढंग से अंडरपास निर्माण का कार्य कर रहा है। उनका कहना था कि इससे क्षेत्र के हजारों नागरिकों के साथ अन्याय हो रहा है। संबंधित क्षेत्र नागपुर-रायपुर एवं गोंदिया-चंद्रपुर दो महत्वपूर्ण रेलमार्गों के बीच स्थित है, जहां घनी आबादी के साथ-साथ स्कूल, महाविद्यालय और अनेक लघु उद्योग संचालित हैं। नागरिकों ने बताया कि इससे पहले नागपुर-रायपुर रेलमार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग बंद कर कम ऊंचाई वाला अंडरपास बनाया गया था, जिसके कारण बड़े वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद हो गई। वर्तमान में स्कूल बसें, एंबुलेंस, मकान निर्माण सामग्री से भरे ट्रक, जेसीबी मशीनें, बोरवेल मशीनें तथा बिजली विभाग के भारी वाहन केवल भीमनगर रेलवे क्रॉसिंग के माध्यम से ही आवागमन कर पा रहे हैं। यदि अब गोंदिया-चंद्रपुर रेलमार्ग पर भी अंडरपास बनाया गया तो हजारों नागरिकों का संपर्क प्रभावित होगा और उन्हें मूलभूत सुविधाओं एवं आवागमन में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। इसलिए अंडरपास के स्थान पर रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण ही एकमात्र स्थायी समाधान बताया गया।

विधायक विनोद अग्रवाल ने मौके पर प्रस्तावित अंडरपास स्थल का निरीक्षण करने के साथ ही रेलवे ओवरब्रिज निर्माण के लिए उपलब्ध विभिन्न विकल्पों एवं स्थान का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों एवं तकनीकी विशेषज्ञों से संभावित निर्माण योजना पर चर्चा की और तकनीकी दृष्टि से आरओबी निर्माण की संभावनाओं का परीक्षण करने के निर्देश दिए। विधायक ने जिला प्रशासन और रेलवे विभाग के संयुक्त अधिकारियों एवं अभियंताओं की टीम को निर्देशित किया कि वे स्थल का विस्तृत सर्वेक्षण कर दो दिनों के भीतर सर्वे रिपोर्ट प्रस्तुत करें, ताकि आगे की कार्रवाई शीघ्र शुरू की जा सके। निरीक्षण के दौरान विधायक विनोद अग्रवाल ने आंदोलनरत नागरिकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी मांग को गंभीरता से लिया जाएगा। सर्वे रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद शीघ्र ही उच्चस्तरीय बैठक आयोजित कर इस महत्वपूर्ण जनसमस्या का स्थायी एवं संतोषजनक समाधान निकालने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# न.प. स्थायी समिति बैठक में बिना सूचना के विषयों को रखा गया इसलिये नही बन पाई सहमति - अनुज जायसवाल, निर्मला मिश्रा




## राष्ट्रवादी कांग्रेस के पार्षद व स्थायी समिती ने नगर परिषद अध्यक्ष सचिन शेंडे के बयान पर किया खुलासा..

## कहा महापुरुषों की प्रतिमा के सौदर्यीकरण और अन्य किसी भी विषय का का विरोध नही, बिना चर्चा प्रस्ताव लाने पर विरोध..

जगप्रेरणा गोंदिया।

*गोंदिया नगर परिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 13 जुलाई को नगर परिषद में संपन्न हुई थी, जिसमें 11 विषयों में से 03 विषयों के पारित नहीं होने पर नगर परिषद अध्यक्ष सचिन शेंडे ने उचित विषयों को*

पार्षदों एवं सभापति सदस्यों का सहयोग नहीं मिलने पर दुख व्यक्त किया था, और सभी को साथ मिलकर नगर परिषद के विकास और शहर को स्वच्छ सुंदर बनाने में सहयोग की अपील की थी, जिस पर आज 14 जुलाई को नगर परिषद के सभापति अनुज जायसवाल एवं सभापति निर्मला मिश्रा ने समर्थन नहीं देने का कारण बताया, और भविष्य में इन विषयों को सहमति प्रदान करने की बात कही है। दैनिक जगप्रेरणा को दिये बयान में नगर परिषद सभापति अनुज जायसवाल एवं श्रीमती निर्मला मिश्रा ने कहा कि स्थायी समीती की सभा में कुल 11 विषय रखे गये थे, उसमे से नगर अध्यक्ष ने कहा की तीन विषय पर सहमती नहीं बनी, हां यह सही है, लेकिन हमने विरोध इसलिये किया की इन विषयों पर हमारी कोई बात नही हुई। अनुज जायसवाल ने कहा कि महापुरुषों की प्रतिमाओं के संदर्भ का विषय जरुर नगर परिषद अध्यक्ष ने रखा, लेकिन यह नहीं बताया कि वे इन प्रतिमाओं के संदर्भ में किन किन कार्यों को शामिल करना चाहते हैं। क्या प्रतिमा स्थल का सौंदर्यीकरण किया जायेगा, उसमे क्या क्या रहेगा। फाऊटेन बनाया जायेगा, महापुरुषो की जिवनी का बोर्ड लगाया जायेगा, या फिर क्या किया जायेगा, इसको लेकर सदस्यों को कोई जानकारी नहीं दी गई, और उस विषय पर संपूर्ण कार्ययोजना की कोई चर्चा भी नही हुई और प्रस्ताव आ गया। अनुज जायसवाल एवं निर्मला मिश्रा ने कहा कि इस संदर्भ में हमारा कहना है की जो भी विषय लाए जाएं, उन पर विस्तार से चर्चा हो। हम विरोधी नही है हमें भी लोगो ने चुनकर भेजा है और गोंदिया का विकास हो, स्वच्छ सुंदर हो, इसके लिये सभी मिलकर कार्य करें, हमारी भी यही ईच्छा है, लेकिन बिना चर्चा के प्रस्ताव लाना अनुचित था, इसलिये ऐसा किया गया। श्री जायसवाल एवं श्रीमती मिश्रा ने कहा कि मोक्षधाम में आज सर्व समाज मोक्षधाम समिति अच्छा काम कर रही है, वहां किसी को बिठाना लकड़ी के लिये उचित नहीं प्रतित हुआ, हमारा मानना है कि इस विषय पर भी समीक्षा की जानी चाहिये, उसके बाद कोई फैसला लिया जाना चाहिये। तीसरे विषय पर अनुज जायसवाल ने कहा कि पुराने रेल ओवरब्रीज के नामकरण को लेकर हमारी कोई आपत्ती आगे भी नहीं होगी, लेकिन इस संदर्भ में भी चर्चा की जाती, तो निश्चित ही सहमति बन पाती। अनुज जायसवाल ने कहा कि पहले प्रस्ताव लाना चाहिये, कई बार ऐसा होता है की अपने ठेकेदार से काम कराकर बाद में प्रस्ताव लाया जाता है, ये भी पूरी तरह गलत है।

TYRE WORLD
(अपोलो टायर्स के अधिकृत विक्रेता)
★ टायर ★ अलाईनमेन्ट
★ बैलेंसिंग ★ नाइट्रोजन
हिंदुस्थान ऑटोमोबाईल के पास, रामनगर, गोंदिया
79991 54494, 98233 95921

नया सोचो आयुर्वेद सोचो...
सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा
मुळव्याध (बवासीर), फिशर भगंदर व अन्य गुदारोग चिकित्सा व आयुर्वेद पंचकर्म केन्द्र
● कमर का दर्द ● घुटनों का दर्द
● पिठ का दर्द ● गर्दन व कंधों का दर्द
● आमवात, गठीया वात एवं सायटिका
• अत्याधुनिक सुविधा युक्त पंचकर्म चिकित्सा कक्ष
• शास्त्रशुध्द एवं गुणवत्तायुक्त स्वनिर्मीत औषधियों का प्रयोग
• रोगी एवं व्याधी अनुरुप पंचकर्म सुविधा
डॉ. अपर्णा खोब्रागडे
B.A.M.S., M.D. (Nashik)
आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सक
7620340356
साकेत पब्लिक स्कुल रोड़, गणेश नगर, गोंदिया 07182-796738

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com